It will be mere wastage of time to wait and fill the gap until night. He became impatient. Why not right now? His spectacles are bifocal. He can read. He should read.

He wiped his tears and started reading the long poem of Anima Das.

Babu Jaswant Singh, son of Thakur Samrendra Bahadur Singh, V.P.O. Sagvar, Distt. Unnav, Uttar Pradesh.

Babu Jaswant Singh

S/o Samrendra Bahadur Singh

VPO Sagvar

Distt. Unnav

Uttar Pradesh

is changing his will. He wants to change the centuries' old family tradition. He wants to rewrite it in new words. He does not understand that why people do not take risk of changing their will. Why don't they understand that without changing the will, it is not possible for them to lead their life.

Anyway, Babu Jaswant does not want to lead his life in pain.

He had just decided that before reaching *glaxo apartments*, he was going to take three-wheeler to *Nirman Vihar market*. He was going to book his ticket through Goyal travel agent of day after tomorrow in Shatabdi for Kanpur. Then he would make call from STD booth to (Netaji) Raam Khilavan Yadav and talk to Sunguniya. It was about 1 pm . Sunguniya must have been doing her household work right now.

Babu Jaswant Singh wanted to tell Sunguniya – whatever she wanted to address him as, he was ready for it. She would decide not him. He also knew that it was only Sunguniya who could give name to this relationship. In true words, he had been living this anonymous relationship between him and her till now in his heart only. He would have continued the same if he didn't have this long poem of Anima Das.

Babu Jaswant Singh would tell Sunguniya – today she had to listen to him only. Only him. He wanted to tell something, which perhaps he would never be able to do in future. He wanted to live the rest of his life with his Giligadu, Katyayani and Kumudini. He wanted to have the view of the banyan tree of Kanpur every day. He could not forget the chirpings of sparrows in the dawn and made other birds wake up in the

morning. Then the flock of birds would start singing their chorus in one rhythm – the chorus of twirking – his soul got rejuvenated.

Babu Jaswant Singh wanted to tell the same to Sunguniya. After reaching Kanpur, he would call his known advocate Munna Singh Kushwaha. He was going to make his new will and get it registered that Kanpur property was not his ancestral property. He had earned it on his own. After his death, Sunguniya would be the owner of the house. He also wanted to take a new locker on her behalf. So, that she would not have to face any controversies in future. Even if she would have to face any, he knew that Sunguniya was capable enough to face any challenge.

He knew Narendra's nature. This unexpected behaviour would definitely jostle Narendra. He was going to hate him. He might take a decision that he was not going to shave his head, rather he would not attend his cremation ceremony. He does not want to drag her into any family controversies.

He was going to tell Sunguniya and endorse it in his will that her sons Raamratan and Abhishek Parse would perform all his cremation ceremonies.

Yes, Sunguniya should prepare lunch for him. He was going to take only breakfast in Shatabdi. What he liked she knew.

He wanted to tell many other things to Sunguniya. But he restrained himself thinking that the exchange of conversation would continue in normal course. It was not right to be impatient. Nothing more than this on telephone – that is all.

दूसरा–अध्याय

हिन्दी से अंग्रेजी अनुवाद में आने वाली पाठाधारित समस्याएँ

साहित्यिक एवं अन्य ग्रन्थों के अनुवाद ने समाज में एकता को सुदृढ़ आधार दिया है।[1] हिन्दी भारत के एक विशाल भूभाग की भाषा है, जिसको संविधान में राजभाषा के रूप में मान्यता दी गई है। हिन्दी में अनुवाद कर्म की दीर्घ परम्परा है। बड़े-बड़े अनुवादकों ने विभिन्न भाषाओं से महत्त्वपूर्ण कृतियों का अनुवाद कर हिन्दी की धरोहर को पुष्ट किया है। भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, महावीर प्रसाद द्विवेदी, श्रीधर पाठक, रामचन्द्र शुक्ल, प्रेमचन्द्र, जैनेन्द्र कुमार, राजेन्द्र यादव, भीष्म साहनी, राजकमल चौधरी, विष्णु खरे आदि के महत्त्वपूर्ण अवदान को इस दिशा में प्रमुखता से रेखांकित किया जाता है। उक्त अनुवादकों ने अन्य भारतीय एवं राष्ट्रीय भाषाओं से हिन्दी में अनुवाद करते अनुवाद कर्म के अनेक मार्ग प्रशस्त किए हैं। इनके द्वारा अनूदित कृतियों से उस दौर की समाज व्यवस्था को तो विशिष्ट लाभ हुआ ही, अज तक के पाठक भी लाभान्वित हो रहे हैं। लेकिन

---

[1] *भारतीय भाषाएँ और हिन्दी अनुवाद*, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, द्वितीय संस्करण, 1996

जब हिन्दी भाषा की कृतियों का अनुवाद किसी अन्य देश की भाषाओं में किया जाता है, तब अनुवाद की प्रक्रिया चुनौतीपूर्ण बन जाती है।

उसमें शब्द, वाक्य, पदबंधा के साथ-साथ संस्कृतियों के अनुवाद की भी चुनौती सामने आती है। अनुवाद प्रक्रिया में आने वाली समस्याएँ मूलत: दो प्रकार की होती हैं - अन्तर्निष्ठ और बहिर्निष्ठ। भाषिक संरचना, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक पृष्ठभूमि आदि के कारण आने वाली समस्याओं को अन्तर्निष्ठ माना जा सकता है। ये समस्याएँ अनुवाद कार्य के सैद्धान्तिक एवं व्यावसायिक पक्षों से जुड़ी होती हैं। बहिर्निष्ठ समस्याएँ वे हैं, जो प्रत्यक्षत: अनुवाद कार्य के अन्तर्गत नहीं आतीं, परन्तु बाहर से उस कार्य को प्रभावित करती हैं। राजनीतिक, आर्थिक तथा मनोवैज्ञानिक कारणों से उपजने वाली समस्याओं को इस कोटि में रखा जाता है।

दरअसल अनुवादक मूल भाषा के पाठ का अनुवाद करते हुए उसमें निहित संस्कृति, मूल्य मान्यता आदि का भी अनुवाद करता है। अनुवाद की बहुत-सी परिभाषाएँ भाषाविदों ने भी दी हैं। महान् अनुवाद चिन्तक J. C. Catford ने अनुवाद का आधार समतुल्यता का सिद्धान्त माना है। वहीं रोमन जैकब्सन ने इसे आलोचनात्मक प्रक्रिया कहा। भाव, भाषा का पूरक होता है। भाषा की लय, उसका प्रवाह, उसके मुहावरे, चरित्रों की स्थानिकता से यह निहित है कि मूल भाषा से अनुवाद करना सरल कार्य नहीं है। भाषा, संस्कृति की देन है। एक संस्कृति को उन्हीं मूल्यों के साथ दूसरी भाषा में ढालना सृजनात्मक प्रक्रिया है।

प्रस्तुत शोध के दौरान *'गिलिगडु'* उपन्यास का अंग्रेजी अनुवाद एवं उसका संश्लेषण किया गया है। यह उपन्यास मराठी, उर्दू आदि भाषाओं में पहले ही अनूदित हो चुका है। विदित है कि अंग्रेजी एक संश्लिष्ट (Synthetical) भाषा है तथा हिन्दी विश्लिष्ट (Analytical) भाषा है। स्पष्टतः कई कठिनाइयाँ सामने होने के बावजूद संरचना के स्तर पर यह अनुवादयात्रा काफी रुचिकर रही।

'*गिलिगडु*' उपन्यास दो बुजुर्ग परिवार से जुड़ी समस्याओं, पीढ़ियों के टकराव और बिखराव की विलक्षण कहानी है। इस उपन्यास में कई मोड़ आते हैं, जिनका रोचक वर्णन करती मोहक भाषा में किया गया है कि यह कृति पाठकों के लिए अत्यन्त रुचिकर बन जाती है। लेकिन यही रोचकता अपनी सांस्कृतिक विभिन्नता तथा विषमताओं को दूसरी भाषा में उतारने में कई प्रकार की समस्याएँ पैदा करती है।

'*गिलिगडु*' उपन्यास के नायक बाबु जसवंत सिंह का चरित्र अत्यन्त विश्लेषणात्मक है। वे निरन्तर अपने वर्तमान और भूतकाल दोनों में जी रहे हैं। कहानी भी दोनों काल में पल्लवित होती रहती है। वर्तमान एवं अतीत में कथा प्रसंगों की ताबड़तोड़ आवाजाही के कारण बोध और विश्लेषण के स्तर पर कई उलझनें उत्पन्न होती रहती है। 'वर्तमान एवं अतीत' के बीच समन्वय बिठाने की कठिनाई कदम-कदम पर सामने आई। उल्लेखनीय है कि अंग्रेजी भाषा और हिन्दी भाषा का ढाँचा एक दूसरे से बिल्कुल अलग है। हिन्दी भाषा में विभिन्न अर्थ को व्यक्त करने के लिए एक साथ कई काल का प्रयोग सम्भव है, अंग्रेजी भाषा में ऐसा नहीं कर सकते। हिन्दी भाषा में कोई Definit Article नहीं होता। हिन्दी भाषा में एक ही वाक्य में दो बार भविष्यत काल उपयोग कर सकते हैं, परन्तु

अंग्रेजी भाषा में करने पर वाक्य गलत हो जाता। अनुवाद करते हुए सबसे पहले यही समस्या सामने आती है कि कथा-विस्तार का किस काल में अनुवाद किया जाए।

'*गिलिगडु*' उपन्यास सात अध्यायों में विभक्त है। प्रारंभिक छः अध्यायों के नाम 'पहली गैरमौजूदगी' से 'छठी गैरमौजूदगी' तक है। परन्तु इसका अन्तिम अध्याय 'छठी गैरमौजूदगी' के बाद सीधे 'तेरहवी गैरमौजूदगी' पर समाप्त होता है। यह कहानी तेरह दिनों की है। मनुष्य की मृत्यु होने पर 'तेरहवीं' का महत्त्व हिन्दू धर्म में व्याख्येय है। अंग्रेज़ी अनुवाद करने पर Sixth Absence से सीधे Thirteenth Absence में जाना पाठकों को तर्कहीन लगेगा। इसका अर्थ स्पष्ट करने के लिए Foot Note की आवश्यकता पड़ी।

यह समस्या काल के साथ-साथ प्रसंग की भी थी। कौन सी बात किस प्रसंग में कही जा रही है, उसी भाव को अंग्रेज़ी भाषा में ढालने की समस्याएँ बार-बार सामने आईं। स्रोत पाठ को लक्ष्य भाषा में अनूदित करने की प्रक्रिया पर बड़े-बड़े विद्वानों ने अपनी राय दी है। कृष्ण कुमार गोस्वामी अपनी पुस्तक '***अनुवाद विज्ञान की भूमिका***' में लिखते हैं - ''इस पुनर्रचना में अनुवादक की यह भूमिका लेखक के रूप में होती है। ... वास्तव में अनुवाद प्रक्रिया के भीतर अनुवादक को तीन प्रकार्यों के कारण तीन भूमिकाएँ निभानी पड़ती हैं। विश्लेषण के स्तर पर अर्थ ग्रहण के प्रकार्य के लिए पाठक की भूमिका, अन्तरण के स्तर

पर अर्थान्तरण के प्रकार्य के लिए द्विभाषिक की भूमिका और पुनर्रचना के स्तर पर अर्थसंप्रेषण के प्रकार्य के लिए लेखक की भूमिका निभानी पड़ती है।''[1]

आलोच्य उपन्यास के उपशीर्षकों का अनुवाद करना भी चुनौतीपूर्ण था। उपन्यास के सभी उप-अध्यायों का नाम या तो लेखिका ने पुराने गानों पर रखा है। 'यह क्या जगह है दोस्तो', 'गठरी में लागा चोर' जैसे गानों की पंक्तियों के अलावा देशी और अंग्रेजी शब्दों पर उपशीर्षक दिए गए हैं। 'फ्लू' या 'सिंटेक्स टंकी' जैसे उपशीर्षकों के अनुवाद में कोई कठिनाई नहीं आई। परन्तु हिन्दी गानों का अनुवाद अंग्रेज़ी के प्रचलित मुहावरों द्वारा किया गया है। यह कहाँ तक उपयुक्त है, यह तो विशेषज्ञ ही बता सकते हैं।

अनुवाद प्रक्रिया में किसी भी मूल रचना का अनुवाद करते हुए शाब्दिक अर्थ के साथ-साथ स्रोत पाठ के संरचनात्मक ढाँचे की रक्षा अनिवार्य है। इसे शाब्दिक अनुवाद (Literal Translation) कहा जाता है। विदित है कि शाब्दिक अनुवाद में कई बार पाठ का भाव पूरी तरह स्पष्ट नहीं होता। शाब्दिक अनुवाद में कई बार निष्प्राण होने का भय बना रहता है।

J C Catford अनुवाद की परिभाषा देते हुए लिखते हैं – Translation as a Uni-directional process which involves the replacement of textual material in another language (TL)[2]

'स्रोत भाषा की सामग्री का लक्ष्य भाषा में समतुल्य पाठ्य सामग्री द्वारा प्रतिस्थापन अनुवाद है।'

---

[1] *अनुवाद विज्ञान की भूमिका*, पृ. 53, कृष्ण कुमार गोस्वामी, राजकमल प्रकाशन प्रथम संस्करण, 2008

[2] *A Linguistic theory of Translation*, P. 20, VP, London, 1965

समतुल्यता कई स्तरों पर सम्भव है। ध्वनि के स्तर पर हो, शाब्दिक स्तर पर हो, पद के स्तर पर हो, वाक्य के स्तर पर हो या फिर प्रकार्य के स्तर पर हो ... हर जगह समतुल्यता का विशेष महत्त्व है।

'*गिलिगडु*' के अनुवाद में इन सभी स्तरों का प्रयोग किया गया है। संज्ञावाचक शब्दों का लिप्यन्तरण ठीक वैसा ही रखा गया है जैसे कि स्रोत भाषा में है। अनुवाद करते हुए सम्बन्धों का अनुवाद नहीं किया गया है। माता-पिता को Mother Father नहीं किया गया है। न ही मामा चाचा को Uncle। किया गया। भारत में हर सम्बन्ध अपनी गरिमा लेकर आता है। अंग्रेजी अनुवाद करते हुए रिश्ते की उष्मा बोझिल-सी प्रतीत हुई। इसलिए रिश्ते और नामों का अनुवाद नहीं किया गया।

शाब्दिक अनुवाद करते समय यह विशेष ध्यान रखा गया है कि पद का पर्याय लक्ष्य भाषा के अनुकूल हो। उपन्यास में जगह-जगह नेता जी, बाबू जसवंत सिंह, कर्नल स्वामी जैसे चरित्र की उपस्थिति है। ये केवल किसी ऑफिस या राजनीतिक पहचान नहीं दर्शाते, बल्कि उनके चरित्र को भी दर्शाते हैं। नेताजी का नाम राम खिलावन यादव है और उनमें आजकल के नेताओं के सारे गुण विद्यमान हैं। वे अच्छी तरह जानते हैं कि किस प्रकार गरीब और पिछड़े वर्ग को शब्द जाल से अपनी पार्टी में शामिल किया जा सकता है। इसलिए उपन्यास में, बाद में नेताजी का पूरा नाम न लिखकर केवल 'नेताजी' ही लिखा गया है। 'कर्नल स्वामी' नाम में उनका पद और उनका रुतबा दोनों झलकते हैं।

बाबू जसवंत सिंह एक रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी हैं। उनकी मानसिक पीड़ा एवं लाचारी उपन्यास में बहुत ही मार्मिक रूप से उजागर की गई है। वे इतने असहाय हैं कि 'फ्लू' उप-अध्याय में आत्महत्या करने वाले लोगों के पक्षधर की तरह विचार करते हैं। उनका मानसिक उद्वेलन उनके वक्तव्य में झलकता है। वे कहते हैं कि मौत को चुनना उनके वश में नहीं होगा कुछ साहसियों के वश में। चुन लेते हैं कुआँ, बावड़ी, सल्फास की गोलियाँ, पंखे का डंडा ... (पृ. 124)। इस मानसिक पीड़ा का अनुवाद अगर उसी भावना को व्यक्त करता न हो तो यह रचना के साथ अन्याय होगा। इसलिए अनुवाद करते हुए विशेष ध्यान दिया गया है कि शब्दानुवाद के साथ भावानुवाद का संतुलन बना रहे।

कर्नल स्वामी जो पारम्परिक खाना जैसे इडली, साम्भर या नरेन्द्र की अम्मा जो खाना बनाया करती थी, उसको भी जैसे का तैसा मूल रचना से लक्ष्य भाषा में लाया गया है। अनुवाद करते समय और भी कई कठिनाइयाँ आई।

जैसा कि चित्रा जी कहती है कि वह अवध की है और उनकी जड़ें अवधी से जुड़ी है। उनकी शब्दावली भी देशज शब्दों से भरी हुई है। गाय का अग्रासन, खड़ाऊँ की खट-खट, कुंकुआना, कनपटियों में खून बटूरनु कोरी सलेट आदि शब्दावली का अनुवाद काफ़ी कठिन रहा। अनुवाद करते समय जगह और भारतीय ब्रैंड आदि का अनुवाद भी नहीं किया गया। ये शब्द संज्ञावाचक हैं, इसलिए इनका अनुवाद करना उचित प्रतीत नहीं हुआ।

उप–अध्याय 'जूते' में जब कर्नल स्वामी बाबू जसवंत सिंह को अपनी पोतियों '*गिलिगडु*' का वर्णन कर रहे होते हैं तो उनके गाए हुए गाने भी सुनाते हैं।

हाथी राजा बहुत बड़े
सूंड उठाकर कहाँ चले
मेरे घर में आओ न
हलुवा पूड़ी खाओ न।

इसका अनुवाद इस प्रकार किया गया है–

An elephant is terribly big
has a big trunk
walking-tik-tok-tik
you are most welcome in our shed
have some pudding & have
some bread.

यह अुनवाद कहाँ तक उपयुक्त है यह तो अनुभवी ही बता सकते हैं परन्तु ऐसी पार्वतियों का अनुवाद बहुत रोचक रहा।

'*गिलिगडु*' आदि से अंत तक एक प्रतीकात्मक उपन्यास भी है। वस्तुत: यह एक मलयालम शब्द 'किलकिल' है, जिसे हिन्दी में गिलिगडु किया गया है। इसका वास्तविक अर्थ है चिड़िया। इस उपन्यास के द्वारा चित्रा जी ने एक फैंटसी का निर्माण किया है, जिसमें एक संयुक्त परिवार चित्रित है। अंत में वह 'यूटोपिया' चिड़िया के घोंसले की तरह तिनका तिनका बिखर जाता है।

के. वनजा अपनी पुस्तक '*चित्रा मुद्गल एक मूल्यांकन*' में लिखती है – 'यह भूमण्डलीकरण' आसुरी संस्कृति का प्रवेश है। इस भूमण्डलीकृत दुनिया में उपभोग संस्कृति ने अतिशय रूपधारण किया है।[1]

'*गिलिगडु*' उपन्यास आज के मशीनी युग और मशीनी मानव पर कटाक्ष करता है। इस कटाक्ष, द्वन्द्व और रोष का अनुवाद दूसरी भाषा में करना कठिन अपितु रुचिकर अनुभव था।

यह व्यंग्य एवं कटाक्ष कभी बाबू जसवंत सिंह की असहाय परिस्थिति से झलकता है तो कभी उनके बच्चों के ऊपरी प्यार के दिखावे से सामने आता है। लेखिका ने उप-अध्यायों के शीर्षक भी व्यंग्यात्मक ही दिए हैं। बाबू जसवंत सिंह अपनी पुत्री शालिनी से बात करते हुए कहते हैं कि इस घर में दो कुत्ते हैं। टामी की स्थिति उनसे बेहतर है क्योंकि उसकी घर में कोई उपयोगिता है। बाबू जसवंत सिंह के पुत्र नरेन्द्र उनकी बहू ऊपरी चिंता और प्यार का तो दिखावा करते हैं। लेकिन खाने से लेकर, अवहेलना, अपमान और यहाँ तक उन्हें वृद्धाश्रम भेजने का भी निर्णय कर चुके थे। परन्तु तानाकशी रोष या असहाय होने की पीड़ा किसी एक संस्कृति का हिस्सा नहीं है। यह सभी संस्कृतियों में मौजूद है। इसका अनुवाद अंग्रेजी में करते हुए इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि चाहे शब्दों के विकल्पों से समझौता करना पड़े परन्तु भावों को ज्यों का त्यों उतारा जाए। वह पीड़ा और विवशता पाठक के मन को वैसे ही छुए जैसे की मूल कृति ने हुआ है।

---

[1] के. वनजा, *चित्रा मुद्गल : एक मूल्यांकन*, प्रथम संस्करण, 2011, सामयिक बुक्स

कर्नल स्वामी की फैंटसी की दुनिया अंग्रेजी अनुवाद करते समय वैसे ही सृजन करने का प्रयास किया गया है जैसा कि मूल कृति में है।

हमें याद रखना चाहिए कि अनुवाद दो भाषाओं का ही नहीं बल्कि दो संस्कृतियों का भी होता है। भारतीय संस्कृति में ऐसे कई रीति-रिवाज है जो पाश्चात्य सभ्यता में नहीं है। उपन्यास में नरेन्द्र की अम्मा का वर्णन ठेठ देहात की स्त्री के रूप में किया गया है। वही बाबू जसवंत सिंह एक पारम्परिक अनुशासित, विनयशील साधारण से व्यक्ति है। बाद में उपन्यास में अनेक प्रेम सम्बन्धों की भी पता चलता है। जब वह बीमार होते हैं तो बेहोशी में अपनी प्रेमिका शिवानी को देखते हैं। पत्नी के गुजरने के बाद जब बाबू जसवंत सिंह कानपुर से दिल्ली आते हैं तो बच्चों को अवहेलना सहते हैं। जब वह कर्नल स्वामी से मिलते हैं तो उनसे इतना लगाव हो जाता है कि उनके बिना वह अधूरे महसूस करते हैं। उनका चरित्र बार-बार गुजरे हुए वक्त और वर्तमान में डोलता रहता है। सुनगुनिया से उनका रिश्ता भी लेखिका ने बहुत ही नाजुक एवं खूबसूरत-सा दिखाया है। उनके वार्तालाप में ऐसा कुछ भी नहीं है परन्तु वह मन ही मन चाहते हैं कि सुनगुनिया उन्हें बाबू जी बुलाए।

लम्बी कविता -

''सुनगुनिया से वह अपने मन की एक बात कहना चाहते हैं। वह उन्हें मालिक कहकर न पुकारा करे। क्या कहे? बाबूजी कहे। कभी-कभार उसके मुँह से बाबूजी निकल जाता है तो उन्हें बहुत भला लगता है।'' (पृ. 83)

इन पंक्तियों में शब्दों से ज्यादा भावनाओं का संवाद हो रहा है।

संवादों के साथ-साथ चरित्रों का अनुवाद करने के लिए उसकी मानसिकता समझनी जरूरी है। साथ ही चरित्र का रहन-सहन विश्वास और संस्कृति से जुड़ना आवश्यक है। बाबू जसवंत सिंह कानपुर के हैं तो उनकी भाषा में कानपुरिया ठेठपन है। वहीं कर्नल स्वामी संवाद कई जगह अंग्रेजी की शब्दावली प्रयोग में लाते हैं। उनका चरित्र ऊपरी तौर पर बहुत खुश एवं जीवन से सन्तुष्ट दिखाया है। वह हर वक्त अपने बच्चों की बात करते हैं। वह बाबू जसवंत सिंह को सुनाते हैं कि किस प्रकार उनके बच्चे आज्ञाकारी है और उनकी कोई बात नहीं टालते। 'गिलिगडु' कर्नल स्वामी की पोतियों उनके साथ हर वक्त खेलती है, जिद करती है और बहुत प्यार करती है।

इन सबके बीच एक बहुत ही आत्मीय सम्बन्ध, जो 'गिलिगडु' उपन्यास में दर्शाया गया है वह है बाबू जसवंत सिंह एवं कर्नल स्वामी का रिश्ता। बाबू जसवंत सिंह कर्नल स्वामी के बिना व्याकुल हो जाते हैं। हर कठिनाई में, हर खुशी के अवसर पर केवल उन्हें याद करते हैं। उनके न मिलने पर उन्हें ढूँढ़ने चले जाते हैं। कर्नल स्वामी की मृत्यु का आघात सबसे ज्यादा बाबू जसवंत सिंह को ही पहुँचता है।

इस प्रकार इन रिश्तों की गहराई को समझे बिना इनकी भावनाओं का अनुवाद सम्भव नहीं था। अनुवाद करते हुए प्रस्तुत शोधकर्ता का पूरा प्रयास रहा है कि कृति के साथ उसमें व्याप्त भावनाओं को भी पूरा न्याय मिले।

शाब्दिक अनुवाद उचित है या अनुवाद में भावात्मकता पर ज्यादा जोर देना चाहिए, यह चर्चा नाइडा के दो प्रमुख प्रकाशन के बाद पुरानी हो गई थी।

सन् 1964 और 1969 में उन्होंने अनुवाद के सिद्धान्तों पर दो पुस्तकें लिखी। *Toward a Science of Translating (1964) The Theory and Practice of Translation* वह लिखते हैं – *Formal equivalence focuses attending on the message itself in both form and content.*

Dynamic or functional equvalence is based on the principle of equivalent effect, the message is tailored to the receplors linguistic needs and cultural expections, aiming at complete naturalness of expression.[1]

शाब्दिक और भावात्मक अनुवाद में सबसे बड़ी कठिनाई आती है उसके मुहावरों का अनुवाद करने की प्रक्रिया में। किसी भी जगह के मुहावरे सम्बन्धित संस्कृति की देन होते हैं। एक संस्कृति का अनुवाद दूसरी संस्कृति में करने के लिए दोनों संस्कृतियों की परस्परता का ज्ञान भी आवश्यक है।

चित्रा जी ने अपने साक्षात्कार में कहा है कि मुहावरे उनकी भाषा में अवधी की देन है। बैसवाडी (अवध) इलाका क्षत्रियों का इलाका है जिनकी बोलचाल में मुहावरे सहज ही इस्तेमाल होते हैं। 'गिलिगडु' उपन्यास लिखते वक्त भी उन्होंने मुहावरों का बहुतायत में प्रयोग किया है। उन्होंने उपन्यास के आरम्भ से ही मुहावरों का प्रयोग शुरु कर दिया था। जैसे –

i. उम्मीद पर पानी फेर दिया – hopes have gone to dogs (पृ. 17)
ii. पिघले सीसे सा टपकना – drips like molten lead (पृ. 11)
iii. पारा उबलने लगता – blows up the gasket (पृ. 28)
iv. जान का जंजाल कटा – blew away the cobwebs (पृ. 28)

---

[1] *Towards a science of Translating*, Noida, L C Taper Leiden, C J Brell

v. लकीर के फकीर – Master of line (पृ. 33)

vi. अड़ियल घोड़ी – Stubborn as mule (पृ. 131)

vii. घर का भेदी – Black Sheep (पृ. 82)

उपन्यास के कई मुहावरों का literal translation किया गया है। इन मुहावरों का अनुवाद कठिन नहीं था क्योंकि अंग्रेजी में भी इन मुहावरों का प्रयोग कई जगह किया जाता है। लेकिन उपन्यास कई जगह ऐसी शब्दावली या मुहावरों का प्रयोग हुआ जो केवल भारतीय संस्कृति के प्रतीक है। पाश्चात्य सभ्यता का दूर दूर तक इन शब्दावली अथवा मुहावरों कोई सम्बन्ध नहीं है। उदाहरण के तौर पर 'ऊँच-नीच' पद – जिसका हिन्दी भाषा में इसका तात्पर्य है सामाजिक प्रतिष्ठा का द्योतन। अंग्रेजी में शाब्दिक अनुवाद Up and down इसका भाव स्पष्ट नहीं कर सकता। जब सुनगुनिया फोन करके बाबू जसवंत सिंह को कहती है – 'मालिक बैठे हुए है कोसों दूर। ऊँच नीच समझना हो सुनगुनिया को तो वह किससे सलाह-मशविरा करे' (पृ. 81)। इसका भावात्मक अनुवाद इस प्रकार से किया गया है –

The master is miles a part. If sunguniya wants to have some words of wisdom, whom should she seek?

इसके अलावा ऐसे कई शब्द एवं मुहावरे आए जिनका भावात्मक अनुवाद किया गया है, यथा–

i. चुल्लू खोजते फिरोगे – having egg on face (पृ. 27)

ii. गठरी में लगा चोर – wake up before the milk spills (पृ. 35)

iii. उम्र के रोने की रियायत – concession of his age (पृ. 56)

iv. मन फूंकी कुप्पी सा – heart put out (पृ. 112)

v. अपनी धरती पर अपना आकाश उठाए – having their own land of imagination and sky of hope (पृ. 74)

vi. हाथ खड़े कर दिए – Gave up (पृ. 119)

vii. अड़ियल घोड़ी – stubborn as mule (पृ. 131)

viii. पारा उबलने लगता है – blows up the gasket

जैसा कि भाषाविद् कहते हैं कि पूरे मुहावरे को एक भाषिक इकाई मानकर अनुवाद करना चाहिए। fell in love for you का अर्थ प्यार में गिरना नहीं होता या कल की कल देखेंगे। यहाँ 'कल' का तात्पर्य (future Tomorrow) भविष्य से है। अगर अनुवाद में भाव स्पष्ट न किया जाय तो कृति की सार्थकता समाप्त हो जाती है।

मुहावरे और लोकोक्तियों के अनुवाद में भावानुवाद की प्राथमिकता को भोलानाथ तिवारी जैसे भाषाविद् ने भी माना है। अपनी पुस्तक '*अनुवाद विज्ञान*' के उप-अध्याय '*मुहावरे और लोकोक्तियों के अनुवाद की समस्याएँ*' में वह लिखते हैं –

''सामान्य शब्दावली के माध्यम से की गई अभिव्यक्ति जितनी अधिक प्रभावशाली तथा व्यंजक होती है, उसका अनुवाद भी उतना कठिन होता है।''

''मुहावरे से युक्त अभिव्यक्ति में अर्थ की गहराई, ध्वन्यात्मकता के कारण सामान्य शब्दों की अभिव्यक्ति से अधिक होती है। इसलिए जब हम

अनुवाद में किसी मुहावरे के स्थान पर सीधे सीधे शब्दों का प्रयोग होता है तो यह अनुवाद प्रायः मात्र कामचलाऊ होता है।''[1]

लोकोक्तियों के अनुवाद की समस्या यह भी है कि अनुवादक को यदि दोनों भाषाओं का ज्ञान हो फिर भी सभी लोकोक्तियों का अनुवाद सम्भव नहीं हो पाता है। समान लोकोक्तियाँ लक्ष्य भाषा में खोजने की कठिनाई अनुवादक को झेलनी पड़ती है।

किसी भी स्थान विशेष की लोकोक्तियाँ एवं मुहावरे वहाँ के वातावरण से उपजे होते हैं। अनुवाद प्रक्रिया में शब्दों के साथ साथ वहाँ की संस्कृति वातावरण एवं संस्कारों का भी अनुवाद होता है। '*गिलिगडु*' उपन्यास का अनुवाद करते हुए चित्रा जी द्वारा उपन्यास में रचे गए वातावरण का पुनः सृजन बहुत आवश्यक है। वातावरण का सृजन, उपन्यास में उल्लेख की गई विभिन्न संस्कृतियों से जुड़े संस्कार तथा विभिन्न प्रवृत्ति वाले पात्र करते है। एक अनुवादक के लिए यह अनिवार्य है कि वह उपन्यास की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि तथा उपन्यासकार की मनोभूमि को पूरी तरह समझकर ही अनुवाद का कार्य प्रारम्भ करें। अनूदित कृति में प्राण प्रतिष्ठा तभी संभव है जब वह मर्म को समझ सके।

'*गिलिगडु*' उपन्यास में दो परिवारों का विवरण है। एक परिवार बाबू जसवंत सिंह का है। वह कानपुर (उ. प्र.) शहर के निवासी है। वह पत्नी की मृत्यु के बाद बेटे के साथ दिल्ली आ जाते हैं। बाबू जसवंतसिंह की बोलचाल रहन सहन ठेठ कानपुरिया है, चित्रा मुद्गल स्वयं अवध की है। यू. पी. के पात्र

---

[1] भोलानाथ तिवारी, पृ. 105-114 *अनुवाद विज्ञान*, 1972, शब्दकार, दिल्ली

की रचना में उन्हें इतनी कठिनाई नहीं हुई होगी। साथ ही चित्रा जी ने अपने साक्षात्कार में बताया था कि उपन्यास के कई पात्र उन्होंने असल जिन्दगी से लिए हैं। वह बहुत से वृद्धाश्रमों से जुड़ी भी रही हैं।

इस उपन्यास के द्वारा उन्होंने पुरानी पीढ़ी और आजकल की पीढ़ी का टकराव दिखाया है। धन के प्रति अतिमोह के कारण आजकल लोग माता-पिता की हत्या करने में भी गुरेज नहीं रखते। माता-पिता अकेलेपन की पीड़ा सहते हैं। यह पीड़ा और असहनीय इसलिए हो जाती है क्योंकि वह तन और मन दोनों से दुर्बल हो जाते हैं। लेकिन यह उपन्यास केवल पीड़ाओं का रोना-धोना ही नहीं बताना है। चित्रा जी ने उपन्यास में पात्रों के माध्यम से एक फैंटेसी बुनी है। और अंत में फैंटेसी तिनका-तिनका बिखर जाती है। जब से मनुष्य ने होश संभाला है, वह बुढ़ापे की भयावहता, लाचारी तथा अपरिहार्यता को भुगतता रहा है। यह बात अलग है कि वह लगातार इसे छुपाने के लिए प्रयत्नशील रहता है।

कर्नल स्वामी बाबू जसवंत सिंह को अपने संयुक्त परिवार के किस्से सुनाते रहते हैं। वह किस प्रकार अपनी पोतियों के साथ हँसते खेलते हैं। उनके बच्चे बहुत आज्ञाकारी है। परंतु वास्तव में वह अपने पुत्रों की अवहेलना की पीड़ा से खोखले हो चुके हैं।

अनुवाद केवल पात्रों द्वारा कथनों तक सीमित नहीं होता। अनुवाद प्रक्रिया में पात्रों की पीड़ा, लाचारी, संघर्ष एवं संवेदनाओं का भी अनुवाद होता है। चित्रा जी अपने एक साक्षात्कार में कहती है कि सामाजिक सरोकार उन्हें लिखने की

प्रेरणा देता है। समाज में जो विसंगतियाँ है, वो आखिर ऐसी बिडम्बनापूर्ण क्यों है? और ऐसा क्यों नहीं होना चाहिए जैसे सवाल उनके मन में द्वन्द्व पैदा करते हैं। लेखिका का मुख्य उद्देश्य है कि उनका लेखन पाठकों के अनुभव का हिस्सा बने। अनुवाद करते हुए भी यह विशेष ध्यान दिया गया है कि शब्दजाल के कारण कवि संवेदनाविहीन न हो। विशेषत: जब मूल कृति संवेदनाओं एवं मानवीय सम्बन्धों से परिपूर्ण हो।

'*गिलिगडु*' उपन्यास आजकल की आत्मकेन्द्रित पीढ़ी को आधार बनाकर लिखा गया है। इस उपन्यास में चित्रित ज्वलंत समस्या यह है कि आज की नई पीढ़ी उपभोग संस्कृति की वाहक है। चित्रा जी ने बड़ी ही कुशलता से इस लघु उपन्यास द्वारा जीवन और समाज के बहुत सारे पहलुओं को छुआ है। इस उपन्यास में एक ओर जहाँ स्त्रीवादी दृष्टिकोण है, जो अरुणिमा दास के माध्यम से दिखाया गया है तो दूसरी ओर दलितों की स्थिति को सुनगुनिया जैसे पात्रों द्वारा उजागर किया गया है। साथ ही बेसहारा लोगों की परिस्थितियों से लाभ उठाने वाले दबंग राजनीतिज्ञों की भी चर्चा की गई है।

अनुवाद न केवल एक कृति को दूसरी कृति से परिचित करवाता है बल्कि एक समाज को दूसरे समाज से जोड़ता है। बुढ़ापे की समस्याओं से आज विश्व का हर समाज परिचित है और भयभीत भी। लेकिन भारत में वृद्धों की समस्या कहीं अधिक भयावह है क्योंकि यहाँ वृद्धों को केवल अपने परिवार के सदस्यों पर ही निर्भर रहना पड़ता है और वह भी अर्थ एवं सुविधा के अभाव में। भूमण्डलीकरण विश्व में उपभोग संस्कृति ने विषम रूप धारण कर लिया है। पारिवारिक मूल्यों का अभाव हो गया है। ऐसी समस्याएँ तथा सामाजिक संघर्ष

अहिन्दी या अंग्रेजी पाठकों तक पहुँचाने के लिए अनुवाद की भाषा में लयात्मकता पर ध्यान दिया गया है।

अनूदित पाठ की यह विशेषता है कि अनुवाद में मूल पाठ के भावों तथा लयात्मकता के अनुवाद पर जोर दिया गया है तथा शाब्दिक अनुवाद की थोड़ी छूट ली गई है। अनुवाद करते समय केवल यही महत्त्वपूर्ण नहीं होता कि अनुवादक को लक्ष्य भाषा के व्याकरण या भाषिक संरचना का पूर्ण ज्ञान हो। अनुवादक के लिए यह भी आवश्यक है कि वह मूल रचना के विचार तत्त्व के साथ लेखक की शैली पर विशेष ध्यान रखे। इस उपन्यास में हालांकि तत्सम, तद्भव, हिन्दुस्तानी, मलयालम, अवधी शब्दों का यथाप्रसंग प्रयोग किया गया है लेकिन इसमें प्रयुक्त भाषा का प्रवाह एक लय में वह रहा है। इसलिए अनुवाद की भाषा में भी लय की रक्षा करना था।

अनुवाद में भी मूल में सुरक्षित संवेदना बुढ़ापे की बेवसी का प्रामाणिक चित्रण भी किया गया है ताकि अंग्रेजी के पाठक अनूदित उपन्यास से जुड़ पाएँ। पाश्चात्य समाज में यह मशीनी मानववाला जीवन और भी प्रचलित है। गिलिगडु उपन्यास में चित्रा जी ने पात्रों की अन्तर्ध्वनि पाठकों तक पहुँचाने के लिए व्यंग्य का सहारा भी लिया है। उन्होंने ऐसी शब्दावली का प्रयोग किया है जो पाठकों को शब्दों से परे सोचने के लिए बाध्य करती है। उनके एक उप-अध्याय का नाम 'होश' रखा गया है।

इस उप-अध्याय 'होश' में बाबू जसवंतसिंह बीमार होकर अपना होश खो बैठते हैं। वह बीमारी में अपनी पुरानी प्रेमिका शिवानी को देखते हैं। अपनी बहू सुनयना को नहीं पहचानते। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया जाता है। परन्तु परिस्थिति को ठीक ढंग से समझा जाए तो वास्तव में किसे होश नहीं है? उस इंसान को जिसे बीमारी के कारण अपने लोग नहीं पहचाने जा रहे या उन्हें उन बच्चों को जो पूरे होश में होने के बाद भी अपनों को नहीं पहचानते और उनकी जरा भी कदर नहीं करते।

उप-अध्याय 'गठरी में लागा चोर' शीर्षक भी सांकेतिक है। इस अध्याय में लेखिका ने दर्शाया है कि किस प्रकार आजकल के माता-पिता इस बात से पूरी तरह अनभिज्ञ है कि वह अपने बच्चों को स्वयं दूर करते जा रहे हैं। वह अपना वक्त देने की जगह उनके हाथों में नए-नए उपकरण पकड़ा देते हैं। वह नहीं जानते कि वह स्वयं अपने बच्चों को मशीनी बना रहे हैं।

हालांकि अंग्रेजी में अनुवाद करते हुए इन उप-अध्यायों का अनुवाद 'होश' 'Consciousness' तथा गठरी में लागा चोर 'wake up before the milk spills' किया गया है। लेकिन इसके भावार्थ को स्पष्ट करने के लिए उप-अध्यायों के पात्रों के संवाद का भावार्थ अनुवाद किया गया है। चित्रा जी की शैली रोचक होने के साथ साथ अनुवाद के लिए उतनी ही चूनौतीपूर्ण है। शैली का अनुवाद कठिन है लेकिन इसकी अपेक्षा पाठ का अनुवाद सरल है।

जैसा कि 'काव्यानुवाद की समस्याएँ' में लिखा गया है – ''शैली अपने आप में एक अपूर्ण अभिव्यंजना है – भाव या विचार को अभिव्यक्त करने के लिए। अत: अपूर्ण को दूसरी भाषा में रूपान्तर करना होगा जो और भी अपूर्ण होगा।''[1]

पात्रों का मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण भी चित्रा जी ने उपन्यास में बड़ी कुशलता से उजागर किया है। उनके लेखन में Sigmund Freud की Psychological analytical theory और Dreams theory का स्पष्ट प्रभाव दिखता है। इसका अनुवाद समस्यापूर्ण कम तथा चुनौतीपूर्ण एवं रोचक ज्यादा रहा। उपन्यास में विभिन्न पात्र अपनी अपनी विषम परिस्थितियों से लड़ रहे हैं और इन परिस्थितियों का उन चरित्रों की मानसिकता पर अलग प्रभाव पड़ता है। सबसे पहले तो इन पात्रों को पढ़कर उनके अनुभव से साझा करना रोचक था और फिर अंग्रेजी पाठकों के लिए ग्राह्य बनाना चुनौतीपूर्ण था।

इस उपन्यास में या तो पात्रों का द्वन्द्व है या काल्पनिक संसार चित्रित है। मानसिक रूप से कोई भी शांत, सामान्य एवं सौम्य नहीं है। बाबू जसवंत सिंह को उनका मानसिक द्वन्द्व तथा पुरानी यादें घेरे रहती है। वह अपने बच्चों द्वारा की गई अवहेलना से इतने त्रस्त है कि बीमार होने पर अपना मानसिक संतुलन खो बैठते हैं। वह अपने बच्चों तक को नहीं पहचानते। बाबू जसवंतसिंह एक रिटायर्ड सिविल इंजीनियर है जिनका घर कानपुर (उ. प्र.) में है। पत्नी की मृत्यु के बाद

---

[1] *काव्यानुवाद की समस्याएँ*, सम्पादक भोलानाथ तिवारी, महेन्द्र चतुर्वेदी, पृ. 18, शब्दकार दिल्ली, प्रथम संस्करण, जनवरी, 1980

वह अपने पुत्र के पास दिल्ली आ जाते हैं। वहाँ उन्हें एक छोटा सा कमरा दिया जाता है तथा कुत्ते को घुमाने की जिम्मेदारी दी गई।

टॉमी की पसंद नापसंद का खयाल रखा जाता है, लेकिन बाबू जसवंत सिंह को सुबह का नाश्ता मुश्किल से नसीब होता है। उन्हें सबसे ज्यादा आघात तब लगता है जब उनके बच्चे उन्हें घर बेचने के लिए जोर देने लगते हैं। साथ ही उनका पुत्र नरेन्द्र इन्हें वृद्धाश्रम भेजने का विचार बनाता है और उनकी पुत्री भी इस बात की वकालत करती है। यह आघात वह सह नहीं पाते और बीमार पड़ जाते हैं। वह याद करते हैं कि किस प्रकार उन्होंने अपनी ख्वाहिशों को परे रखकर बच्चों की जरूरतों को पूरा किया। अब वही बच्चे उन्हें अनुपयोगी समझकर घर से बाहर फेंकना चाहते हैं। बीमारी में वह अपनी प्रेमिका से बाते करते हैं। वह अपनी प्रेमिका को सपने में देखते हैं। चित्रा जी ने बाबू जसवंतसिंह के माध्यम से Freud की Dream Interpretation की Theory का भी प्रयोग किया है।

"Dreams are succession of images imotional and sensations chat accur involuntarily in the mind during stages of sleep."

वह अपने सपनों में ही अपनी प्रेमिका शिवानी से संवाद करते हैं। उन सपनों का अनुवाद कुछ इस प्रकार किया है –

Why you sacrificed your courage for the sake of traditions why you became so docile? why you married where your brother dictated just because he could'nt show up his courage but he never commited on anything.

वहीं कर्नल स्वामी बाबू जसवंतसिंह को अपने खुशहाल परिवार के किस्से सुनाते हैं। अपने बच्चे और पोतियों की शरारतें सुनाते हैं। लेकिन वास्तव में वह भी अकेले हैं। उपन्यास में यह पूरी तरह पता नहीं चलता कर्नल स्वामी के किस्से सुनाना, कोई मानसिक रोग था या वह दुनिया से अपना दर्द बाँटना नहीं चाहते थे।

इस अनुवाद प्रक्रिया में ऐसे कई शब्द एवं पंक्तियाँ प्रयुक्त हैं जिसके एक से अधिक अर्थ निकलते है। जिसे अंग्रेजी में Polyvalency कहते हैं। ऐसे में अनुवाद थोड़ा कठिन हो जाता है जिसमें भाव कुछ और हो और बात कुछ और कही जा रही हो।

जब बाबू जसवंत सिंह मन ही मन सोचते हैं कि ''इस घर में एक नहीं दो कुत्ते हैं, एक टॉमी दूसरा अवकाश प्राप्त सिविल इंजीनियर जसवंतसिंह। टॉमी की स्थिति निस्सन्देह उनकी बनिस्पत मजबूत है''।

'टॉमी अच्छी नस्ल का कुत्ता है। सोसाइटी में उनके घर का रुतबा बढ़ाता है। उनके चलते उनका रुतबा कलंकित हुआ है। कलंकित होकर अक्षत-चंदन क्यों चढ़ाएँ?' इन पंक्तियों में व्यंग्य भी है और साथ ही एक ही वाक्य में निहित दो अर्थ हैं। एक में बाबू जसवंत अपने बच्चों से दुखी होकर मन ही मन उन पर कटाक्ष कर रहे हैं और दूसरे में अपने जीवन से पूरी तरह हताश हो चुके हैं। वह स्वयं को अनुपयोगी मानते हैं। परिवार में उनकी उपस्थिति अब केवल दुखदायी ही हो सकती है। दूसरा कारण अधिक उचित प्रतीत होता है क्योंकि अगले उप-अध्यायों वह आत्महत्या की भी बात करते हैं।

अंग्रेजी अनुवाद करते हुए यह विशेष ध्यान देना होगा कि यहाँ मूल पाठ में निहित दोनों भावों से कौन-सा भाव प्रधान है। जैसे प्रस्तुत पंक्तियों में दोनों भावों (Satire and helplessness) में व्यक्ति के लाचार और असहाय होने का भाव अधिक उजागर होता है।

चित्रा जी ने बाबू जसवंतसिंह एवं सुनगुनिया का रिश्ता भी बहुत रोचकपूर्ण ढंग से दर्शाया है। उन दोनों का रिश्ता समझने के लिए दोनों की मनोस्थिति की गहराई को समझना आवश्यक है। अनुवाद में भी Psychological Translation ज्यादा है।

हिन्दी से अंग्रेजी अनुवाद की सबसे बड़ी समस्या का एक कारण यह भी है कि हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा होने के बावजूद अंग्रेजी अपनी प्रभुता बनाए हुए हैं। भारत विविधता का देश है। हिन्दी भाषा भी कई स्वरूपों में विद्यमान है। हर प्रदेश का व्यक्ति में विद्यमान है। हर प्रदेश का व्यक्ति इसे अपने दृष्टिकोण से आँकता है। शब्दों की भरमार दोनों भाषाओं में है। लेकिन सांस्कृतिक भिन्नता और भाषिक संरचना में पर्याप्त अंतर होने के कारण दोनों भाषाओं में ऐसे कई शब्द है जिनका अनुवाद संभव नहीं है। यह Problem of Untranslatability है।

हालॉकि किसी हिन्दी उपन्यास का अन्य प्रादेशिक भाषा में अनुवाद करना होता तो इतनी कठिनाई नहीं आती। परन्तु हिन्दी अंग्रेजी भाषा में अन्तर दो पाठक वर्ग विषय का भी है। इसलिए Untranslatability की समस्या और जटिल हो जाती है, जिस प्रकार अंग्रेज़ी के शब्द जैसे आदि शब्दों का हिन्दी अनुवाद नहीं है। जिस प्रकार ऐसे कई हिन्दी शब्द जैसे Achilles heel, amagon, best man, titans, medusa, a judgement of Paris आदि शब्दों का हिन्दी पर्याप्त

उपलब्ध नहीं है। उसी प्रकार ऐसे कई हिन्दी शब्द है जैसे अक्षत, रात भर गंगा जमुना बहती रही, खड़ाऊँ, अग्रासन, तड़कना, देहेर, ऊँच नीच, तेरहवीं आदि पद या शब्द जिनका अंग्रेजी में अनुवाद संभव नहीं है।

ऐसे शब्द जब अनुवाद करते हुए सामने आए तो केवल इनका भाव समझकर ही अंग्रेजी अनुवाद किया गया है। संस्कृति को समझा और जाना जा सकता है परन्तु किसी दूसरी भाषा में उतारना भागीरथी कार्य समान प्रतीत होता है। इसे अंग्रेजी में Herculean Task भी कहते हैं। ''हर भाषा में हर शब्द का एक अपना अर्थ बिम्ब होता है जो सांस्कृतिक, भौगोलिक तथा सामाजिक पृष्ठभूमि से सम्बन्ध होता है। दूसरी भाषा का उसी का समानार्थी शब्द उस पृष्ठभूमि से युक्त न होने के कारण वैसा अर्थ बिम्ब नहीं उभार सकता।''[1]

भारत देश की एक और विशेषता है कि यहाँ लोगों के पद से इनकी पहचान होती है। लोगों के नाम से पहले उनका पद आता है जैसे उपन्यास 'गिलिगडु' में चित्रा जी ने कई जगह पात्रों के साथ उनका पद उल्लेख किया है ताकि उनके चरित्र से पाठक रू-ब-रु हो सके। नेताजी, तालूकेदार को केवल तालूकेदार, विष्णु नारायण स्वामी को कर्नल स्वामी कहकर सम्बोधन किया गया है। इन पात्रों का चरित्र उनके पद के अनुसार ही है। एक सरकारी दफ्तर से रिटायर्ड कर्मचारी की लाचारी वैसे ही दर्शाई गई है जैसा कि भारतीय समाज में कोई भी मध्यमवर्गीय व्यक्ति होगा। इस समाज की समस्याओं तथा उससे उत्पन्न लाचारी के अनुवाद करके अंग्रेजी संस्कृति में ढालना थोड़ा कठिन कार्य था क्योंकि हर समाज की अपनी समस्याएँ होती है जिनसे वह जूझ रहा होता है।

---

[1] *अनुवाद विज्ञान*, पृ. 135 शब्दकार भोलानाथ तिवारी, संस्करण 2002

मूल से हिन्दी में अनुवाद करके दूसरे समाज के पाठक वर्ग तो यह पहुँचाया जा सकता है। किन्तु अनुवाद करते हुए इस बात का विशेष ध्यान रखना होता है कि भाषा लक्ष्य भाषा के अनुसार ही हो, तभी वह मूल पाठ में वर्णित समाज तथा उसकी समस्याओं से जुड़ पाएँगे।

मनुष्य के सुख-दुख के अनुभवों और मानदण्डों ने अलग अलग संस्कृतियों का रूप धारण किया है। भाषा इसी संस्कृति का उत्पाद एवं परिवाहक है। अनुवाद कार्य एक भाषा में निहित संस्कृति को दूसरी भाषा में प्रत्यारोपित करना है। यज्ञ का स्थान Bonfire नहीं ले सकता। चाची, ताई, मासी, बुआ दोनों स्थानों पर केवल Aunty नहीं हो सकती। तेरहवीं Thirteenth day नहीं हो सकता तथा खड़ाऊँ के स्थान पर Wooden Sandel उपयुक्त नहीं कहा जा सकता। यह समस्या हिन्दी से अंग्रेजी अनुवाद में आती ही है क्योंकि हिन्दी में एक शब्द के कई पर्याय प्रयुक्त हो सकते हैं। उन्हीं में सबसे उचित का चुनाव अनुवादक की कार्य कुशलता पर निर्भर करता है। प्रस्तुत उपन्यास को शोधार्थी ने सम्बन्धित कोशों तथा Thesauras आदि की सहायता से अनूदित किया है।

अनुवाद यात्रा, जो कई पड़ावों से होकर गुजरती है चाहे वे मुहावरे हो या सम्बोधन, Freud की मनोवैज्ञानिक पक्ष हो सांस्कृतिक भिन्नता या फिर चरित्रों की आपसी भिन्नताएँ हो, प्रस्तुत अनुवाद में सबका अनुवाद करना न केवल ज्ञानवर्धक रहा बल्कि बहुत रोचक भी। यह जानते हुए कि यह कृति स्वयं में उत्कृष्ट नहीं होगी और अभी भी इससे सुधार की काफ़ी गुंजाइश है। अगर यह अनूदित पाठ सामग्री पढ़ते समय अंग्रेजी के पाठक स्वयं को इस कृति से जोड़े पाए तो यह प्रयास कमोवेश सफल माना जाएगा।

तीसरा–अध्याय

अनूदित उपन्यास का भाषिक विश्लेषण

हर भाषा का अपना निजी और स्थानीय संस्कार होता है। हर भाषा की सम्प्रेषण क्षमता भी एक दूसरे से भिन्न है। उदाहरण के लिए हिन्दी के वाक्य 'उन्होंने मुझे पुरस्कार दिया'। यह स्पष्ट नहीं हो रहा कि 'उन्होंने' शब्द स्त्रीलिंग है या पुल्लिंग। इसी तरह अंग्रेजी में Uncle शब्द ताया, चाचा, मामा, सबके लिए उपयोग में आ जाता है। स्पैनिश के वाक्य व्यवहार किए गए शब्दों में लिंग निर्णय समाहित रहता है। वहाँ शब्दों की प्रयुक्ति के साथ उनके लिंग बोध की सूचना रहती है। जबकि हिन्दी में स्त्रलिंग-पुल्लिंग के अलावा उभयलिंग का भी प्रयोग होता है। उल्लेखनीय है कि स्पैनिश में हर वस्तु स्त्रीलिंग या पुल्लिंग होती है। भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की कई भाषाओं में स्त्रीलिंग पुल्लिंग होती ही नहीं।

इस सूचना शक्ति की भिन्नता के कारण हम जब भी अनुवाद करते हैं उसमें वाक्यों और शब्दों के अलावा संदर्भ का पता होना बहुत आवश्यक है। इस अध्याय में भाषा के प्रयोग एवं व्यवहार की चर्चा की गयी है। उक्त उपन्यास में भाषा के विभिन्न स्तर है जो सर्वथा पात्रोचित है। उपन्यास की भाषा में मुहावरों की बहुतायत है। '*गिलिगडु*' उपन्यास की भाषा शैली सरल होते हुए भी गूढ है

जो अन्तर्मन को छू जाती है। हालाकि भाषा में हिन्दुस्तानी, उर्दू, मलयालम, अवधी तथा अंग्रेजी शब्दों का भी प्रयोग किया गया है। भाषा प्रवाहपूर्ण है।

अगर आरम्भ से ही देखा जाए तो 'गिलिगडु' उपन्यास के उप-अध्यायों के शीर्षकों का अनुवाद करना चुनौतीपूर्ण था। पहली से छठी गैरमौजूदगी के बाद सीधी तेरहवीं गैरमौजूदगी का अध्याय है। अगर उपन्यास को न पढा हो तो इस भेद को समझना असंभव है। यहाँ 'तेरहवीं गैरमौजूदगी' में तेरहवीं से तात्पर्य मृत्यु के पश्चात् तेरह दिन से है। इस तेरहवीं में माना जाता है कि आत्मा संसार छोड़ पूरी तरह परमात्मा में विलीन हो जाती है। इसका अनुवाद अंग्रेजी में Thirteen Absence से किया गया है। उपन्यास के अध्यायों के शीर्षक स्वयं में ही खालीपन लिए हुए हैं।

चित्रा मुदगल ने बहुत ही खूबसूरती से अध्यायों के शीर्षक द्वारा उपन्यास के भाव को समझाया है। लेखिका के द्वारा दिए गए उप-अध्यायों के शीर्षक उनके भाषा कौशल का प्रमाण है।

'*गिलिगडु*' उपन्यास के उप-अध्यायों के शीर्षक बहुत ही रोचक है। कुछ पुराने गीत तो कुछ पुरानी लोकोक्तियाँ है। शीर्षक जैसे 'कुरकुरी कलफ', 'गठरी में लागा चोर', 'यह क्या जगह है दोस्तों', 'आँख मिचौली', 'होश' आदि आज मशीनी मानव पर कटाक्ष करते हैं। यह शैली पाठकों के लिए रोचक हो जाती है। लेखिका केवल कुछ शब्दों के माध्यम से आज की संस्कृति का पूरा परिदृश्य पाठकों के सामने रख देती हैं। 'यह क्या जगह है दोस्तों' पाठ में उपन्यास के मुख्य पात्र बाबू जसवंत सिंह अपने ही बेटे के घर में पराया महसूस करते हैं।

उन्हें उस घर में कुत्ते घुमाने के काम के अलावा किसी चीज के लिए उपयोगी नहीं समझा जाता। उन पर आरोप लगाए जाते हैं तथा बाहर के लोगों से भी खुलकर बात करने पर पाबंदी होती है। वह कानपुर से दिल्ली आते हैं। उन्हें न तो वह नई जगह समझ आती है और न वही वहाँ के लोग। अपने ही पुत्र के घर में पराए हो जाते हैं। शीर्षक 'यह क्या जगह है दोस्तों' से पाठ का सार समझ आ जाता है। साथ ही साथ यह शीर्षक हमें उमराव जान के गाने की भी याद दिलाता है। मन्ना डे के गाने 'गठरी में लागा चोर' को भी उपन्यास के अध्याय का शीर्षक बनाया गया है। वास्तव में यह भी आज की मशीनी संस्कृति पर व्यंग्य किया गया है। इसका अंग्रेजी अनुवाद Wake up before the milk spills किया है। यहाँ लेखिका मानव संस्कृति को चेतावनी दे रही है।

वर्तमान समय एवं भूमण्डलीकृत विश्व में उपभोग संस्कृति ने विषम रूप धारण कर लिया है। लोगों की मानसिकता पूरी तरह आत्मकेन्द्रित हो गई है। यह कह सकते हैं कि आज की संस्कृति केवल खाओ-पियो और ऐश करो की हो गई है। वृद्धजनों का अनादर आधुनिकता का परिचय नहीं बल्कि पशुवृत्ति का प्रदर्शन है।

चित्रा मुदगल ने '*गिलिगडु*' उपन्यास में एक अध्याय का शीर्षक '*होश*' दिया है। बाबू जसवंत सिंह मानसिक रूप से व्यथित होने पर तथा लू के आघात से बीमार हो जाते हैं उनका मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है। वह अपने ही पुत्र और पुत्रवधू को नहीं पहचानते। परन्तु उन्हें बिमारी में भी अपनी प्रेमिका और कर्नल स्वामी याद हैं। यहाँ प्रश्न यह उठता है कि 'होश' में आखिर कौन नहीं है? वह जो बिमार है या वह जो जवानी और पैसे के गुरुर में मदमस्त हुए घूम

रहे हैं। उपन्यास में अध्यायों और उप-अध्यायों के शीर्षक इस प्रकार के दिए हैं जो पाठकों को पढ़ने के लिए बाध्य कर सके।

पूरा का पूरा उपन्यास एक प्रवाह में बहता प्रतीत होता है। उपन्यास के मुख्य पात्र अपनी पुरानी यादों में जी रहे हैं या फिर अपना ही सपनों का संसार में मग्न हैं। उस सपनों के संसार का वास्तविक जीवन से कोई सरोकार नहीं है।

चित्रा मुद्गल ने बहुत ही निपुणता से दोनों पात्रों के जीवन को दर्शाया है। बाबू जसवंत सिंह जब कानपुर से दिल्ली आते हैं तो वह अकेलेपन से घिर जाते हैं। उनके अकेलेपन का सहारा उनके बच्चे नहीं बल्कि उनका कुत्ता टामी बनता है। उपन्यास के मुख्य पात्र बाबू जसवंत सिंह का जीवन बहुत ही साधारण दिखाया है। वह एक सिद्धान्तवादी तथा पारिवारिक व्यक्ति रहे हैं। बच्चों के लिए उन्होंने खूब मेहनत की तथा पत्नी के प्रति भी इमानदार रहे। हालाकि उनकी प्रेमिका भी थी जिसका नाम शिवानी था, परन्तु समाज और परिवार के डर से वह उससे शादी नहीं कर पाए। चूँकि पात्र साधारण है इसलिए उनके संवाद और पीड़ाओं को भी एक साधारण व्यक्ति के समान ही दर्शाया गया है। उपन्यास की भाषा में बाबू जसवंत सिंह के प्रति उनकी पुत्रवधू की कटुता बहुत ही दबे हुए स्वर में दिखाई गई है। पात्रों को एक दूसरे से लड़ता झगड़ता नहीं दिखाया गया है। यह द्वन्द्व चुपचाप सा घर में पल रहा है परन्तु कोई किसी से कुछ नहीं कहता। यह कटुता एवं परायापन भाषा में भावों के द्वारा दर्शाया है। उदाहरण के लिए पाठ कुरकुरी कलफ में बाबु जसवंत सिंह मन ही मन सोचते हैं ''इस बात से प्रसन्नता हुई थी कि चलो बेटे बहु ने टॉमी की जिम्मेदारी सौंपकर उन्हें अपने गृहस्थी की किसी जिम्मेदारी के काबिल तो समझा। अब तो उन्हें यह भी लगने

लगा है कि इस घर में वह सही अर्थों में किसी के लिए बुजुर्ग है तो वह केवल टामी है। पोते मलय निलय के नाज नखरे उठाने का सुख उनकी थाली का कौर नहीं'' (पृ. 10)। यह पंक्तियाँ पहले ही पाठ के दूसरे पृष्ठ पर वर्णित है। इससे बाबू जसवंत सिंह के परिवार में स्थिति एवं दर्जे का साफ पता चलता है।

बाबू जसवंत सिंह अपने अकेलेपन का सहारा कर्नल स्वामी में दिखता है। लेखिका ने उपन्यास में यह सबसे रोचक पात्र बनाया है। वह उपन्यास के आरम्भ से ही बेहद जिंदादिल और खुशमिजाज प्रतीत होते हैं। उनकी जीवंतता देखकर बाबू जसवंत सिंह जीवन में आशा एवं गति दिखाई देती है। उनके अनुसार वह एक संयुक्त परिवार में रहते हैं। मंझले बेटे की पुत्रियों का नाम कुमुदनी एवं कात्यायनी है जिन्हें वह प्यार से गिलिगडु बुलाते हैं। कर्नल स्वामी के बच्चे उनका आदर सम्मान करते हैं।

उनके जीने का जोश बाबू जसवंत सिंह के जीवन का आशा की किरण प्रदान करती है। बाबू जसवंत सिंह रोज सुबह उनका पुलिया पर इंतजार करते हैं। कर्नल स्वामी उनके लिए इडली आदि लाते हैं जिसे वह अपनी बहु द्वारा बनाया हुआ कहते हैं। कर्नल स्वामी, बाबू जसवंत सिंह से अपनी नई प्रेम कहानी की चर्चा भी करते हैं। अणिमा दास द्वारा दी गई लम्बी कविता कर्नल स्वामी बाबू जसवंत सिंह को देते हैं। कर्नल स्वामी जैसे परिवार का स्वप्न बाबू जसवंत सिंह ने हमेशा सजाया था।

अंत में पता चलता है कि वास्तविकता में ऐसा कुछ नहीं है। अपने अकेलेपन को भरने के लिए कर्नल स्वामी ने एक काल्पनिक परिवार की रचना

की थी। वह अपनी काल्पनिक प्रेमिका अणिमा दास से भी विवाह करने का सोचते हैं। जैसा की साक्षात्कार में लेखिका ने बताया है कि वह कर्नल स्वामी जैसे व्यक्तित्व से मिल चुकी है। इस बात ने इस उपन्यास की रोचकता और बढ़ा दी है। इस चरित्र को अनुवाद भी एक रोचक अनुभव था।

उपन्यास '*गिलिगडु*' के पात्रों की भाषा उनके परिवेश के अनुसार ही है। दाता और पाता की भाषा में साफ अंतर नज़र आता है। सुनगुनिया, बाबू जसवंत सिंह, नेताजी तथा कर्नल स्वामी, समाज के अलग-अलग वर्ग के हिस्से है। उनकी भाषा में भी अर्श और फर्श का अंतर है।

सुनगुनिया के पति की मृत्यु के बाद जब वह गाँव से वापिस मालकिन (बाबु जसवंत सिंह की पत्नी) के पास पहुँचती है तो उसके द्वारा दिया गया ब्यौरा साफ़ साफ़ बताता है कि कोई गाँव की अनपढ़ महिला बात कर रही है।

'कल दोपहर बुढ़वा के संग उसकी बठा बैठी थी। सो तड़के टट्टी फिरने के बहाने बच्चे को ले पैदल बस अड्डे निकल दी और कानपुर की बस पकड़ मालकिन के ठिया पहुँच ली' (पृ. 29)।

वैसे ही कर्नल स्वामी की भाषा से साफ़ पता चलता है कि वह 'सभ्य' खुशमिजाज़, पढ़ा लिखा व्यक्ति है जिनके मिजाज फ़ौजी रुतबा झसकता है। बाय दिवे हमें विष्णू नारायण स्वामी कहते हैं रिटायर्ड कर्नल स्वामी' (पृ. 14)।

वहीं नेता जी की भाषा से स्पष्ट है कि आज कल का कोई राजनेता बात कर रहा है। उपन्यास *गिलिगडु* में बड़ी कुशलता से हर पात्र का चरित्र उसके

जीवन के अनुसार वर्णित किया है। नेताजी को भाषा में चालाकी, कुटनीतिज्ञता तथा मतलबीपन प्रत्यक्ष झलकता है। वह सुनगुनिया के भले के लिए नहीं बल्कि अपना उल्लू सीधा करने के लिए जात बिरादरी का बीज बोते हैं।

'बामन ठाकुर ने हमेशा उनकी बहू-बेटियों की आबरू लूटी है। पनपने नहीं दिया उन्हें। जूतों का तलुवा बनाकर रखा। बेगार करवाया, उपर से मजूरी नहीं दिया। मजूरी के लिए मुँह खोला तो मूँह में मूत दिय। नेटुवा चाप नदी नाले में फिंकवा दिया। पर अब ऐसा नहीं हो पाएगा। बामन ठाकुरों के राजपाट के दिन लद गए। अब हम राजपाट करेंगे। और इन ससुरों के मँह में ... डाल मूतेंगे। एक मुँह में दस' (पृ. 82)।

चित्रा मुदगल ने बड़ी ही कुशलता से चाहे पात्र हो या उनका परिवेश, विवरणात्मक तरीके से पाठक के सामने रखा है। अंग्रेज़ी अनुवाद करते हुए भी इस बात का विशेष ध्यान रखा गया कि अनूदित कृति में का स्थान उसी प्रकार रहे जिस तरह मूल कृति में है।

यह बिम्बात्मकता स्थापित करने के लिए लेखिका ने 'गिलगिडु' उपन्यास में काफ़ी मुहावरों का प्रयोग किया है। चित्रा जी ने जैसा कि अपने साक्षात्कार में कहा है कि वह अवध की है। मुहावरे उनकी भाषा में सहज ही आते हैं। उदाहरण के तौर पर -

घर का भेदी (पृ. 82)

छाती कभी बूढ़ी नहीं होती (पृ. 73)

धरती पर अपना आकाश उठाए (पृ. 74)

जान का जंजाल (पृ. 28)

गंगा जमुना उतारना (पृ. 30)

पारा उबलना (पृ. 28)

उम्मीद पर पानी फेरना (पृ. 17)

कनपटियों में खून बटुर आना (पृ. 59)

लतर सी तिरिया (पृ. 29)

आदि ...।

उपन्यास '*गिलिगडु*' में प्रकृति के सौन्दर्य की भी चर्चा हुई है। कभी दिल्ली के आस-पास के लहलहाते खेत वर्णित हुए तो कभी कानपुर में बाबू जसवंत सिंह के आँगन में बसा पेड़।

कर्नल स्वामी कहते हैं

'खेतों के बीचो बीच रखवालों की मड़ैया? कैसी सुन्दर बनी हुई है। हमारे केरल जैसी?

'माय गॉड! उन मैनाओं को देखिए जरा नाली में चोच डाले कैसे पानी पी रही है, जैसे ब्याह की पंगत में खाने नहीं बैठते लोग' (पृ. 21)।

उक्त उपन्यास में कई जगह मन के भावों को भी प्रकृति से जोड़ा है। कई जगह लेखिका ने शब्दों की जगह भावों को व्यक्त करने के लिए आवाज़ों का सहारा लिया है। जिसे अंग्रेज़ी में Onomatopoea कहते हैं।

(क) खट्, खट्, खट – बाबू जसवंत सिंह घुमड़ते हुए बंद किवाड़ों पर थाप दे रहे हैं (पृ. 48)।

(ख) हा, हा, हा – बरदाश्त नहीं हुई (पृ. 66)।

(ग) खड़ाऊ की खट् खट् आँगन पार कर चौके की ओर बढ़ रही है (पृ. 497।

(घ) खट्ट-खट्ट (पृ. 113)

यहाँ पर उपन्यास *गिलिगडु* में सरल शब्दों की जगह आवाज़ों को लिया है। इससे पाठक न केवल उपन्यास को समझ पाता बल्कि उसके पात्रों से जुड़कर महसूस कर पाता है। इस प्रकार की भाषा शैली उपन्यास को रोचक और जीवंत बना देती है। इसे अनुवाद करने में भी और आनन्द आता है क्योंकि निश्चित भाषिक क्रम अनुवाद प्रक्रिया को अरुचिकर बना देता है। भाषा के प्रयोग अनुवादक को भाषा की संरचना के प्रति सचेत रखता है क्योंकि इसी से उसकी दक्षता का पता चलता है।

उपन्यास *'गिलिगडु'* की भाषा पाठक को अन्दर तक झकझोर देती है। लेखिका ने उपन्यास के कई उप-अध्यायों का अन्त खुला छोड़ दिया है। यह पाठक की कौशल पर निर्भर करता है कि पाठ के भाव किस प्रकार समझता है।

'*लंबी कविता*' उप-अध्याय का अंत केवल इस पंक्ति से हो जाता है।

ये आँखों की कोरें गीली कैसे हो आईं ... (पृ. 88)

केवल इस प्रश्न से पाठ का अन्त हो जाता है। इसमें बाबू जसवंत सिंह की कर्नल स्वामी से मिलने की बेसब्री और व्यथा साफ़-साफ़ झलकती है।

'गिलिगडु' उपन्यास में एक मानवीय बाज़ारु संस्कृति के बारे में चर्चा की गई है जो एक दूसरे को पछाड़ने हो होड़ में लगी है। मनुष्य वस्तु में तब्दील हो रहा है। यह बहुत ही ख़तरनाक प्रक्रिया है। यान्त्रिक मनुष्य के पास प्रेम और संवेदनाओं के लिए वक्त नहीं है। आज के मानव को अरग मतलब हो तो सात समुद्र पार भी सम्बन्ध बनाए रखता है। यदि मतलब नही ंतो अपने माता-पिता से भी सम्बन्ध नहीं रखता। 'आँख मिचौली' उप-अध्याय में बाबू जसवंत सिंह नरेन्द्र के बारे में कहते भी है - ''विदेश में नौकरी पाए हुए मित्रों से उसका बराबर सम्पर्क बना हुआ है'' (पृ. 65)। इसमें यह साफ दर्शाया गया है कि जिनसे लाभ की आशा है वह मित्र उपयोगी है तथा वृद्ध माता-पिता जिन्हें अब सहारे की आवश्यकता है उनसे कोई सरोकार नहीं है।

जबसे मनुष्य ने होश संभाला है वह बुढ़ापे की भयावहता, बेबसी, लाचारी, अपरिहार्यता को भुगतता रहा है और इसे वह अपरिवर्तनीय नियति के रूप में स्वीकारता रहा है। यह बात अलग है कि वह इसे छिपाने के लिए भी प्रयत्नशील रहता है।

उक्त उपन्यास में इन समस्याओं की चर्चा करते हुए जीवन दर्शन को भी पात्रों द्वारा दर्शाया है। उप-अध्याय 'जूते' के अंत में जब कर्नल स्वामी बाबू जसवंत सिंह से युद्ध की बात कर रहे होते हैं तब जीवन संघर्ष की भी चर्चा करते हैं और उसी के साथ उप-अध्याय समाप्त हो जाता है।

''लेकिन ... लड़ाई सिपाही युद्ध छिड़ने पर ही नहीं लड़ता। लड़ाई की तैयारी में जो लड़ाई उसे लड़नी पड़ती है - वह तो अनवरत युद्ध है'' (पृ. 24)।

यहाँ कर्नल स्वामी अपने निजी जीवन के युद्ध की भी बात कर रहे हैं जो वह प्रतिदिन अपने ख़ालीपन से लड़ते हैं। साथ ही साथ वह यह भी बाबू जसवंत सिंह को समझा रहे हैं कि मानव के जीवन का युद्ध उसे खुद ही लड़ना पड़ता है। अपना खून भी उसका साथ नहीं देता।

चित्रा मुद्गल '*गिलगिडु*' उपन्यास में अपनी भाषा से कहानी के विभिन्न दृष्टिकोण सामने रखे हैं। उपन्यास में चरित्रों का मनोवैज्ञानिक पक्ष भी वर्णित किया गया है। Sigmund Freud की Dream Theory का प्रभाव भी उनके लेखन में दिखता है। Freud ने लिखा है कि हमारा Subconscious Mind उन चित्रों और घटनाओं को सपनों में दिखाता है जिसे मनुष्य वास्तविकता में याद करता है और चाहता है।

बाबू जसवंतसिंह जीवन में अकेलेपन से गुजर रहे थे। उनकी पत्नी का देहांत हो चुका था। ऐसे ख़ालीपन में वह अपने पुराने प्रेम को याद करते हैं। जब वह बीमार होते हैं तो उनके सपनों में उनकी प्रेमिका शिवानी आती है, और उन्हें फल देकर जाती है। पाठ का नाम भी 'होश' है जिसका अंग्रेजी अनुवाद भी Consciousness किया है।

उपन्यास में यह आडम्बना है कि जिस पाठ का नाम 'होश' है उसमें ही पात्र अपना होश खोए हुए है। बाबू जसवंत सिंह बीमारी की वजह से होश खो

बैठते हैं। बच्चे जवानी और पैसे के नशे में मदहोश है। लेखिका इस वाक्य को बहुत ही रोचक ढंग से सामने रखा है। जब बाबू जसवंत सिंह बीमार होते हैं। तो अपने बहु बेटे डॉक्टर को नहीं पहचानते अपितु कुछ हफ़्तों पहले ही मिले कर्नल स्वामी उन्हें याद है। यहाँ अपना कौन है यह प्रश्नात्मक है। उपन्यास की लेखन शैली में पाश्चात्य लेखकों का भी प्रभाव दिखता है। जैसा कि उन्होंने अपने साक्षात्कार में कहा है कि वह Hemingway, Shakspeare, WB Yeats, Tolstoy आदि लेखकों से वह काफ़ी प्रभावित है।

उनका यह उपन्यास Shakespeare के नाटक *As you like it* की याद दिलाता है। यहाँ उन्होंने लिखा है कि वृद्धावस्था मनुष्य का वो समय है जब वह फिर से बच्चों-सा बन जाता है जिसे बहुत प्यार और दुलार की आवश्यकता होती है।

Last scene of all
that ends this strange eventful history
second childishness and more obtuiron
sans leath, sans eyes, sans taste,
sans everything

डब्ल्यू वी येट्स (WB Yeats) एक बूढ़े व्यक्ति का वर्णन करते हुए कहते हैं।

An aged man is a Paltry thing
A tattered coat upon a stick, unless
soul claps its hands and sing, and louder
sing for every tatter in its mortal dress

- Sailing to Byzantiun

इस अवस्था में मनुष्य को सबसे ज़्यादा परिवार के सहारे की आवश्यकता होती है। लेकिन इसी मुश्किल घड़ी में उसकी संतान उसका साथ छोड़ देती है। यह पूर्व संस्कारों का अनादर है। लेखिका ने केवल खोखले पात्रों और उनकी समस्यापूर्ण स्थिति का वर्णन नहीं किया है बल्कि समस्याओं का समाधान बताते हुए, जो सामाजिक सम्बन्धों और दायित्वों पर प्रश्न उठे है, उनका उत्तर भी प्रदान किया है।

चित्रा मुदगल की भाषा में संवेदनात्मक गहनता है। '*गिलिगडु*' उपन्यास में संघर्षशील पात्रों को दर्शाया है। उनकी लेखन की शैली में मार्क्स का भी प्रभाव दिखता है। इसलिए इन्होंने इस उपन्यास में तथा अन्य कई कहानियों में भी पिछड़े वर्ग के अधिकारों की भी चर्चा की है। हालाँकि यह कई NGO तथा सामाजिक कार्यों से जुड़ी रही है। परन्तु उनकी भाषा केवल आंदोलनों से प्रभावित हुई सीमित धारा नहीं है। उनकी भाषा में जीवन का प्रवाह है।

उनकी पहली रचना '*डोमिन काकी*' थी। वह भी उनके वास्तविक जीवन से ली गई कहानी थी। वह कहती है कि भाषा तथा विचारों की दृष्टि तो आन्दोलनों से ली जा सकती है, लेकिन किसी समस्या को तभी महसूस किया जा सकता जब उसे आपने आस-पास देखा हो। '*गिलिगडु*' उपन्यास के कई पात्र भी उनके वास्तविक जीवन से लिए गए हैं। इसलिए इसकी भाषा जीवन से जुड़ी हुई है तथा पाठक इसे एक बार पढ़ना शुरू कर दे तो समाप्त करके ही उठेंगे।

किसी भी उपन्यास या साहित्यिक रचना का भाषिक विश्लेषण उसकी कला की रूप सामग्री का गहन अध्ययन होता है। भाषिक विश्लेषण में कृति की

'अर्थवत्ता' को महत्त्व दिया जाता है। लेकिन भाषा को प्रभावित करने वाले अन्य तत्त्वों पर भी ध्यान देना बहुत आवश्यक है। उपन्यास का हर छोटे से छोटा हिस्सा, पूरी कृति को रूप प्रदान करता है जैसा डॉ. निर्मल जैन अपनी पुस्तक 'आधुनिक साहित्य मूल्य और मूल्यांकन' में कहते हैं।

''उपन्यास समाप्त करने के बाद हमारे सामने एक एक करके जो चरित्र उभरते हैं, जो सुसम्बन्ध कथानक प्राप्त होता है और परिवेश का जो चरित्र मूर्तिमान होता है वह सारा महल क्रमशः एक-एक शब्द और वाक्य की ईंटों का ही सम्पूजित प्रभाव होता है'' (पृ. 60)।

'*गिलिगडु*' उपन्यास में पात्र आधुनिक अवश्य है परन्तु किसी भी पात्र को पूरी तरह बुरा नहीं दर्शाया गया है। पात्र भ्रमित ज्यादा दिखते हैं। जैसे वह स्वयं नहीं जानते कि अपनों को दूर धकेलकर वह स्वयं को अकेलेपन में धकेल रहे हैं। सुनयना बाबू जसवंत सिंह के बिमार होने पर सेवा करती है। बेटा नरेन्द्र अस्पताल में भर्ती करवाता है। इन सब कारणों से उपन्यास की कहानी में एक तरफ़ रिश्तों का द्वन्द्व दिखता है तो दूसरी तरफ़ दबी हुई सच्चाई भी सामने आती है।

उप-अध्याय '*होश*' में जब बाबू जसवंत सिंह बीमार हो जाते हैं और सुनयना उनका खयाल रख रही होती है तो वह उसे पैसे देते हैं।

'थर्मामीटर झटकते हुए उसने मुड़ते ही उन्होंने क्षीण स्वर में उसे ठहरने के लिए कहा था और तकिए के नीचे से उसे पाँच-पाँच सौ के दस नोट

निकालकर पकड़ाए थे कि उनकी दवादारी का ख़र्च उन पर एक दम से आ पड़ा है ...' (पृ. 118)।

बाबू जसवंत सिंह सुनयना के प्रति इतनी नाराजगी होने के बाबजूद स्वयं स्वीकार करते हैं।

'उसने उस वक्त ऊपरी मन से नहीं बल्कि स्वाभाविक रूप से संकोच प्रकट करते हुए रुपये लेने से इन्कार कर दिया था। खर्च का क्या है चल रहा है' (पृ. 118)।

उपन्यास '*गिलिगडु*' में चित्रा मुदगल ने 13 दिन के लघु उपन्यास में भाषा के विभिन्न आयामों को छुआ है। भाषा साहित्य का अटूट अंग है। यह कहना भी अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भाषा के बिना साहित्य की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती है। जैसा कि ज्यादातर भाषाविद मानते हैं कि भाषा का प्रमुख कार्य सूचना देना मात्र है। साहित्य का कथ्य अधिक गहरा होता है। उसकी विशिष्ट अनुभूति और विशिष्ट कथ्य विशिष्ट भाषा की अपेक्षा करते हैं। उक्त उपन्यास की भाषा आम बोल-चाल की भाषा होते हुए भी साहित्यिक विशिष्टता से परिपूर्ण है। तात्पर्य यह कि जब सामान्य भाषा भी साहित्य में प्रयुक्त होती है तो उसमें एक विशेष अर्थवत्ता और लयात्मकता आ जाती है जो भाषा की सामान्यता को भी सृजनात्मकता से रंग देती है।

उपन्यास की भाषा में कहीं बच्चों की कवताओं और कहीं गानों से लयात्मकता प्रदान की गई है। उपन्यास में मुहावरे भाषा के प्रवाह का और मुखर करते हैं। लेखिका ने उपन्यास में जो शब्द चयन, चरित्र का वर्णन, वाक्य की

सजवट तथा वर्ण पद्धति अपनाई है तथा उपन्यास की भाषा को और भी रोचक बना देती है।

भाषा का विश्लेषण मुख्यत: तीन तत्त्वों पर आधारित रहता है। प्रथम रूप से आन्तरिक विज्ञान जिसे अंग्रेजी में Morphology कहा जाता है। इसमें कृति की आंतरिक संरचना का वर्णन होता है और उसे किस तरह संशोधित किया जा सकता है। फिर उस कृति का वाक्य विन्यास के आधार पर विश्लेषण होता है। इसमें कृति का व्याकरण आता है और अंतिम तत्त्व है अर्थ के आधार पर। जिसे अंग्रेजी में Semantic Structure कहते हैं। इस विश्लेषण में शब्दों के अर्थों को समझा जाता है। इसके अन्तर्गत शब्दों द्वारा बनाए गए मुहावरे एवं वाक्यों का अध्ययन किया जाता है।

चित्रा मुदगल ने उपन्यास में वाक्यों के भावों का पाठकों पर और ज्यादा प्रभाव डालने के लिए, वाक्यों को बीच में छोड़ दिया है। उन्होंने पूरी स्थिति का वर्णन करने के बाद अन्तिम पंक्ति का खुला छोड़ा है ताकि स्थिति का भाव पाठक स्वयं महसूस कर सके। उदाहरण –

(1) ये आँखों की कोरें गीली कैसे हो आई ... (पृ. 88)।

(2) वे कौन? उनके बप्पा और कौन? (पृ. 97)

उपन्यास में भावों का व्याख्यान बहुत ही निपुणता से हुआ है फिर चाहे वह अकेलेपन और लाचारी से जूझ रहे बाबू जसवंत सिंह हो या फिर उसके पुत्र और पुत्रवधू का लालच और दोगलापन हो। उनकी माता की मृत्यु के बाद वह किसी तरह बाबू जसवंत सिंह को वृद्धाश्रम में छोड़ आना चाहते हैं। कर्नल स्वामी

की जीवन्तता, सुनगुनिया का साहस जिससे वह समाज की रूढिवादिताओं से लड़ती है या बाबू जसवंत सिंह की कर्नल स्वामी को देखने की अधीरता, बहुत ही कुशलता से उक्त उपन्यास की भाषा में प्रदर्शित की गई।

भाषा का प्रवाह स्वाभाविक है। उपन्यास की भाषा कहीं भी कृत्रिम नहीं लगती। वैसे भी हिन्दी भाषा स्वयं में विविधता का एक ऐसा स्वरूप है जिसने अपने गर्भ के अन्दर, कितनी ही बोलियों को छिपाया हुआ है। इस उपन्यास में अवधी, मलयालम, अंग्रेज़ी, तत्सम, तद्भव, हिन्दुस्तानी आदि शब्दों की बहुत्तायात है, शब्दों की विविधता के बावजूद भावों का कहीं भी हनन नहीं हुआ है, अपितु यह भाषा भावों के साथ बहती हुई प्रतीत होती है। शब्दों की संवादिता, गेयता, काव्यमयता तथा अर्थविहिता बहुत ही सजग है।

चित्रा मुद्गल ने अपने साक्षात्कार में कहा था, विद्रोह, संघर्ष और कायरता मनुष्य को यह सभी चीज़ें घर के वातावरण से ही मिलती हैं। उनको घर के माहौल ने विद्रोही बनाया है। इसलिए उनकी भाषा में विद्रोह का स्वर रहता है। इनकी पहली कहानी भी स्त्री-पुरुष के सम्बन्धों पर थी जो 1955 में प्रकाशित हुई थी।

'*गिलिगडु*' उपन्यास में भी विद्रोह का स्वर मुखर है। पात्र परिस्थितियों से संघर्ष करते दर्शाए हैं। हालाकि कई जगह ऐसा लगा है कि पात्र अपनी भावनाओं को बोलने से रोक रहे हैं। या यह भी कहा जा सकता है कि वह अपनी भावनाएँ बिखरने से डरते हैं। इसलिए पाठक इस उपन्यास से और ज्यादा जुड़ जाता है। जब बात जसवंत सिंह सुनगुनिया को पैसे भिजवाते हैं तो साथ में लिखते हैं-

''रुपए लौटाने का हरगिज न सोचें! अपने बाबूजी को वह खुश नहीं देखना चाहती''?

आख़िरी पंक्तियाँ लिखकर मिटा दी बाबू जसवंत सिंह ने।

जाने क्या सोचकर। (पृ. 105)

यहाँ पात्र अपनी भावनाएँ व्यक्त करने से घबरा रहा है। उपन्यास में यह घबराहट और हिचकिचाहट बहुत ही सुन्दर शब्दों में ढली है। जसवंत सिंह अपनों में अपना महसूस नहीं कर पाते बल्कि दूसरों में अपनापन खोजते हैं।

चित्रा मुदगल ने जिस प्रकार पात्रों और परिवेश का वर्णन किया वह उपन्यास को और भी रोचक बना देता है। उपन्यास में उस वक़्त चल रहे समाचारों का भी वर्णन है तथा गानों का भी। उसमें बताया गया है कि किस प्रकार टॉमी को परवेज और कारगिल युद्ध में कोई रुचि नहीं अपितु सुस्मिता सेन का 'मेहबूब मेरे' गीत बहुत चाव से सुनता है। इसके साथ-साथ उपन्यास की भाषा में MTV, भारतीय ब्रैंड जैसे हवाई चप्पल, लक्स काट्रसवूल आदि का भी नाम लिया है। इस तरह के संदर्भों से पाठक उपन्यास से और भी गहनता से जुड़ जाता है क्योंकि इस तरह वह पात्रों के समय को स्वयं में जी पाता है। लेखिका ने जगहों के नाम भी वास्तविकता के आधार पर रखे हैं। नागार्जुन अपार्टमेंट या ग्लैक्सो अपार्टमेंट या फिर Noida का वृद्धाश्रम, यह सब जगह दिल्ली में हैं।

टॉमी बाबू जसवंत सिंह के पुत्र के घर का एक पालतू जानवर है। उपन्यास में टॉमी का भी अपना महत्त्वपूर्ण किरदार है। बाबू जसवंत सिंह शुरू में टॉमी को लाने ले जाने से परेशान होते हैं। लेकिन जब वह बिमार होते हैं और

अस्पताल में दाखिल हो जाते हैं, तो उनके घर वापिस आने पर सबसे ज्यादा टॉमी खुश होता है। मलय-निलय तो मशीनी बच्चे प्रतीत होते हैं। उन्हें न अपने घर से सरोकार है न घरवालों से। वह अपने मशीनी उपकरणों व अपने मित्रों में खुश है। माता-पिता भी सन्तुष्ट है कि बच्चे अपना जन्मदिन घर में न मनाकर मित्रों के साथ मनाना चाहते हैं और बड़ों को उनकी पार्टी में आने की मनाही है। उपन्यास के पात्रों को बड़ी ही गहनता से गढ़ा है। इसमें दर्शाया है कि किस प्रकार जानवर अपने मालिक के लिए ईमानदार हो सकता है परन्तु वह बच्चे जिन्होंने अपने माता-पिता से जीवन भर सब कुछ लिया, उनके अशक्त होने पर उन्हें छोड़ देता है।

लेखिका ने शब्दों का चयन भी उसी प्रकार से किया है जैसे चकाचक फुरफुरी, मिचमिचाहट, ऊल-जुलूल, टपटपा, रौंद रौंद आदि। यह शब्द हिन्दी पाठकों को उपन्यास से और भी मनोरंजक बना देते हैं। अंग्रेज़ी अनुवाद में भी इस उपन्यास और इन शब्दों के जादू को बरक़रार रखने का पूरा प्रयास किया गया है।

पाठ '*रामवती-सोमवती*' बाबू जसवंत सिंह को लगने लगा है कि ''हवा में एकाएक ठंड बढ़ रही है और ठंड ढिठाई के साथ नाक में छींक आने की हद तक फुरफुरी कर रही। छींक आ जाए तो फुरफुरी की 'मिचमिचाहट' से मुक्ति मिले'' (पृ. 25)।

आज के बदलते मूल्यों पर और संवेदनाओं के मशीनीकरण पर लेखिका ने इस उपन्यास द्वारा बहुत ही सटीक कटाक्ष दिया है। साथ ही साथ पात्रों की

परिस्थितियों की कड़ी को इस प्रकार जोड़ा है कि वह अन्त तक एक दूसरे से बँधी नज़र आती है। खून से ज्यादा मन के सम्बन्धों की गूढता दिखाई है।

जब कर्नल स्वामी की मृत्यु होती है उस वक्त बाबू जसवंत सिंह को बिना जाने उदासी के बादल घेर लेते हैं। वह नहीं जानते कि कर्नल स्वामी को ठीक भी है या नहीं परन्तु उनकी अनुपस्थिति कुछ बुरा होने का अंदेशा दे देती है। उनके मन में उल्टे-सीधे खयाल आने लगते हैं जैसे कर्नल स्वामी की मृत्यु बाबू जसवंत सिंह ने भाँप ली हो। सुबह जब उन्हें छींक आती है तो वह अपनी स्वर्गवासी पत्नी को याद करते हैं कि शायद यह अपशगुन है। लेखिका ने '*गिलिगडु*' उपन्यास में रिश्तों का जाल बहुत ही दक्षता से बुना है। कर्नल स्वामी के अपने बच्चे उनकी मृत्यु पर नहीं आते। वह एक अकेली मौत मरते हैं। उनकी मृत्यु के समय उनके पास कोई नहीं होता है।

परन्तु बाबु जसवंत सिंह जिनका कर्नल स्वामी से मित्रता के अलावा कोई रिश्ता नहीं, उनको कर्नल स्वामी की मृत्यु का आभास हो जाता है। लेखिका ने यह स्पष्ट किया है कि रिश्तों के लिए केवल प्रेम की आवश्यकता होती है फिर चाहे वह खून के रिश्ते हो या न हो। इसका एक और बहुत प्यारा उदाहरण उपन्यास में लेखिका ने बाबू जसवंत सिंह और सुनगुनिया के रिश्ते का दिया है।

सुनगुनिया बाबू जसवंत सिंह के अकेलेपन का सहारा बनती है। उनके कानपुर छोड़ने पर रोती है। लेखिका ने यहाँ भी अकेलेपन का सहारा उनके घर में काम करने वाली महिला बताई है न कि उनका अपना बेटा नरेन्द्र। पत्नी की मृत्यु के बाद जब वह अकेलेपन में घिर जाते हैं तो उन्हें घर से बदबू आने लगती है।

मनोचिकित्सक ने उनकी समस्या को विश्लेषण किया। उसने इसे मामूली सी मानसिक परेशानी बताया, दरअसल बदबू कुछ और नहीं उनका भय है। अकेलेपन का भय।

उपन्यास की भाषा पाठकों के लिए भी स्वप्न गढ़ती है। पहली बार तो कर्नल स्वामी का खुशहाल परिवार का स्वप्न और दूसरी बार बाबू जसवंत सिंह जब कर्नल स्वामी से मिलने जाते हैं।

शब्दों का चयन इस प्रकार किया गया है कि पाठक भी उस पात्र को जीने लगते हैं। बाबू जसवंत सिंह जब कर्नल स्वामी के घर जाते हैं तो रास्ते से *गिलिगडु* के लिए केक और मिठाइयाँ ख़रीदते हैं। पूरे रास्ते सोचते हैं कि कर्नल स्वामी से क्या क्या कहेंगे।

उनकी घर के पास पहुँच कर आस पास के वृक्षों और पक्षियों को देखते हैं। उनको सब जगह से कर्नल स्वामी का नाता दिखाई देता है। बाबू जसवंत सिंह की यह इच्छा है कि दरवाजा खुलते ही गिलिगडु उनके हाथों से मिठाई छीन ले। लेखिका ने जिस प्रकार शब्द जाल से यह स्वप्न गढ़ा है पाठक भी उसे साथ महसूस करता है।

बाबू जसवंत सिंह कि मिसिज श्रीवास्तव से मुलाकात पाठकों को भी झकझोरती है। ऐसा प्रतीत होता है जैसे बाबू जसवंत सिंह के साथ पाठकों का भी स्वप्न टूटता है।

लेकिन यह उपन्यास केवल समस्या की चर्चा नहीं करता है। यह उपन्यास समाधान भी प्रस्तुत करता है। इसका अन्त तसल्ली भरा है। 'गिलिगडु'

उपन्यास जीवन से हारे हुए अशक्त पात्रों की कहानी नहीं है बल्कि जीवन को उत्साह से जीने की कहानी है।

चित्रा मुद्गल भारतीय भाषाओं की लेखिकाओं में एक प्रतिनिधि हस्ताक्षर है। उन्होंने प्रस्तुत उपन्यास से यह स्पष्ट कर दिया है कि परिवार के वृद्धजनों का अनादर आधुनिकता का परिचायक नहीं है बल्कि पशुवृत्ति का प्रदर्शन है। वह अन्य उपन्यासकारों की तरह इस उपन्यास में अकेलेपन से जूझ रहे खोखले चरित्रों का वर्णन नहीं कर रही बल्कि उनके संघर्ष और प्रतिरोध की चर्चा भी करती हैं। उपन्यास प्रौढ़ पात्रों की भाषा में है। *'गिलिगडु'* उपन्यास को अंग्रेज़ी में अनुवाद करने के लिए Thesauras की सहायता ली गई, जिससे कई नए शब्दों से पहचान हुई। शब्दों का आम बोलचाल का होना अपने में एक वरदान था।

चित्रा मुद्गल की भाषा में गहनता और लयात्मकता का कारण है उनका सामाजिक जीवन से सरोकार है। उनकी प्रेरणा का स्रोत ही प्रवाहमयी जीवन है और वह इस उपन्यास में पूरी तरह दृष्टिगोचर होता है। उनकी सामाजिक मुद्दों के साथ साथ भाषा पर भी अच्छी पकड़ है। इसी कारण वह सामाजिक परिस्थितियों तथा उनसे उत्पन्न हुई भावनाओं और द्वन्द्वों को अपनी रचनाओं में इतनी सरलता से प्रकट कर पाती है। जैसा कि भोलानाथ तिवारी अपनी पुस्तक अनुवाद विज्ञान में लिखते हैं कि भाषा में प्रयुक्त शब्द, वस्तुओं, भावों, विचारों आदि के प्रतीक होते हैं। किसी भी कृति का भाषिक विश्लेषण करने से पहले उस कृति को ऐतिहासिकता, लेखक का परिवेश, कृति के सामाजिक और राजनीतिक काल का ज्ञान बहुत आवश्यक है।

भाषिक विश्लेषण करते हुए लेखिका द्वारा रचित कई अन्य रचनाओं की भी पढ़ा ताकि उनकी भाषा शैली का और ज्ञान मिल सके। उन्होंने साक्षात्कार का सुअवसर प्रदान किया। जिससे उनकी भाषा और लेखन की शैली का और गूढ़ ज्ञान प्राप्त हुआ। उनकी भाषा में विद्रोह का स्वर हमेशा रहता है फिर चाहे वह 'एक जमीन अपनी' हो या फिर उनका अभी प्रकाशित हुआ उपन्यास 'नाला सपोरा पो बाक्स नं. 203, हो। हाल ही में प्रकाशित इस उपन्यास में चित्रा जी ने समाज के लिए प्रश्न उठाया है कि अगर लिंग परीक्षण पर सज़ा का प्रवधान है तो ऐसे माता-पिता को क्यों दण्डित नहीं किया जाना चाहिए जो अपने किन्नर बच्चों को कहीं छोड़ आते हैं। उनकी भाषा समाज पर कटाक्ष करती रही है।

इसके आधार पर यह स्पष्ट होता है कि चित्रा मुद्गल की भाषा में कल्पना और सूझबूझ दोनों है। वह भाषा और लेखक को किसी बंधे कैदी की तरह कटघरे में नहीं रखना चाहती। हर रचना को रचने के लिए एक दृष्टि की आवश्यकता होती है। वह स्वयं कहती है कि वह दृष्टि कभी उन्हें मार्क्स से मिली है, कभी गाँधी से तो कभी लोहिया से। पाठक तभी समस्या से जुड़ सकता है जब कृति की भाषा बोधगम्य हो, सरल हो तथा आडम्बर रहित हो। उनकी भाषा इन सभी मापदण्डों को पार कर पाठक के हृदय तक पहुँचती है। और यह बात *'गिलिगडु'* उपन्यास से स्पष्ट तौर पर प्रमाणित हो जाती है कि मनुष्य ने मशीनें बना-बनाकर स्वयं को भी संवेदनारहित मशीन बना दिया है।

चौथा-अध्याय

अनूदित उपन्यास का सामाजिक-सांस्कृतिक विश्लेषण

मानव जन्म से मरण तक अपने समाज से जुड़ा हुआ होता है। उसका पालन-पोषण, शिक्षा-दीक्षा तथा जीवन निर्वाह समाज में ही होता है। वही मानव जब समाज में हुए अनुभवों को शब्दों में ढलता है तो वह साहित्य बन जाता है। कोई भी लेखक समाज से ही उत्पन्न होता है और फिर अपनी क़लम के दम पर समाज की अच्छाई बुराई को रेखांकित करता है।

ग्रीस के प्रसिद्ध आचार्य एरिस वेटल ने साहित्य को जीवन और समाज का अनुकरण माना है। रचनाकार जीवन और जगत के अनुभवों और घटनाओं को समाज से उठाकर समाज को ही लौटा देता है। साहित्यकार समाज का उत्थान-पतन, रीति-रिवाज, आस्था एवं मूल्यों को स्पष्ट रूप से साहित्य में प्रदर्शित करता है। शेक्सपियर के नाटक, चार्ल्स डिकेन्स के उपन्यास, जेन आस्टन के उपन्यास, ओ हेनरी की कहानियाँ, वर्ड्सवर्थ की कविताएँ, शैली, कोलरिज एवं कीट्स की कविताएँ, जयशंकर प्रसाद की कहानियाँ, रवीन्द्रनाथ की कविताएँ, प्रेमचंद के उपन्यास आदि कृतियों को पढ़ने पर समाज एवं साहित्य का सम्बन्ध समझ आता है।

इसके अलावा भी कई लेखक जैसे भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, प्रतापनारायण मिश्र, फणीश्वरनाथ रेणु, बिहारी, महादेवी वर्मा, यशपाल, सुमित्रानन्दन पंत, सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला, हरिवंशराय बच्चन, भारतेन्दु, अज्ञेय, दिनकर आदि कई साहित्यकार हुए, जिन्होंने न केवल अपनी क़लम के द्वारा समाज की विसंगतियों को उजागर किया बल्कि उनके समाधान भी दिए।

आधुनिक कथा लेखिका चित्रा मुदगल हिन्दी कथा-साहित्य की बहुचर्चित और सम्मानित लेखिका हैं। वह स्वभाव से शीतल, विचारों से दार्शनिक तथा शब्दों से क्रान्तिकारी है। समाज में फैली विंसगतियों एवं कुरीतियों का विद्रोह उनके जीवन के साथ-साथ लेखन में भी दिखता है। अब तक इनकी 13 कहानी संग्रह, चार उपन्यास, तीन बाल उपन्यास, चार बालकथा संग्रह, पाँच सम्पादित पुस्तकें और दो वैचारिक संकलन प्रकाशित हो चुके हैं। अनुवाद के माध्यम से भी इनका संसार अन्य भाषा-भाषी पाठकों के समक्ष पहुँचा है। उपन्यास कहानी लेखन के साथ-साथ आलोचना वैचारिक लेखन में भी उनकी सृजनात्मक प्रतिभा की झलक दिखती है।

चित्रा मुद्गल कहानियाँ हो या उपन्यास, समय और समाज की जड़ों से जुड़े होना उनकी विशेषता है। वह अपनी रचनाओं में स्त्री के चरित्र को अशक्त नहीं दिखाती। स्त्री के चरित्र के नए-नए आयामों को वह अपनी कृतियों में उभारती है। चाहे वह स्त्री समाज की परिस्थितियों से लड़ रही हो या सांस्कृतिक रूढ़ियों को तोड़ आगे बढ़ रही है।

'लकड़बग्घा' की 'पछाँहवाली', 'केंचुल' की 'कमल', 'भूख' की, 'लक्ष्मी' 'नीले चीख़ने वाला कंबल, की टिकैतिनि कक्की तथा 'प्रतियोनि' की छात्रा 'अनीता गुप्ता' हो। ये सब चरित्र स्वयं में अपनी विशेषता लिए हुए हैं। सामाजिक समस्याओं के उल्लेख के साथ नारीवादी दृष्टिकोण भी स्पष्ट नज़र आता है।

लेखिका अपने साक्षात्कार में कहती है कि सामाजिक सरोकार उन्हें लिखने के लिए प्रेरित करता है। विद्रोह और संघर्ष उनकी क़लम की खूबी रही है। उनके लेखन में एक ओर पात्र जहाँ ज़माने के साथ छोड़ रहे होते हैं वहीं दूसरी ओर इनकी रचनाएँ संवेदनाओं से भी ओत-प्रोत होती हैं।

'*गिलिगडु*' भी ऐसा ही उपन्यास है। यह उपन्यास मराठी, उर्दू आदि भाषाओं में अनूदित हो चुका है। अंग्रेजी में इसका अनुवाद नहीं हुआ है। उक्त उपन्यास तेरह दिनों की कहानी है। यह दो बुजुर्गों के शेष पर्व के जीवन का मार्मिक ब्यौरा प्रस्तुत करता है।

वर्तमान समय और समाज में लगातार मशीनीकरण और मूल्यों के हनन से आज की पीढ़ी वृद्ध माँ-बाप को अनुपयोगी मानती है। यह उपन्यास उसी त्रासदी को बयां करती है। माँ-बाप अगर बच्चों को पाल-पोस कर बड़ा करते हैं तो यह उनका कर्तव्य माना जाता है। लेकिन जीवन के अन्तिम चरण में जब माता-पिता को सबसे अधिक ज़रूरत होती है, तब पुत्र उन्हें, बोझ मान उनसे छुटकारा पाना चाहते हैं। इसी क्रूर और कटु यथार्थ को चित्राजी ने संवेदनशील ढंग से उपन्यास में व्यंजित किया है।

किसी भी समाज की भौतिक समृद्धि का विकास तब होता है जब उसकी कला और संस्कृति दूसरे समाज में किसी-न-किसी ढंग से अपनी पहचान बना पाती है। अनुवाद ने साहित्य के सामाजिक तथा सांस्कृतिक पक्ष के आदान-प्रदान में बहुत गहरी भूमिका निभाई है। हर समाज की अपनी संस्कृति होती है तथा उस संस्कृति की अपनी विशेषता रहती है। उस संस्कृति से उपजे शब्द तथा अभिव्यक्तियों को दूसरी भाषा में ढूँढ़ पाना कठिन कार्य है। ये सांस्कृतिक अभिव्यक्तियाँ बहुत पैनी और व्यंजक होती है। उक्त उपन्यास का सामाजिक और सांस्कृतिक पक्ष का शोधपरक विश्लेषण करने का सबसे बड़ा कारण भी यही है। चित्राजी ने भी जिस प्रकार यूपी के कानपुर की ठेठ संस्कृति के साथ शहर और समाज का बनावटीपन दशा या उसका चित्र आज के पाठक वर्ग को भीतर तक छूने की क्षमता रखता है। इस उपन्यास से आकर्षित होने का यह कारण भी है कि यह आजकल की आत्मकेन्द्रित पीढ़ी को आधार बनाकर लिखा गया है। इसलिए पाठक के आधार से भी, कृति से जुड़ाव स्वाभाविक है।

इस उपन्यास में पहली बार कई सामाजिक समस्याओं की चर्चा की गई है। हालांकि इस उपन्यास में मुख्य रूप-सी पीढ़ियों के टकराव की कहानी वर्णित की गई है परन्तु इसके साथ स्त्रीवादी दृष्टिकोण भी है। लेखिका ने उपन्यास में अरूणिमा दास के पात्र को एक सशक्त महिला के रूप में चित्रित किया गया है। वह एक विधवा महिला है जो जीवन के आख़िरी पड़ाव में अपना हमसफ़र ढूँढ़ रही है। उनके दो लड़कियाँ और एक लड़का है और वह दादी नानी भी बन चुकी है। वह अख़बार में विज्ञापन देती है कि इच्छुक व्यक्ति अपना फोटो, परिचय सहित विचारार्थ प्रेषित करे।

भारतीय समाज में स्त्रियों की स्थिति अभी भी उतनी सशक्त और स्वतंत्र नहीं है जितनी होनी चाहिए। शहरी महिलाओं ने फिर भी समाज में अपनी पहचान प्राप्त की हैं परन्तु गाँव-देहात की महिला अभी भी अपने मौलिक अधिकारों से अनभिज्ञ है। विधवा महिला की जीवन यात्रा तो भारतीय समाज में और भी कठिन हो जाती है। सामाजिक रूढ़ियों में फँसकर वह अपने अधिकारों को तो क्या उसके लिए साधारण जीवन का भी निर्वाह करना दूभर हो जाता है।

विधवा अणिमा दास का पात्र बहुत आकर्षित करने वाला है। अपने अकेलेपन को दूर करने के लिए अखबार में जीवन साथी के लिए विज्ञापन देना साहसिक कार्य है। लेखिका स्वयं भी स्वतंत्र एव विद्रोही प्रवृत्ति की है। उनके पात्र समाज की रूढ़ियों के सामने घुटने नहीं टेकते बल्कि उनसे अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करते हैं।

लेखिका ने इस उपन्यास में दो वर्गों की स्त्रियों का चित्रण, जो समाज के दो अलग हिस्सों से आती है। दूसरा पात्र है सुनगुनिया। अणिमा दास अंग्रेजी में पत्र व्यवहार करती है, कम्प्यूटर चलाना जानती है और अपने पुरुष प्रेम को स्वीकार करने में सकुचाती नहीं है। वहीं दूसरी ओर सुनगुनिया है जो बाबू जसवंत सिंह के घर में काम करती है। उसका पति और बच्चे बाबू जसवंत सिंह के घर के आसरे ही पलते हैं। सुनगुनिया का पति रामआसुरे जहरीली शराब पीकर मर जाता है। इस कारण सुनगुनिया पर उस घर चलाने की जिम्मेदारी आ जाती है। वह अनपढ़, गरीब और दलित समाज की है। पढ़े-लिखे बुर्जुआ समाज के तौर तरीको से वह अनभिज्ञ है। लेकिन उपन्यास में उसकी समझ कई पढ़े-लिखे शिक्षित वर्ग से कहीं आगे की दिखाई है। नेता रामखिलावन यादव सुनगुनिया को

राजनीति का प्रलोभन देते हैं। वह चुनावादि में जातिवाद को भुनाकर उससे फ़ायदा उठाना चाहता है। उसका नेताजी को दिया गया सपाट जवाब, सुनगुनिया के सशक्त चरित्र को दर्शाता है। वह कहती है –

''गाँव में उसको बामन ठाकुरों ने नहीं सताया, सगे लोगों के लिए भी औरत औरत ही ठहरी ...। उन्हें न सुहाए तो न सही। उसे शांति से अपने बच्चे पालने दे। उसे न पार्टी के दफ़्तर में काम करना है न गाँव की सरपंचगिरी बजानी है।'' (पृ. 83)

आज का समाज सामाजिक तौर पर है। बातों की मिठास और शालीनता की रक्षा करते-करते मनुष्य झूठ और दोगलेपन का नमूना बनता जा रहा है। सुनगुनिया की पात्रता पाठक वर्ग को समाज का वह हिस्सा दिखाता है, जिसमें पढ़ाई लिखाई के समझ तो नहीं परन्तु जीवन की समझ शिक्षित वर्ग से ज्यादा है। ऐसे लोगों में सही ग़लत की समझ होती है और अपनी बात को बिना मिलावट और बनावट के दूसरों को सामने प्रस्तुत करना जानते हैं।

दूसरी तरफ बाबू जसवंत सिंह का चरित्र है। वह एक रिटायर्ड इंजीनियर है। उनका पात्र समाज के हर दूसरे घर का पात्र – जैसा प्रतीत होता है। वह आजीवन अपना काम ईमानदारी से करते हैं और उन्होंने बहुत ही साधारण जीवन शैली अपनाई है। वह पुरानी रीतियों में विश्वास रखते हैं तथा अपने बुढ़ापे के समय बच्चों से आदर और सम्मान के इच्छुक हैं। लेकिन लेखिका बताती हैं कि अब भारतीय समाज में बुढ़ापा एक अभिशाप बनता जा रहा है।

बाबू जसवंत सिंह के बच्चे उनका कानपुर वाला घर हड़पकर उन्हें वृद्धाश्रम में छोड़ने की बात करते हैं। इससे आज के युवा वर्ग का स्वार्थी तथा

संवेदनहीनता का पता चलता है। चित्रा मुद्गल अपने जीवन में काफी NGO से जुड़ी रही है। वह नोयडा में रहती है। अपने साक्षात्कार में बताती हैं कि नोयडा सै. 55 के वृद्धाश्रम का यह हाल है कि अगर आश्रम में पाँच सीटें खाली होती है तो पाँच हजार आवेदन आते हैं। इससे स्पष्ट है कि ऐसे कितने लोग हैं जो अपने माँ बाप को घर में रखना नहीं चाहते हैं। यह उपन्यास समाज के जड़ों से जुड़ी हुई समस्या पर सवाल उठाता है। वृद्ध माता-पिता की अवहेलना साफ दर्शाती है कि किस प्रकार भारतीय मूल्यों से बेखबर हमारी पीढ़ी संवेदनाविहीन होती जा रही है।

यह उपन्यास समाज की आधारभूत संरचना का भी वर्णन करता है। फिर चाहे वह पुलिस हो, प्रशासन के साधन हों या फिर हमारे समाज के राजनीतिज्ञ हो। शहर की बसों के हाल पर भी लेखिका इस उपन्यास द्वारा कटाक्ष करती है।

''कातिल ब्लू लाइन बसें आजकल जेट विमानों से होड़ लेने पर उतारू हैं और सड़क पर चलने वाले फुटपथिए उन्हें कीड़े-मकोड़े नज़र आते हैं। ये सड़कें कीड़े-मकोड़े के लिए नहीं बनी। सड़क पर एकछत्र उनका अधिकार है।''

उपन्यास में एक ओर संचार के माध्यमों पर कटाक्ष है तो दूसरी ओर समाज में पुलिस वालों की छवि पर भी व्यंग्य कसा गया है। 'पुलिस वालों का ख़ाली खोखला रोब बनाए रखता है।

दरअसल पुलिस जो हमारी रक्षा के लिए मुस्तैद है, वह नदारद है और केवल ख़ाली दीवारें हमारी रक्षा का आश्वासन देती हैं।

उपन्यासकार ने इस कृति में समाज के कई आयामों एवं संस्कृतियों का परिदृश्य उजागर किया है। एक तरफ़ उन्होंने ग्रामीण जीवन की स्पष्ट छवि दिखाई है तो दूसरी तरफ शहरी जीवन का चित्रण किया है। इस उपन्यास में दो तरह की जीवन शैलियों में टकराव व्यक्त है। सरल, साधारण जीवन जीने के बावजूद वह कठिनाइयों से परे नहीं है। उन्हें जीवन भर स्वीकृत समाज-व्यवस्था की बारीकियों से जूझना पड़ता है। समाज की रूढ़ियों में फँसकर वे कई बार अपने मौलिक अधिकारों से भी वंचित कर दिए जाते हैं।

इसी तरह शहरी जीवन का परिदृश्य चित्रित हुआ है। हर कोई होड़ में शामिल है। एक दूसरे से आगे निकल जाने की होड़ उन्हें मानवीय संवेदनाओं से दूर कर देती है। यहाँ प्लेटो की धारणा पर दृष्टिपात करना उचित होगा। उन्होंने अपनी प्रसिद्ध कृति *'रिपब्लिक'* के दूसरे खण्ड में दो तरह के समाजों की चर्चा की है। साधारण शहर तथा धनी शहर। प्लेटो के उदाहरण से साधारण शहर या समाज में न्याय और शासन के लिए सरकारी दख़ल की भी जरूरत नहीं है। उनका समाज इतना सक्षम है कि वह अपनी न्याय प्रणाली द्वारा समाज व्यवस्था बना सकती है जबकि धनी समाज जिसे शहरी समाज की भी संज्ञा दी जाती है। अपनी पारम्परिक रीतियों एवं रूढियों से मुँह मोड़कर अपनी आकांक्षा के अनुसार राह निर्मित करते हैं।[1]

---

[1] "They deviate from the simple ways of their ancestors to indulge in the satisfaction of new needs that require new products. Thus, they sit on cushions and at tables, eat desserts, use pomades and fragrances, visit with prostitutes, and enjoy pastry, theatre and music concerts." (P. 159)

ग्रामीण जीवन का यथार्थ हो या शहरी जीवन की न्याय प्रणाली और शासन व्यवस्था की आवश्यकता दोनों जगह है। अंतर केवल इतना है कि साधारण जीवन में बनावट नहीं होती। जीवन की कठिनाइयाँ, सरलता से सुलझाई जा सकती है। परन्तु शहरी जीवन शैली में रचे-बसे लोग अपने ही माता पिता को बोझ मान उनसे छुटकारा पाना चाहते हैं अन्त में उनका जीवन अपनों के बिना और कठिन हो जाता है तथा जीवन के संघर्ष में वह बिल्कुल अकेले हो जाते हैं।

उक्त उपन्यास को अंग्रेजी अनुवाद के लिए चुनने का सबसे बड़ा कारण यह भी है ताकि भारतीय समाज में घर करती यह समस्या अंग्रेजी पाठक वर्ग तक पहुँच सके। हालाँकि बुढ़ापे की समस्याओं से आज विश्व का हर समाज परिचित है और भयभीत भी। लेकिन भारत में वृद्धों की समस्या इसलिए कहीं अधिक भयावह है क्योंकि यहाँ वृद्धों को केवल अपने परिवार के सदस्यों पर ही निर्भर रहना पड़ता है और वह भी अर्थ एवं सामान्य सुविधा के अभाव में।

वर्तमान समय एवं भूमण्डलीकृत विश्व में उपभोग संस्कृति ने विषम रूप धारण कर लिया है। लोगों की मानसिकता पूर्ण रूप से आत्मकेन्द्रित हो गई है। पारिवारिक मूल्यों का निरंतर अभाव होता जा रहा है। परिवार के वृद्धजनों का अनादर आधुनिकता का परिचायक नहीं है बल्कि पशुवृत्ति का प्रदर्शन है। आज की संस्कृति में एवं मशीनीकरण के दौरे में 'इस्तेमाल करो और फेंको' (Use & Throw) वाली संवेदनहीनता ने समाज को जकड़ लिया है।

वर्तमान पीढ़ी 'फायदे की पीढ़ी' की वकालत करती है। जिससे और जिसमें फायदा दिखता है, उनका आदर-सत्कार करने में उन्हें कोई आपत्ति नहीं

होती। प्रस्तुत उपन्यास में भी जब तक नरेन्द्र की माता जीवित रहती हैं, वह उनका खूब आदर सम्मान करते हैं। इसका कारण है माँ के पास बहुत साड़ियाँ होना तथा माता-पिता का एकजुट रहना। नरेन्द्र जानता है कि कानपुर वाला घर अभी भी उसके पिता बाबू जसवंत सिंह के पास है।

नरेन्द्र की पार्टियों में भी उसकी माँ भिन्न-भिन्न प्रकार के पकवान पकाया करती थी। जब तक वह जीवित रही तब तक उनका बहुत आदर-सम्मान किया। उनकी मृत्यु के पश्चात् ही उनकी साड़ियों और गहनों के बँटवारे की बात चलने लगती है। उक्त उपन्यास हमें अपनी सामाजिक संरचना की कमजोरियाँ और पीढ़ियों के अंतर पर बार-बार विचार करने पर बाध्य कर देता है।

लेकिन इस प्रकार के स्वार्थी प्रवृत्ति, समाज में आनेवाली नई पीढ़ी पर भी दुष्प्रभाव डाल रही है। आज की नई पीढ़ी माँ-बाप की जगह मनोरंजक मशीनों के साथ समय बिताना ज्यादा पसंद करते हैं। अब बच्चों को समझाने के लिए बहुत सख़्ती नहीं की जा सकती। वह किस बात की कड़वाहट लेकर बड़े होकर क्या जवाब दे, इस बात का अनुमान लगाना असम्भव है। इस बात का सबसे बड़ा उदाहरण तब मिलता है जब नरेन्द्र बचपन की कड़वाहट अपने पिताजी से उजागर करता है। 'गठरी में लागा चोर' प्रकरण में नरेन्द्र कहता है।

''गाँव से आए रामसेवक कक्का के हाथों अम्मा उनसे छिपाकर उसके होस्टल शक्करपारे और कटहल का आचार भिजवा रही थी। देख लेने पर उन्होंने कक्का की साइकिल के कैरियर में बँधी अचार की मटकी और शक्करपारे उठाकर गेट से बाहर फेंक दिए थे।'' (पृ. 40)

यह सुनकर बाबू जसवंत सिंह हतप्रभ रह गए।'

जो सख्ती बच्चों में अनुशासन लाने तथा बेहतर भविष्य के लिए बाबू जसवंत सिंह ने की थी, वही सख्ती उनके अनादर का कारण बन गई थी। समाज में फैले इस स्वार्थी मशीनीकरण के विषय ने आनेवाली पीढ़ी को बिल्कुल संवेदनाओं से रहित कर दिया है। आज की पीढ़ी, अपनी उम्र से ज़्यादा बड़ी हो गई है। बड़ों के प्रति आदर प्रेम, उनके लिए मात्र खोखले शब्द रह गए हैं। 'यह क्या जगह है दोस्तो' उप-अध्याय में जब बाबू जसवंत सिंह पर बहू सुनयना पड़ोसन की बेटी के सामने अभद्र हरकत का आरोप लगाती है तो यह घटना समाज की मानसिकता पर प्रश्न उठाती है।

जिस लड़की को देखकर बाबू जसवंत सिंह पर अभद्रता आरोप लगता है, उसमें वह अपनी पोती देखते हैं। वह कहते हैं -

''ऐसा नहीं है कि पड़ोसन की बेटी को बाबू जसवंत सिंह ने देखा नहीं। ज़रूरी कपड़े उठाते फैलाते नजर पड़ी है उस पर। उस मासूम-सी किशोरी को देखकर सदैव यही ख़याल आया। नरेन्द्र की एक बेटी होती तो घर के रुक्ष वातावरण में शायद कोई कलरव जन्मता।'' (पृ. 60)

दरअसल यहाँ समाज की बीमार मानसिकता का चित्रण किया गया है। अब किसी भी रिश्ते और भावनाओं का कोई अर्थ नहीं रहा है। इस पीढ़ी की फितरत में उम्र का लिहाज नहीं है। इसलिए बाबू जसवंत सिंह द्वारा की गई हरकत सबको अभद्र और अश्लील लगती है। सोचा ही नहीं होगा कि इसका कारण बाबू जसवंत सिंह की कोई पीड़ा या तकलीफ़ हो सकती है।

आज की पीढ़ी माता-पिता के साथ रहने के बाद भी उनकी भावनाओं से कोसों दूर है। जैसा कि बाबू जसवंत सिंह नरेन्द्र के बारे में कहते हैं कि विदेश में रहनेवाले मित्रों से उसका बराबर सम्पर्क बना हुआ है। इसमें व्यंग्य यह है कि वह अपने बाबू जी की पीड़ा नहीं समझता। वह नरेन्द्र के ही घर में रहते हैं। लेकिन वह उनकी पीड़ा और अकेलेपन से पूरी तरह अनभिज्ञ है। विदेश के मित्रों से नरेन्द्र का फायदा है। वह स्वयं भी अमेरिका जाना चाहता है। इसलिए उसका सम्पर्क बना हुआ है। ऐसी ही संवेदनहीन स्वार्थी प्रवृत्ति नई पीढ़ी के पात्र मलय और निलय में भी दिखाई गई है।

दरअसल इस उपन्यास में दो तरह के बच्चों का वर्णन हुआ है। एक तरफ नरेन्द्र और सुनयना के बेटे मलय और निलय का वर्णन किया गया है। दूसरी तरफ कर्नल स्वामी के काल्पनिक संसार की गिलिगडु (कात्यायनी - कुमुदनी है मलय-निलय मशीनी बच्चे प्रतीत होते हैं। अपना जन्मदिन वह अपनों के साथ ही मनाना नहीं चाहते। वह अपने जन्मदिन की पार्टी में सब मित्रों को बुलाते हैं लेकिन माता-पिता या दादा को नहीं। विडम्बना यह है कि माता-पिता भी बच्चों के निर्णय से खुश है। सुनयना कहती है कि पिछली बार जन्मदिन की पार्टी का उसे बहुत काम पड़ गया था। इसलिए यही अच्छा है कि बच्चे अपना जन्मदिन बाहर ही मना आए। वह अपने दादा से उपहार तो चाहते हैं लेकिन उनके साथ समय व्यतीत नहीं करना चाहते।

दूसरी तरफ चित्रा मुद्गल ने उपन्यास में 'गिलिगडु' के कर्नल स्वामी की पौत्रियाँ - कात्यायनी और कुमुदनी है। वह अपने दादा के साथ खेलती हैं। उन्हें अपने स्कूल की कविताएँ सुनाती हैं। वह कर्नल स्वामी से प्यार भरी ज़िद करती

है, गाती-नाचती तथा सबसे ज़्यादा वक़्त उन्हीं के साथ व्यतीत करती है। इस तरह प्रस्तुत उपन्यास में दो परिवारों के बिल्कुल अलग संसारों का वर्णन किया गया है, तो इसने पाठकों के काफ़ी हैरान किया। पाठक यह सोचने पर मजबूर हो जाता है कि आज के समय में भी परिवार यह प्यार और सद्भाव होना सम्भव है। लेकिन अंत में जब यह पता चलता है कि यह सद्भाव केवल भ्रम था तो यह प्रसंग सामाजिक व्यवस्था पर प्रश्न उठाता प्रतीत होता है।

बाबू जसवंत सिंह को अंत में पता चलता है कि कर्नल स्वामी तो बहुत अकेले थे। उनके साथ उनके परिवार का कोई भी नहीं रहता था। उनके बेटे ने उन पर पैसों के लिए हाथ उठाया था। उनकी बहू अपने गुरु के साथ भाग गई थी। उनकी पौत्रियाँ उनके साथ नहीं रहती थी बल्कि वे किसी होस्टल में पढ़ती थीं। उनका जीवन बिल्कुल अकेला था। यहाँ तक कि उनकी मृत्यु पर भी सब बच्चे नहीं आए बल्कि बस्ती के गरीब बच्चे इकट्ठे हुए। उपन्यास में यह वर्णित घटना समाज की व्यवस्था पर कई प्रश्न उठाती है। वास्तव में हमारा अपना कौन है? क्या खून का रिश्ता ही सबसे बड़ा रिश्ता होता है?

इस उपन्यास में लेखिका ने गहरे शोध से पात्रों के रिश्तों की रचना की है। मनुष्य हो या जानवर, हर कोई अपने बच्चे का पालन-पोषण तथा संरक्षण करता है। भारतीय समाज में तो मनुष्य अपना पूरा जीवन बच्चों को अपने पैरों पर खड़े होने में लगा देता है। वही बच्चे बड़े होकर बुढ़ापे में अपने माँ-बाप को अपने घर तक में रखने से गुरेज करते हैं। वह उन्हें अनुपयोगी मानकर वृद्धाश्रम में फेंक आना चाहते हैं।

दूसरी ओर कई और रिश्तों का द्वन्द्व भी उक्त उपन्यास में प्रस्तुत किया गया है। बाबू जसवंत सिंह और कर्नल स्वामी का रिश्ता। बाबू जसवंत सिंह को कर्नल स्वामी से इतना लगाव हो जाता है कि बीमार होने पर वह अपने पुत्र और पुत्रवधू तक को नहीं पहचानते बल्कि कर्नल स्वामी को याद करते हैं। कर्नल स्वामी भी बाबू जसवंत सिंह के लिए तरह-तरह के व्यंजन बनवाते हैं। उन्हें घुमाते हैं, उनके दवाई और जूते ख़रीदकर देते हैं तथा उनकी तकलीफ़ें सुनते हैं। बाबू जसवंत सिंह को कर्नल स्वामी के मृत्यु वाले दिन अंदेशा हो जाता है कि कोई दुर्घटना हुई है। उनके गुज़रने पर इतना दु:ख कर्नल स्वामी के बच्चों को नहीं होता जितना बाबू जसवंत सिंह को होता है।

टॉमी और बाबू जसवंत सिंह का भी रिश्ता उनके अपने बच्चों से ज्यादा गहरा है। हालाँकि आरम्भ में बाबू जसवंत सिंह टॉमी से खीझ जाते हैं लेकिन जब वह बीमारी के बाद अस्पताल से वापिस आते हैं, तो घर में टॉमी के अलावा किसी को खुशी नहीं होती। यहाँ एक जानवर मनुष्यों से ज्यादा संवेदनशील दिखाया गया है।

सुनगुनिया और बाबू जसवंत सिंह का रिश्ता भी सामाजिक परम्पराओं के अनुसार वैध नहीं है लेकिन उसमें मालिक और नौकर के रिश्ते में भी माता-पिता तथा बच्चों के रिश्ते से ज़्यादा गहराई और प्रेम है। बाबू जसवंत सिंह चाहते हैं कि सुनगुनिया उन्हें बाबू जी कहकर पुकारे। वह उसके बच्चों की शिक्षा के लिए पैसे भिजवाते हैं। उसके बच्चों का नामकरण करते हैं तथा उसकी बेटियों को भी कर्नल स्वामी की पोतियाँ वाला नाम देते हैं। यथा कात्यायनी और कुमुदनी। इससे

यह स्पष्ट पता चलता है कि सुनगुनिया की बेटियों में वह पोतियों का प्रेम खोजते हैं, जो प्रेम उन्हें अपने पुत्र के घर नहीं मिला।

सुनगुनिया की देखभाल में बाबू जसवंत सिंह का रहना, उनके बच्चों के लिए अस्वीकार्य था। वह न स्वयं उनकी देखभाल कर पाते हैं न ही उन्हें अपने पुराने घन में रहने देते हैं। समाज ने स्वयं कुछ ऐसी परम्पराएँ और रूढ़ियाँ बनाई है, जो बाद में मनुष्य को खुद ही परेशान करती हैं। बच्चों पर माता-पिता के बुढ़ापे का दायित्व सौंपा गया है। लेकिन वह दायित्व निभाने के लिए बाध्य नहीं है और इसी लचर सामाजिक व्यवस्था के कारण माता-पिता को बुढ़ापे में अनादर सहना पड़ता है।

उक्त उपन्यास हमारे समकालीन समाज की त्रासदी का बयान है जो समाज की बेहतरी के लिए लिखा गया है। चित्रा मुद्गल ने अपने साक्षात्कार बताया था कि उन्होंने ये पात्र वास्तविक जीवन से ही लिए हैं। वह वास्तविक जीवन में भी कर्नल स्वामी जैसे पात्रों से मिल चुकी है। लेखिका स्वयं कई NGO तथा वृद्धाश्रमों से जुड़ी रही हैं। उन्होंने अपने साक्षात्कार में डॉ. राव की पात्रता की चर्चा की है। डॉ. राव भी कर्नल स्वामी की तरह एक खूबसूरत और खुशहाल परिवार का भ्रम बनाकर जीवन व्यतीत कर रहे थे। उनकी मृत्यु पर भी उनके बच्चे उन्हें देखने नहीं आए थे।

हमारे भारतीय समाज में परिवार और बच्चों की उपस्थिति को महत्ता दी जाती है। लेकिन उपन्यास में वर्णित अपने नहीं बल्कि पराये पात्र बाबू जसवंत सिंह का साथ निभाते हैं। प्रकारांतर से लेखिका ने उस मानवीय संबंध को बेहतर

बताया है, जो रक्त संबंध से परे हैं। बाबू जसवंत सिंह के अपने बेटे उन्हें वृद्धाश्रम भेजना चाहते हैं। यह विषम परिस्थिति समाज की व्यवस्था पर सवाल उठाती है।

उपन्यास के अन्तिम अध्याय में मि. और मिसिज श्रीवास्तव के पात्र का वर्णन मिलता है। उक्त दम्पति कर्नल स्वामी का पड़ोसी है। वे सप्रेम साथ में रहते थे। परन्तु उनका अपना कोई बच्चा नहीं होता। वे कर्नल स्वामी से उनके बच्चों से ज्यादा लगाव रखते हैं। उनके बच्चे कर्नल स्वामी की मृत्यु पर भी नहीं आए। जब कर्नल स्वामी को उनके बड़े बेटे ने मार कर लहूलुहान कर दिया था तब मि. श्रीवास्तव ने ही पुलिस को बुलाया था। कर्नल स्वामी के परिवार और उनके बच्चों की बदसलूकी देखकर मिसिज श्रीवास्तव अंत में बाबू जसवंत सिंह से कहती है –

''ऐसी कसाई औलादों से तो आदमी निपूता भला। हमें इस बात का कोई गम नहीं, कि हमारी कोई अपनी औलाद नहीं ... मिसिज श्रीवास्तव का गला भर्रा आया।'' (पृ. 138)

वृद्धावस्था में मनुष्य को सबसे ज्यादा परिवार के सहारे की जरूरत होती है। लेकिन इसी मुश्किल घड़ी में उसकी संतान उसका साथ छोड़ देती है। यह पूर्व संस्कारों का अनादर है। ऐसे लाचार और अशक्त व्यक्ति के सामने जो भी विकल्प आता है, उसी को जीवन का आधार बना लेता है। अपनी वृद्धावस्था में सन्तान का सेवा का सुख न मिलने के कारण, वृद्धावस्था की कठिनाइयाँ और बढ़ जाती है। ऐसी परिस्थितियाँ देखकर अगर निसन्तान व्यक्ति बच्चे होने की

कामना ही छोड़ देता है तो यह ग़लत नहीं जान पड़ता। हालाँकि समाज के अनुसार माता-पिता को अपनी उम्र के अंतिम पड़ाव में अपनी सन्तान के साथ ही रहना चाहिए। मनुष्य सामाजिक प्राणी है इस नाते सबको सामाजिक व्यवस्थाओं के अनुकूल ही जीवन यापन करना होता है। लेकिन जब वही संतान अपना कर्तव्य नहीं निभाती तो माता-पिता को भी संतान से किनारा करने में झिझकना नहीं चाहिए।

प्रस्तुत उपन्यास सामाजिक परम्पराओं और संस्कृतियों रूढ़ियों को तोड़ने की व्यथा-कथा है। आज के समाज में निर्धारित शिक्षा प्रणाली का माननीय संवेदनाओं से कोई सरोकार नहीं है। किसी भी समाज को गढ़ने में उस समाज की शिक्षा प्रणाली का बहुत बड़ा योगदान होता है। आनेवाली पीढ़ी का भविष्य, समाज की शिक्षा प्रणाली पर ही निर्भर होता है लेकिन अमल के अभाव में हमारे सारे मूल्य और आदर्श किताबी बनकर रह गए हैं।

बच्चों को जिस प्रकार की किताबें पढ़ाई जाती है, जिस प्रकार के खेल सिखाए जाते हैं, वही उनकी सोच-समझ पर गहरा असर डालते हैं। अगर हम उन्हें बन्दूकों वाले, गाड़ियों को उड़ानेवाले, पक्षियों को मारनेवाले वीडियो गेम्स खिलायेंगे तो उनकी प्रवृत्ति स्वाभाविक रूप से हिंसात्मक ही बनेगी। हमारी शिक्षा प्रणाली में अपनी ही भाषा को छोड़ने की छूट मिली हुई है। विज्ञान के छात्र ज्यादातर भाषा नहीं पढ़ते हैं। अपनी भाषा से कटने का अभिप्राय है, संवेदनाओं से दूर हो जाना। आज के माता-पिता बच्चों को बड़े-बड़े डॉक्टर और वैज्ञानिक ही बनाना चाहते हैं। यह सब बनाना कोई आपत्तिजनक बात नहीं है लेकिन बच्चों की संवेदनाओं के साथ खिलबाड़ करना, स्वयं के लिए खाई खोदने के समान है।

पाश्चात्य सभ्यता की नकल करते हुए भारतीय समाज के मानव ने अपनी मूल्य मर्यादा की खूबी भी खो दी है। आज भी पाश्चात्य समाज में मानसिक रोगियों की संख्या एशियाई समाज से कहीं ज्यादा है। भारतीय संस्कृति में बुढ़ापा पहले अभिशाप नहीं माना जाता था। लेकिन आज समय के बदलाव के कारण हमारे सोच और मूल्यों में भी अन्तर आया है। उपन्यास में भी पीढियों का अन्तराल तथा मूल्यों का बदलाव दिखता है।

बेटे नरेन्द्र और बहू सुनयना का अनादर देखकर बाबू जसवंत सिंह अपने पुराने समय में खो जाते हैं। वह अपने पिता की खड़ाऊँ की आहट कानपुर वाले घर के आँगन में महसूस करते हैं। वह याद करते हैं कि किस प्रकार बाबू जी को पहले खाना परोसा जाता था। नरेन्द्र की अम्मा अपने ससुर से पर्दा करती थी तथा घर में उनके मान, सम्मान में कहीं कोई कमी नहीं आती थी। वहीं नरेन्द्र ने बाबू जसवंत सिंह को बालकनी वाला कमरा देकर, कुत्ते घुमाने की ज़िम्मेदारी दे रखी है। उनके खाने का भी कोई समय नहीं है और बातों ही बातों में उन्हें बार-बार याद दिलाया जाता है कि यह घर उनका नहीं है।

उक्त उपन्यास में केवल दो नहीं बल्कि तीन-तीन पीढ़ियों का टकराव दर्शाया गया है। मलय-निलय अपने दादा के पास बैठ कहानियाँ नहीं सुनना चाहते। वे अपने दादा से प्रश्न पूछते हैं तथा जवाब न मिलने पर इण्टरनेट का हवाला देते हैं। उन्हें अपने दादा के पास बैठ उनके अनुभव सुनने में कोई दिलचस्पी नहीं है। उन्हें इण्टरनेट से ज्यादा जल्दी और आसानी से जवाब मिल जाते हैं। आज का इन्सान एक अनदेखी और अनजानी दौड़ का हिस्सा बना हुआ है। उसके पास ठहर कर संवेदनाओं को महसूस करने का भी समय नहीं है।

भारतीय समाज का मनुष्य अपनी जड़ों से तो अलग हो गया है लेकिन सामाजिक रूढ़ियों के बोझ तले अब भी दबा हुआ है। अगर अपने अकेलेपन से निकलने के लिए इन रूढ़ियों को तोड़ता भी है तो लेखिका के अनुसार वह गलत नहीं है।

उपन्यास में कर्नल स्वामी की प्रेमिका अणिमा दास की भी चर्चा की गई है। कर्नल स्वामी बिल्कुल अकेले हैं। उनका अणिमा दास से पत्र-व्यवहार चलता है। अणिमा दास भी विधवा है तथा अपने बच्चों की जिम्मेदारी से पूरी तरह मुक्त हो चुकी है। कर्नल स्वामी और अणिमा दास विवाह करना चाहते हैं। हालाँकि यह सामाजिक परम्पराओं के विरुद्ध है लेकिन लेखिका यह सवाल उठाती हैं कि क्या खुशहाली से साथ रहने के बजाय अकेली मौत मरना सही है। यह उपन्यास हमारी सामाजिक व्यवस्था पर कई प्रश्न खड़े करता है जो पाठकों को विचलित करने के लिए काफ़ी है।

उपन्यास की शैली जहाँ एक ओर प्रश्नात्मक है वहाँ दूसरी ओर व्यंग्यात्मक है। लेखिका समाज की व्यावहारिकता पर गहरा कटाक्ष किया है। उन्होंने प्रसंगानुसार पात्रों के संवाद से यह जताया है कि जो कुछ आज की पीढ़ी कर रही है, वह चाहे आदर्शों के अनुसार न हो लेकिन व्यावहारिकता की दृष्टि से कहीं से भी कमजोर नहीं है। लेखिका ने इस तात्कालिक व्यावहारिकता पर कटाक्ष करते हुए दर्शाया है कि आज के समाज की माँग भावात्मकता के स्तर पर नहीं, उपयोगिता के आधार पर है। जिसकी जितनी उपयोगिता है - समाज में उसकी उतनी महत्ता है।

लेकिन विचार करने का विषय यह है कि यह स्वार्थी प्रवृत्ति हमारे समाज को किस ओर लेकर जा रही है। आदर्शों का पालन आज की पीढ़ी को पिछड़ापन लगता है। वह भूल चुकी है कि आदर्श समाज की संरचना मूल्यों के बिना संभव नहीं है। व्यावहारिकता समाज में अनिवार्य है परन्तु मूल्यविहीन समाज कभी भी बहुत देर तक नहीं टिक सकता। स्वामी विवेकानन्द ने कहा था –

That society is greatest, where the highest truth became practical, That is my opinion and if society is that fit for the highest truths, make it so and the sooner the better. - Swami Vivekanand and Social Change

समय का बदलाव सृष्टि का नियम है तथा बदलते समय के साथ समाज हमेशा बदलता रहा है। आज से बीस साल पहले जो आधुनिक था, वह आज पुराना है और जो आज आधुनिक है वह कुछ वर्षों बाद पुराना गिना जाएगा। वर्तमान पीढ़ी जिस आधुनिकता की दौड़ में भाग रही है, वह स्वयं के लिए खाई खोद रही है।

पाश्चात्य समाज की अंधाधुंध नकल भी इस पीढ़ी की प्रवृत्ति रही है और इसी के कारण हम अपनी संस्कृति की अच्छाइयों को भी खो रहे हैं। जैसा कि पहले कहा गया है और लेखिका भी मानती है कि इसी मशीनी मानव को बनाने में हमारी शिक्षा प्रणाली ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। जिस तरह की कहानियाँ, लेख और फ़िल्में परोसी जा रही है, उनका भी हमारे समाज पर गहरा प्रभाव पड़ता है। एक साहित्यकार और रचनाकार पर समाज बनाने और सुधारने का उत्तरदायित्व होता है। आज आधुनिकता तथा वास्तविकता को ज्यों का त्यों प्रदर्शित करने के नाम पर समाज में मूल्यविहीन पीढ़ी चित्रित की जा रही है।

हालाँकि सभी रचनाएँ ऐसी नहीं है। वैसे भी सभी लेखन साहित्य नहीं होता और सभी साहित्य रचना नहीं कहलाता है। ऐसे में आज की पीढ़ी की यह और जिम्मेदारी बन जाती है कि वह अपनी गुम हो ही संवेदनाओं को सँजोए।

यह उपन्यास अपने समापन के साथ कई प्रश्न खड़े कर देता है। वस्तुतः बुढ़ापा क्या है, क्या बढ़ती आयु के साथ मानवीय भावनाएँ शिथिल हो जाती हैं?

क्या मानवीय आशाएँ, उनकी छोटी-छोटी आकांक्षाएँ भी ख़त्म हो जानी चाहिए क्योंकि वह व्यक्ति बूढ़ा हो चुका है? जीवन का यह पड़ाव आखिरकार इतना दुःखदायी क्यों है, क्या पीढ़ियों के अंतर (Generation Gap) के चलते वर्तमान पीढ़ी ने बड़ों को समझने का प्रयास भी बंद कर दिया है और अंत में क्या रूढ़िवादी परम्पराओं के चलते जीवन को उन सामाजिक परम्पराओं से मुक्ति दिलाना ग़लत है?

यह कहानी पुराने समय से चली आ रही कि अंधपरम्पराओं को तोड़ने का समय आ गया है। इस कृति से यह विश्वास और भी गहरा हो जाता है कि साहित्यिक मूल्यों में सामाजिक सार्थकता का मूल्य हमेशा बना रहेगा। '*गिलिगडु*' में जिन दो वृद्ध पात्रों की कथा वर्णित की गई है, उन दोनों की पत्नियाँ गुजर चुकी हैं। इनसे सम्बद्ध जटिल परिस्थितियाँ एवं विषम समस्याएँ पाठकों के मन में गहरी वेदना एवं मानवीय संवेदना उत्पन्न करती है। धन के प्रति अतिमोह के कारण आज-कल लोग वृद्ध एवं अशक्त माता-पिता की मात्र अनदेखी ही करते, उनकी हत्या करने से भी गुरेज नहीं करते। वही माता-पिता अकेलेपन की पीड़ा सहते रहते हैं। अकेलेपन की यह पीड़ा असहनीय है, खासकर जब वह तन और

मन दोनों से दुर्बल हो जाते हैं। उक्त उपन्यास समाज में बुजुर्गों की पीड़ा पर ही नहीं बल्कि अमानवीय परिस्थितियों एवं भविष्य में आनेवाली समस्याओं पर भी प्रकाश डालता है, जिनके बहुत घातक परिणाम हो सकते हैं।

न केवल सामाजिक संबंधों और दायित्वों पर प्रश्न उठाता है बल्कि उसका उत्तर भी प्रदान करता उक्त उपन्यास केवल समस्याओं से जूझ रहे कमजोर पात्रों की कहानी नहीं है। जसवंत सिंह, कर्नल स्वामी, सुनगुनिया जैसे पात्र हमें आस-पास दिख जायेंगे। लेकिन ऐसे कितने लोग होते हैं, जो समस्याओं से लड़कर, परम्पराओं को तोड़कर निर्णायक फैसला लेने में सक्षम होते हैं। उपन्यास के पात्र विषम परिस्थितियों में संघर्ष और प्रतिरोध करते हैं। प्रस्तुत उपन्यास से तात्पर्य परिस्थितियों से हारने वाले नहीं बल्कि निरंतर संघर्ष करनेवाले चरित्रों से है।

उपन्यास के मुख्य पात्र बाबू जसवंत सिंह अपनी पत्नी की मृत्यु के पश्चात् अपने बेटे के पास दिल्ली आ जाते हैं। वहाँ वह बिल्कुल अकेले होते हैं। इस अकेलेपन का एकमात्र सहारा कर्नल स्वामी बनते हैं। बाद में पता चलता है कि कर्नल स्वामी जिस सुखद परिवार की कथाएँ सुनाया करते थे, वह सब भ्रम था। लेकिन कर्नल स्वामी की मृत्यु के बाद भी बाबू जसवंत सिंह का मनोबल टूटना नहीं है। वह फैसला करते हैं कि अब वह अपने पुत्र के आसरे नहीं रहेंगे। वह कानपुर वापिस जाएँगे तथा अपनी संपत्ति भी सुनगुनिया का नाम करेंगे। यहाँ तक कि उनके दाह संस्कार तक का अधिकार भी उनके पुत्र नरेन्द्र तक को नहीं दिया जाएगा। वे सारे अधिकार सुनगुनिया के पुत्र रामरतन को मिलेंगे जिसका

उन्होंने नाम अभिषेक आसरे रखा था, वह अपने बेटों से, जो उन्हें वृद्धाश्रम में फेंकना चाहते हैं, कोई सरोकार नहीं रखेंगे।

अंत के अनुच्छेद पाठकों को झकझोरने तथा सीख देने वाला है।

''... कहना चाहते हैं कि कानपुर पहुँचते ही वे अपने परिचित एडवोकेट मुन्ना सिंह कुशवाहा से अविलंब मुलाकात करेंगे। उनसे अपनी नई वसीयत बनवाएँगे और उसे रजिस्टर्ड करवाएँगे कि कानपुर वाला घर उनकी पैतृक सम्पत्ति नहीं है। उनकी अर्जित सम्पत्ति है। उनके न रहने पर उस घर की एकमात्र अधिकारिणी सुनगुनिया होगी।''

अगर पुरानी पीढ़ी स्वयं को सशक्त कर ऐसे निर्णय ले तभी शायद ऐसी पीढ़ी तैयार हो पागी जो उपयोगिता के आधार पर रिश्तों को तौले। ऐसे निर्णय ही आज की पीढ़ी को इस सत्य से अवगत करवा सकते हैं। अगर वह माता-पिता के कर्तव्यों से विमुख हो सकती है तो माता-पिता भी उससे सम्बन्ध तोड़ सकते हैं। ऐसा बदलाव आज के समाज की आवश्यकता है। ऐसे निर्णयों से ही हम बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं, जिसमें भावनाओं को उपयोगिता के तराजू में न तोला जाए। अगर मानवीय आस्थाएँ और सामाजिक समस्याएँ मनुष्य के भीतर विवेक पैदा नहीं करती तो इसका अभिप्राय यह है कि उसे अपने समाज से कोई सरोकार नहीं है। यह मशीनी युग मनुष्य की मनुष्यता ही समाप्त कर रहा है।

चित्रा मुद्गल के अनुसार मनुष्य अपने प्रति संसार से अनभिज्ञ है। वह किसी भी प्रकार की मानवीय संवेदना से जुड़ना नहीं चाहता। वह यह नहीं समझता कि उसके घर पर जो काम करनेवाले आते हैं, उनके संसार की क्या

पीड़ाएँ है। सीमित साधनों में आज की पीढ़ी को संतोष नहीं है। हालाँकि आज भी हमारे समाज एक ऐसा बड़ा वर्ग है जिसे दो वक्त का खाना भी कठिनाई से प्राप्त होता है। लेकिन नई पीढ़ी सामाजिक मूल्यों से नहीं जुड़ना चाहती। सुविधाप्राप्त और सशक्त वर्ग के पास उनकी पीड़ाएँ एवं दुश्वार जीवन की विडम्बनाएँ सुनने का समय नहीं है। मनुष्य केवल शब्दों से रिश्ता बनाता है।

लेखिका अपनी पहली कहानी '*डोमिन काकी*' का उल्लेख करते हुए कहती हैं – ''सामाजिक रिश्तों की विडम्बना पर मुझे अपनी दादी का चाँटा याद आता है।'' '*डोमिन काकी*' कहानी सच्ची घटना पर आधारित है। उनके पुश्तैनी घर पर जब सफाई करनेवाली आती है तो वह 'डोमिन ... डोमिन' कह कर बुलाती है। तभी उनकी दादी उन्हें समझाती है कि डोमिन नहीं डोमिन काकी कहते हैं। एक दिन डोमिन काकी का समान गिर जाता है और वह उनकी सहायता करती है। तभी दादी आकर उन्हें थप्पड़ मारती है। वह नाराज होती है कि उन्होंने डोमिन काकी को छू लिया। तो उन्हें लगा मानवीय रिश्ते आडम्बरों के लिए बनाते हैं।

'*गिलिगडु*' उपन्यास में नरेन्द्र कथानायक बाबू जसवंत सिंह को बाबू जी कहता है। जब तक नरेन्द्र की माँ जीवित थी, वह पहले उन्हें फ़ोन किया करता था। लेकिन बाबू जी की ज़िम्मेदारी तत्परता नरेन्द्र पर आते ही वह उनका अनादर करने लगा। सर्दी में उन्हें ढंग के कपड़े जूते तक नहीं दिलाए जाते, लिहाजा वे बीमार हो जाते हैं। उनका ख़याल एक अजनबी कर्नल स्वामी रखते हैं। जाहिर है यहाँ उपन्यासकार ने मानवीय सम्बन्धों के ह्रास की उस त्रासदी को उकेरा है, जो आज की आधुनिकता एवं भौतिकता की अनिवार्य परिणति बन गई है। समाज

और समय का यह शाश्वत सत्य बेशक न हो लेकिन इससे मुकरा नहीं जा सकता। आधुनिकता एवं विश्व ग्राम की अवधारणा के चलते नव-बाजारीकरण की संस्कृति ने मनुष्य में भोगवृत्ति की ललक इतनी बढ़ा दी है कि उसकी भरपाई के लिए व्यक्ति सारे सम्बन्धों को ताख पर रखकर अपने जन्मदाता तक की परवाह करना भूल गया है। चित्रा मुद्गल द्वारा सृजित पात्र नरेन्द्र ऐसे ही अधोगामी वृत्ति का पात्र है।

उपन्यास को आधुनिक काल का महाकाव्य कहा जाता है। तर्क यह है कि सामन्तीदौर से पूर्व ही महाकाव्य का जन्म हो जाने के बावजूद इसका विकास सामन्ती समाज के दौर में ही हुआ। महाकाव्य में नायक अभिजात वर्ग के होते थे। उसके कथातत्त्व की संरचना किसी पारलौकिक शक्तियों पर आधारित होती थी।[1]

किन्तु आधुनिक उपन्यास का नायक लोकोन्मुख होता है। उसके नायक समाज के किसी भी वर्ग का होता है। वह उपन्यास में अपनी स्वतंत्र सत्ता के साथ उपस्थित होता है और उसकी वैयक्तिकता जीवन एवं समाज से सन्दर्भित समस्त जटिलताओं एवं सहजताओं से जुड़ी होती है।

मैनेजर पाण्डेय का कहना है, ''उपन्यास केवल साहित्यिक रूप नहीं है, वह जीवन जगत् देखने एक विशेष दृष्टि है और मानव जीवन तथा समाज का एक विशिष्ट बोध भी। उपन्यास का इतिहास इस दृष्टि और बोध के परिवर्तन का इतिहास भी है वह केवल उपन्यास के बदलते रूपों का इतिहास नहीं है।''

---

[1] पाण्डेय, मैनेजर, *उपन्यास और लोकतंत्र*, नई दिल्ली, वाणी प्रकाशन, 2013, पृ. 11

'*गिलिगडु*' मोटे तौर पर इसी दृष्टि और बोध के परिवर्तन की पड़ताल करता है। स्वातन्त्र्योत्तर काल के बीते छः दशकों में राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मनुष्य के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, व्यावसायिक स्तर पर जितने तीव्र परिवर्तन हुए है उसमें कई स्थितियाँ दिग्भ्रम पैदा करती हैं। मूल्यों के ह्रास का ताँता सा लग गया है। नैतिक पतन की कोई सीमा नहीं रह गई। कई तरह के साहित्यिक विमर्श का उदय हुआ। विचार-विमर्श के दौरान यह बात स्पष्ट है कि सामाजिक घटनाओं का सम्बन्ध वहाँ की पारम्परिक पद्धतियों से होता है। समस्त घटनाएँ और परम्पराएँ, उस समय के साहित्य पर गहरा असर डालती हैं।

'*गिलिगडु*' उपन्यास आज के समाज की कहानी है। हालाँकि इसकी रचना 2002 में हुई थी, परन्तु इसमें उल्लेखित पीढ़ियों की समस्या समय के साथ विषम होती चली गई। इसके अंग्रेजी में अनूदित पाठ में भी पाठक वर्ग को इस समस्या से जोड़ा गया है। क्योंकि यह समस्या सर्वव्यापी है। इसलिए इसकी अनूदित कृति से जुड़ना कठिन कार्य नहीं होगा। अनुवाद करते हुए इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि मूल कृति का स्वर एवं संदेश यथासंभव सुरक्षित रहे। अनुवाद शब्दानुवाद न होकर भावानुवाद अधिक है। उसमें उजागर की गई सामाजिक समस्या और वृद्धों की दारुण स्थिति को उसी तरह संरक्षित रखने का प्रयत्न किया है जैसा कि मूल रचना में है।

इस उपन्यास में आज के आधुनिक समाज की संस्कृति चित्रित की गई है। आज यह देखना भी रोचक होगा कि संस्कृति की व्यापक अवधारणा में वर्तमान (आधुनिक) संस्कृति की जगह कितनी बची है। रामधारी सिंह दिनकर ने संस्कृति शब्द की व्याख्या करते हुए लिखा है - ''अनेक शताब्दियों तक एक

समाज के लोग जिस तरह खाते-पीते, रहते-सहते, पढ़ते-लिखते, सोचते-समझते और राज-काज चलाते अथवा धर्म-कर्म करते हैं, उन सभी कार्यों से उनकी संस्कृति उत्पन्न होती है।''

विडम्बना यह है कि आज की पीढ़ी का भोग-विलास तथा खोखले दंभ वाला रवैया ही उसकी संस्कृति बनता जा रहा है। यदि समय रहते इस प्रवृत्ति को रोका न गया, तो आनेवाली पीढ़ी दिशाहीन होकर पतन की ओर अग्रसर हो जाएगी। लेखिका ने यही संदेश उक्त उपन्यास द्वारा दिया है। अगर समाज से संवेदनाएँ और परस्पर सरोकार समाप्त हो जाएगा तो अगले कुछ वर्षों में समाज मे केवल रोबोट रूपी मानव रह जाएँगे। अनूदित उपन्यास में अंग्रेजी भाषा-भाषी पाठक वर्ग इस सामाजिक समस्या से जुड़े यही प्रयत्न किया। साथ ही, उसका निवारण भी दिया गया। पीढ़ियों के टकराव की समस्या किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं है अपितु समस्त समाज इससे जूझ रहा है।

परिशिष्ट

लेखिका का साक्षात्कार[1]

दिव्या : आपका उपन्यास *गिलिगडु* मात्र तेरह दिनों की गाथा है। आज के बदलते मूल्यों और पीढ़ियों के टकराव को आपने लगभग चौदह साल पहले इतनी कुशलता से अपने उपन्यास में उतारा था। इस उपन्यास को लिखने की पृष्ठभूमि क्या थी, क्योंकि यह कृति कई सवाल भी खड़े करती है। आपको इसकी प्रेरणा कहाँ से मिली ?

चित्रा मुद्गल : इस उपन्यास को लिखने की प्रेरणा मेरे मन में बहुत दिनों से थी। समाज की बदलती परिस्थितियों ने मनुष्य पर उपभोक्तावाद को बेहद हावी कर दिया है। आपके घर के आसपास खड़े किए जा रहे बाज़ार केवल अपने उत्पादों को बेचने के लिए ही आपके दरवाज़े पर थपकी नहीं दे रहे बल्कि वह यह भी बता-जता रहे हैं कि ऐसे उत्पाद जो उपभोग के लायक़ नहीं रहते तो उन्हें बाहर फेंक दिया जाना चाहिए। जैसे कि किसी पैकेट को कैंची से काटने

---

[1] पिछले दिनों हिन्दी की वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित लेखिका चित्रा मुद्गल से उनके दिल्ली स्थित आवास पर लिया गया साक्षात्कार।

के बाद उसे फेंक दिया जाता है। वैसे ही घर की देहरी के अंदर जो लोग हैं और अगर वे उपयोगी नहीं रह गए हैं तो उन्हें भी साथ रखने का कोई मतलब नहीं। मैं जब मुंबई में जन आंदोलनों का हिस्सा थी, तब मैंने देखा एक खोली में दस-दस लोग रहते थे। लेकिन उस छोटे-से घर में भी लोग मिल-जुलकर रहते थे। उस ग़रीबी में भी बुज़ुर्गों का परिवार में बहुत महत्त्व था। मैंने अपने घर पर भी कई बुज़ुर्ग देखे हैं, वे सब ठीक इसी तरह के होते थे। अब मैं देख रही हूँ कि अनाथाश्रम के साथ-साथ वृद्धाश्रम की संख्या भी उसी तेज़ी से बढ़ रही है तो मैं बड़ी परेशान हो जाती हूँ। पीढ़ियों का अंतराल तब भी था और अब भी है। लेकिन परस्पर सम्मान केवल पैसों से नहीं ख़रीदा जा सकता। जिस देश की परंपरा में ही बुज़ुर्गों का सम्मान बसा था, आज इस देश की यह दुर्दशा है। *गिलिगडु* की विचलित कर देनेवाली यह विषय-वस्तु बहुत दिनों से मेरी मन में कसक रही थी। कौटुम्बिक प्रधान देश में आज बुज़ुर्गों की ऐसी दयनीय हालत देखकर ही मुझे *गिलिगडु* लिखने की प्रेरणा मिली।

दिव्या : आप कई एन.जी.ओ. और समाज सेवा के कार्यों से जुड़ी रही हैं। क्या आपके उपन्यास *गिलिगडु* का वास्तविक जीवन से कोई सीधा सरोकार रहा है ? क्या आप अपने जीवन में बाबू जसवंत सिंह

तथा कर्नल स्वामी-जैसे चरित्रों से मिल चुकी हैं या ये पात्र काल्पनिक हैं ?

चित्रा मुद्गल : कर्नल स्वामी से तो मिलती रही हूँ मैं। वे जनकपुरी में रहते थे। तब हम लोग एन.सी.इ.आर.टी. की महिला अध्ययन इकाई में, जिसकी निदेशिका उषा नायर थीं, से जुड़े हुए थे। उस वक़्त अलग-अलग जगह पर कार्यशालाएँ हुआ करती थीं। एक बार हम नाहन गए थे। नाहन में एक फ़ोसिल्स पार्क है। वहाँ मि. राव नाम के एक वृद्ध लेकिन बड़े विद्वान व्यक्ति मिले। मुझे बूढ़ों से बहुत लगाव है। मैं मानती हूँ कि कोई भी वृद्ध अपने आप में अनुभवों की चलती-फिरती किताब है। उनके पास बैठकर उनके अनुभव लेने चाहिए। मि. राव ने एक दिन कहा भी था, हम भी कभी उन्हीं 'फॉसिल्स' की तरह देखे और ढूँढ़े जाएँगे।

मैंने उनसे पूछा, डॉ. साहब, आप भारतीय समाज शास्त्र के इतने बड़े विद्वान हैं। आप भारतीय संस्कृति और इसके वैविध्य तथा दर्शन शास्त्र की इतनी गूढ़ बातें करते हैं तो फिर आपने इतनी निराशाजनक बात क्यूँ कही। उन्होंने कहा, चित्रा जी, यह भी वही बात है। कभी हमारा अपने वाला वक़्त था। फिर हम कर्नाटक गए। उन्होंने वहाँ के पुराने घर का चित्र दिखाया। वे हर घड़ी अपने परिवार की बातें करते रहते थे। कटहल के चिप्स, अचार, इडली वग़ैरह सब बनाना सिखाते रहते थे। उन्होंने बताया कि अब वह

दिल्ली में जनकपुरी में रहते हैं। फिर वह मेरे घर आने लगे। पोंगल आदि उत्सव पर कभी केले के चिप्स, इडली मेरे घर पर ले आते। उनका टिफिन कैरियर मेरे पास आज भी पड़ा है। वे घर में बच्चों के साथ शतरंज खेलते। फिर बहुत दिनों तक उनकी कोई ख़बर नहीं आई। मुझे चिंता हुई। मैंने उन्हें बहुत फ़ोन किए। पर कोई जवाब नहीं आया।

एक दिन मैं गाड़ी लेकर उनके दिए गए पते पर जनकपुरी गई। मुझे चिंता थी कि वह बीमार तो नहीं पड़ गए। फिर मैंने सोचा, उनका तो भरा-पूरा परिवार है, जैसा कि उन्होंने बताया था। उनकी बहुएँ ही तो सारे व्यंजन बनाकर दिया करती थीं। चार बार घंटी बजाने पर उन्होंने मुश्किल से दरवाज़ा खोला। वह बेहद बीमार थे। मुझे देखकर वे आश्चर्यचकित रह गए। मैंने पूछा, आप ऐसी हालत में यहाँ अकेले पड़े हैं ? उन्होंने बताया कि घर के सारे लोग बैंगलोर चले गए। इससे ज़्यादा उन्होंने कुछ नहीं बताया। उन्होंने मेरे साथ चलने के लिए भी मना कर दिया। जाती बार जब उनकी गली में खड़े पानवाले से मैं मिली तो उसने बताया -- ''भगवान ऐसी औलाद किसी को न दें जैसी कैप्टन साहब को दी है। इस बीच इनका बेटा आया तो था लेकिन उन्हें घर बेचने के लिए मजबूर कर रहा था।''

कर्नल स्वामी का परिवार और बाक़ी कहानी मेरी काल्पनिकता का हिस्सा है और मैं समझती हूँ कि उनकी कहानी समाज के सारे

वृद्धों की कहानियाँ स्वयं में समाए हुई है। मैं इस चरित्र को अपनी कृति की उपलब्धि मानती हूँ।

दिव्या : इस उपन्यास में समाज की कुरीतियों के विरुद्ध भी आवाज़ उठाई गई है। फिर चाहे वह जाति-प्रथा हो या स्त्री-विमर्श की बात हो। क्या आप मानती हैं कि स्त्री का शोषण केवल निचले तबके के समाज में ही होता है?

चित्रा मुद्गल : नहीं, यह शोषण समाज के हर हिस्से में मौजूद है। हालाँकि बड़े घरों में महिलाओं को परंपराओं में बाँधकर मर्यादाओं में चलाया जाता है। लेकिन इस उपन्यास की सुनगुनिया अपनी बात कह सकती है। वह अंदर की बात प्रकट कर सकती है। उच्च वर्ग यानी सवर्ण बनाम निम्नवर्ण की लड़ाई का चलन तो कब से चला आ रहा है। सवर्ण लोग उनकी स्त्रियों से बलात्कार करते रहे हैं। लेकिन प्रेमचंद द्वारा रचित 'घास' कहानी में जहाँ चैनसिंह ठाकुर मुलिया का हाथ पकड़ते हैं, वहाँ घास काटनेवाली कहानी की नायिका अपना प्रतिरोध दर्ज करती है। वह कहती है कि आपकी जो ठाकुराइनें कोठियों में रहती हैं, अगर उनके साथ भी यही हो तो उन्हें कैसा लगेगा? क्योंकि ये लोग अपनी ठकुराइनों को बहुत ही सुरक्षित माहौल में रखते हैं। लेकिन दैहिक आकर्षण के चलते पहले जो चाहत उठती है, वह उससे वैसा ही करना चाहते हैं। यह दैहिक आकर्षण अंततः चकले में जाकर शांत हो जाता है।

ठाकुर मुलिया को बहुत पसंद करता है। इसी कारण जब वह उसे किसी अंग्रेज़ के सामने घास के गठरी के लिए गिड़गिड़ाते देखती है तो उसे तकलीफ़ होती है। वह उसकी पति की सहायता दरअसल मुलिया के लिए करते हैं। अंत में मुलिया को पता चल जाता है कि ठाकुर चैन सिंह ने उसकी मान की रक्षा की है।

सुनगुनिया का पात्र कहीं-न-कहीं मुलिया से अलग होते हुए भी जुड़ा है। मुलिया मानती है कि ठाकुरों का तो काम ही है ग़रीबों का शोषण। सुनगुनिया ठाकुर जसवंत सिंह के घर बरसों से काम कर रही है, वह उस घर को नहीं छोड़ना चाहती। ठाकुर जसवंत सिंह की पत्नी उसका बहुत ख़याल रखती है। वह जिस जाति की है, उसमें दाना-पानी देकर एक की बीवी दूसरे को दी जाने का रिवाज है। उसका जेठ सुनगुनिया के साथ बलात्कार करता है। उसे धमकाता है कि आवाज़ ऊँची करने पर वह उसे कुएँ में काट के फेंक देगा। वह भागकर ठाकुर जसवंत सिंह के घर आती है। कहानी में नेताजी भी उसकी जाति भुनाकर अपना राजनीतिक उल्लू सीधा करने की कोशिश करते हैं। तभी वह कहती है कि उसका शोषण करनेवाले कोई ठाकुर या ब्राह्मण नहीं, अपने ही लोग हैं। सवर्ण अवर्ण का भेद स्त्री के शोषण से बहुत गहरा ताल्लुक़ रखता है लेकिन यह बात भी सच है कि शोषक कई बार अपने ही होते हैं। दरअसल संपन्न परिवारों में परंपराओं के चलते उनकी आवाज़

दब जाती है 'घास' कहानी में स्वाभिमानी मुलिया भी अपनी आवाज़ उठाती है और *गिलिगडु* में सुनगुनिया मुखर होकर निर्णायक ढंग से बोलती और ठाकुर जसवंत सिंह के घर में रहने का निर्णय लेती है।

दिव्या : इस समस्या को समकालीन संदर्भों में पाठकों तक कैसे समझाया जा सकता है ?

चित्रा मुद्गल : 2005 में राज्यसभा ने यह निर्णय लिया था कि लड़कियों को भी पैतृक सम्पत्ति में हिस्सा मिलेगा। यह उपन्यास मैंने 2002 में लिखा था। जिस तरह का माहौल आज बिगड़ा है, मैंने उसे तब महसूस कर लिया था। आज वीडियो या एसएमएस में बच्चों को मात्र हिंसा सिखाई जाती है। ऐसे में मानवीय संवेदना कहाँ से पैदा होगी? मैं पश्चिमीकरण के ख़िलाफ़ नहीं लेकिन बच्चों को भी विज्ञानसम्मत चीज़ें सीखनी चाहिए। लेकिन संवेदनाविहीन जीवन निरर्थक है। आनेवाला वक़्त बेहद चुनौतीपूर्ण है। मानवीय संवेदनाएँ का शोषण समाप्त नहीं किया जा सकता।

दिव्या : आपके अनुसार पीढ़ियों के इस टकराव के लिए कौन ज़िम्मेदार है? क्या इसका कोई समाधान है ? क्योंकि समाज में समूह नहीं, आज व्यक्ति केन्द्र में आ गया है।

चित्रा मुद्गल : इसके लिए वर्तमान शिक्षा पद्धति ज़िम्मेदार है। अकादमिक शिक्षा मानव को विचारशील नहीं बना रही है। आजकल की शिक्षा

केवल लोगों को परस्पर प्रतिस्पर्धी बनाकर अधिकाधिक अंक लाने की जानकारी देती है। मेरी पोती ने मुझसे पूछा था क्या हम सौ प्रतिशत अंक नहीं ला सकते ताकि हमारा फ़लां कॉलेज में नामांकन हो जाए। यह प्रतिस्पर्धा हमारे समाज को परेशान कर रही है। अंकों की दौड़ आपकी संवेदनशीलता का कुंद करती है जबकि माँ-बाप इसी की वकालत करते हैं। इसके लिए हर तरह की सुविधा जुटाते हैं।

दिव्या : लैंगिक विमर्श पर भी आपने खुलकर लिखा है। स्त्री होने के नाते हमें भी पुरुष वर्ग की तानाशाही झेलनी पड़ती है। सामाजिक ताना-बाना बिखर न जाए इसलिए स्त्रियाँ अक्सर चुप्पी साधा लेती हैं। क्या इसमें कभी सुधार आएगा?

चित्रा मुद्गल : आजकल पुरुषों के ख़िलाफ़ बहुत कुछ हो रहा है कि स्त्रियाँ नया समाज गढ़ेंगी... वग़ैरह वग़ैरह। हमलोगों ने अपना सारा जीवन नारीवाद को दे दिया। अब ऐसा नारीवाद चल पड़ा है कि हम लोग मूर्ख साबित हो रहे हैं। वैसे आज का पुरुष भी अब बदल चुका है। उदाहरण के लिए, मेरठ ज़िले के बैंकों के सर्वे में 32% पुरुष ऐसे हैं, जिन्होंने अपनी बच्चियों की पढ़ाई के लिए पैसे निकाले हैं। लेकिन यह सब करके भी कैसा समाज सामने आ रहा है। अपने वृद्ध दादा-दादी को देखने लड़कियाँ तो वृद्धाश्रम में फिर भी आती हैं मगर लड़के नहीं आते हैं। यह बेटियाँ ही हैं जो

अपना कर्तव्य निभा रही हैं। लेकिन वही लड़की जब बहू बनती है तब वह लड़के के माँ-बाप की तरफ़ देखना तक नहीं चाहती। ऐसा नारीवाद किस काम का ? नई पीढ़ी को, तुम्हारी पीढ़ी की सोचने की ज़रूरत है। अकादमिक शिक्षा में साहित्य की प्रधानता तो होनी चाहिए लेकिन संवेदना की कसौटी पर। हमने 'ठाकुर का कुआँ', 'आकाशदीप', 'हार की जीत', 'उसने कहा था'-जैसी कहानियाँ पढ़ी थीं। घोड़े वाले सुदर्शन जी की कहानी पढ़ी थी। वैसी रचनाएँ अब भी पाठ्यक्रम में होनी चाहिए। ऐसी कहानियाँ, जो उन्हें सामाजिक सद्भाव के प्रति जागरूक करें। उनमें मानवीय संवेदना का संचार करें। पैसे से क्या होता है? साहित्य को अलग-अलग कर दिया गया है।

यह बहुत अच्छी बात है कि जे.एन.यू. में भाषा और समाज विज्ञान के संकाय हैं। आप वहाँ रोबोट पैदा नहीं करते। इससे आपकी विचारशीलता बची रहती है। किसी भी जगह दो-चार दिन जाने से उसका अध्ययन नहीं किया जा सकता। स्मारक वग़ैरह देखे जा सकते हैं। मगर उसके साहित्य से उसकी संस्कृति का पता चलता है। साहित्य संस्कृति से संवाद करता है।

'इंटरनेट' ने तो भूमंडलीकरण आज किया है। लेकिन जब हम यहाँ बैठे आस्कर वाइल्ड या टॉलस्टॉय पढ़ा करते थे तो युरोप का विक्टोरियन या रूसी समाज हमारी आँखों के सामने आ जाता था।

साहित्य समाज में वैचारिक आंदोलन लाता है। अब तो प्रेम जताने के लिए भी दूसरों के लिखे शब्दों का कार्ड भेजा जाता है। हमें इस पर विचार करने की आवश्यकता है कि ऐसी शिक्षा एवं टैक्नोलॉजी आख़िर हमें कहाँ ढकेल रही है।

दिव्या : आप तो विदेशों में भी काफ़ी घूम चुकी हैं। वहाँ के सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों तथा भारतीय मूल्यों में आपको क्या अंतर लगा ?

चित्रा मुद्गल : मैं जब छठे विश्व हिंदी सम्मेलन में भाग लेने के लिए केवल दो दिन के लिए लंदन गई थी। लेकिन उसके बाद भी आठ दिनों तक रुक गई थी। इन्दु शर्मा सम्मान प्राप्त करने के लिए तब मुझे वहाँ की संस्कृति जानने का मौक़ा मिला था। मैं वहाँ के कई गाँवों में जाकर किसानों से मिली। वहाँ के वृद्धाश्रम और अनाथाश्रम गई। मैंने कथाकार तेजेन्द्र जी से कहा कि मुझे मैडम तुसाद के संग्रहालय में मोम के पुतले नहीं देखने। उसे तो मैं टी. वी. पर भी देख लेती हूँ। तेजेन्द्र जी सपत्नीक हमारे साथ चले। लंदन से लगभग 135 कि.मी. दूर जाकर हम किसी गाँव में पहुँचे। हमें वहाँ उनकी संस्कृति और जीवन शैली जानने का मौक़ा मिला। उनके गट्ठड़ चौकोर होते हैं। गाँव में स्पोर्ट्स क्लब और बार हैं। उनका किसान अपने काम से खुश रहता है। लेकिन हमारे यहाँ तो

सारे किसानों की ज़िन्दगी और नियति एक-सी वही रूखा... भूखा... और सूखा है।

मैं जब उनके वृद्धाश्रम गई तो वहाँ पर काफ़ी बूढ़ी स्त्रियाँ भी थीं। एक का नाम मिसेज थेम्स था। जो उस दिन बन-सँवर कर अपने पोते का इंतज़ार कर रही थीं। उस दिन उनका जन्मदिन था। उन्होंने अपने लिए कार्ड भी ख़रीद रखा था। हमारे वहाँ के लोग अब वैलेंटाइन डे को तो याद रखते हैं लेकिन वसंत पंचमी भूल चुके हैं। अब तो कार्ड की इबारत भी अपनी नहीं होती। भावनाएँ भी बाज़ार में बिकने लगी हैं। हर क़िस्म का कार्ड आज बाज़ार में उपलब्ध है। जो आदमी अपने बच्चों के लिए अपनी जवानी नहीं जीता, वह अपने पोते-पातियों में ही तो अपना बचपन खोजना है।

मेरे कहने का तात्पर्य है कि संवेदनाएँ भी अब नक़ली हो गई है। यह हमारे देश में नहीं होना चाहिए। जिस तरह बूढ़ी मिसेज़ थेम्स की आँखें रास्ता निहार रही थीं, आज हमारे देश में भी वही हाल है। अमेरिका में भी यही देखा। वैसे विदेश में बूढ़े लोग स्टेट की ज़िम्मेदारी होते हैं। हमारे यहाँ के बूढ़े बच्चों की ज़िम्मेदारी है बल्कि उनकी मेहरबानी पर रहते हैं, उनकी पेंशन लेना तो वह पसंद करते हैं मगर ज़िम्मेदारी नहीं। वहाँ की संपन्न सरकार ने बूढ़ों को सब कुछ दिया है। दरअसल वहाँ के वृद्धों और यहाँ के वृद्धों में ज़्यादा अंतर नहीं। उनकी विवशता और उनके प्रति

हिकारत, यहाँ वैसी ही है। बूढ़ों को ऐसी परिस्थिति से निकालना आवश्यक है।

दिव्या : आपके उपन्यासों की भाषा आम बोलचाल की भाषा होने के साथ-साथ इसमें मुहावरों की बहुतायत रहती है। आप अपने उपन्यासों की भाषिक संरचना पर कुछ प्रकाश डालना चाहेंगी ?

चित्रा मुद्गल : मैं अवधा की रहनेवाली हूँ। इसलिए भाषा में अंतर होना स्वाभाविक है। अयोध्या की तरफ़ जाएँ तो अवधी का असर दिखता है। हम वैसे प्रतापगढ़ के हैं। वह भी अपने में बहुत बड़ी रियासत है। लेकिन मेरी कोशिश यही रहती है कि पात्र जहाँ का भी है, वहीं की भाषा बोले। जो भी पात्र संवाद करेगा, उसका अपना ढंग होगा। मराठी लोग मराठी हिंदी बोलेंगे। दक्षिण भारतीय लोग अपनी हिंदी बोलेंगे। क्षेत्रीय नेताओं की भाषा अलग होगी। सुनगुनिया की भाषा में भी कनौजिया बोली का असर दिखता है। मुहावरे मेरी भाषा में, मेरी अपनी अवधी की देन है। बैसवाड़ी (अवध) इलाक़ा क्षत्रियों का इलाक़ा है। वो संपन्न लोग रहे हैं। उनकी बोलचाल में मुहावरे सहज ही इस्तेमाल होते हैं। जैसे एक मुहावरा है -- 'पीतल की नथनी पर इतना गुमान, सोन की होती तो चलती उतान'। यह ठेठ बैसवाड़ी कहावत है। मैं बहुत सोची-समझी शब्दावली का उपयोग नहीं करती। जो भाषा की लय और अर्थ दोनों को सार्थक करे, उसी शब्दावली का प्रयोग करती

हूँ। मेरी कृति 'आवाँ' में मराठी भाषा की शब्दावली और संस्कृति की झलक मिलती है। मैनेजर पाण्डेय जी ने भी उसे सात स्तरों की भाषा कहा है। यह स्वाभाविक रूप से ही आती है।

दिव्या : लेकिन भारतीय समाज में जितनी जातियाँ और बोलियाँ हैं -- सामाजिक विषमता है, उतनी योरोपीय या अमरीकी समाज में नहीं। वहाँ की भाषाओं में उतना वैषम्य नहीं, जितना यहाँ के शोषक और शोषित समाज में... ?

चित्रा मुद्गल : पात्र जिस परिवेश का होता है, उस पर उस भाषा या बोली का प्रभाव या दबाव रहता है। दाता और पाता की भाषा में थोड़ा अंतर रहता है। जब दाता अपने वर्ग या जाति अहंकार से बाहर आता है तो वह पाता की स्थिति को बेहतर ढंग से समझने लगता है। तब दाता और पाता की भाषा के भावों का अंतर मिट जाता है। बाबू जसवंत सिंह ने स्त्रियाँ देखी है प्रेमिकाएँ देखी है। यह सब देख के जब वह सुनगुनिया से बात करते हैं तो उसके स्तर पर उतरकर उसकी समस्याओं से जुड़ते हैं। वो खुद को उससे जोड़कर कहते हैं कि तुम इस रिश्ते का नाम जो भी देना चाहती दे सकती हो। उपन्यास में एक जगह पाठ में आया है 'कुरकुरी कलफ'। एक पात्र की युवावस्था में उम्र का वही कुरकुरापन दिखता है। वह कुरकुरापन बाद में उसकी उम्र के साथ ढल जाता है। कर्नल स्वामी परिवार के लोगों को जीने का ढंग सिखाते है।

उनकी भाषा में भी भाषाई अंतर दिखेगा। अपने जीवन के ख़ालीपन को भरने के लिए वे सुखकारक भ्रम बुन लेते हैं। हर पात्र की भाषा उनकी स्थिति और परिवेश को धयान में रखकर रची जाए -- यही मेरी कोशिश रहती है।

दिव्या : आपने *गिलिगुडु* उपन्यास 'सागर सरहदी' जी को समर्पित किया है। इसका कोई विशेष कारण है ?

चित्रा मुद्गल : सागर भाई बहुत ही प्यारे बूढ़े हैं। हमलोगों ने मुंबई में इकट्ठे बहुत समय व्यतीत किया है। हमलोग शुरू से ही वामपंथी थे। उन्होंने जीवन में बहुत उतार-चढ़ाव देखे हैं। वह बहुत ही मस्त क़िस्म के इंसान हैं। उनकी फ़िल्में काफ़ी चलीं परंतु बाद में फ़िल्में न चलने पर उन पर बहुत क़र्ज़ चढ़ गया। लेकिन उनका व्यक्तित्व इतना मज़बूत है कि वह मुसीबतों से नहीं डरते। इसी तरह जिस उपन्यास में कर्नल स्वामी-जैसे पात्र हो वह उपन्यास किसी और को समर्पित हो ही नहीं सकता। सागर भाई मन के तो साफ़ हैं ही उनमें जीवन्तता भी कूट-कूट कर भरी है।

दिव्या : मैं आपसे अनुवाद विषय पर भी चर्चा करना चाहूँगी। आपने तो कई भाषाओं से हिंदी में अनुवाद किया है और आपकी कई कृतियों के अनुवाद अंग्रेज़ी समेत कई भारतीय भाषाओं में हुए हैं। आपके अनुसार साहित्य में अनुवाद कर्म की क्या महत्ता है?

चित्रा मुद्गल : मेरी मान्यता है कि अनुवाद मूल कृति का पुनर्सृजन है। वैसे तो हर कृति का अनुवाद पुनर्सृजन ही है। यहाँ मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि अनुवाद केवल शाब्दिक नहीं होता। अनुवादक को कृति का भावात्मक एवं मनोवैज्ञानिक पक्ष समझकर उसके भावों का सार्थक अनुवाद करना होता है। जैसे, कर्नल स्वामी की मानसिक स्थिति या ग्रंथि को समझे बिना उपन्यास का अनुवाद करना कठिन है। मैंने मुंबई में रहते हुए मराठी से कई अनुवाद किए।

हालाँकि मेरी तीसरी भाषा तो गुजराती ही है। लेकिन जब मैं अपनी अनूदित कहानियों को पढ़ती हूँ तो मुझे लगता है कि मैं इसे और बेहतर ढंग से कर सकती थी। कई बार लगता है कि उसे दोबारा करूँ लेकिन अब जीवन में उतना समय बचा ही कहाँ है। मैं मानती हूँ कि जितना एक लेखक एक कृति रचने में समय लगाता है, उससे ज़्यादा समय अनुवादक को लगता है। विषयवस्तु अलग होती है, भाषा अलग होती है तथा अभिव्यक्ति भी अलग होती है। लेखक ने जिस तरह अपनी बात रखी है, अनुवादक का यह प्रयास होता है कि चाहे वह चोला भले न पकड़े पर आत्मा तक ज़रूर पहुँच जाए। अनुवाद में शाब्दिकता से कहीं ज़्यादा मूल कृति के भावात्मक तत्त्व की रक्षा होनी चाहिए। पिछले चालीस वर्षों तक

अपनी ही गुजराती और मराठी से अनूदित कहानियों को पढ़कर ऐसा लगता है कि मैंने अपेक्षित न्याय नहीं किया।

मैं यह भी मानती हूँ कि जैसे अंग्रेज़ी रचनाओं में मुख्यपृष्ठ पर लेखक का नाम और नीचे अनुवादक का नाम होता है वैसे ही हिंदी कृतियों में भी होना चाहिए। उन्हें भी वही सम्मान मिलना चाहिए। उनके मानदेय में बढ़ोतरी होनी चाहिए। किसी लेखक द्वारा पात्रों की मन:स्थिति को जिस भाव और भाषा से अभिव्यक्त किया गया है, ठीक वही भाव दूसरी भाषा में उतारना कठिन है। शाब्दिक अनुवाद में प्राण-प्रतिष्ठा नहीं होती। अनुवाद केवल शब्दों का नहीं अपितु संवेदनाओं का भी होता है। तुम्हारे अनुवाद से भी पाठक यही अपेक्षा करेंगे।

दिव्या : साहित्य और संस्कृति को हाशिए तक पहुँचाने में, जिनका हाथ रहा है, उन्हें हम आप पहचानते तो हैं लेकिन साहित्य की सत्ता और सार्थकता पर बहस कम होती जा रही है। आपके अनुसार आज साहित्य की समाज में क्या भूमिका है ?

चित्रा मुद्गल : साहित्य की समाज में बहुत बड़ी भूमिका है। जैसा कि मैंने कहा संवेदनाओं के हनन का ज़िम्मेदार हमारा आज का पाठ्यक्रम है चाहे जितनी भी तकनीकी विज्ञान की पढ़ाई हो, उसमें साहित्य की पढ़ाई भी आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है। जब हम यह मानने लगते हैं कि तकनीकी शिक्षा के छात्रों को साहित्य की

आवश्यकता नहीं, वहीं हम ग़लती करते हैं। हम इसका दुष्प्रभाव समझ नहीं पाते। हम विज्ञान पढ़कर एक बहुत बड़ा वैज्ञानिक तो देश को दे सकते हैं पर समाज को अच्छा बेटा नहीं दे सकते। साहित्य हमें सिखाता है कि अपने कर्तव्यों का कैसे मानवीय संवेदना के साथ निभाना चाहिए। बड़े से बड़ा शोधकर्ता भी जब अपनी शोध की दुनिया से बाहर निकले तो वह अपने समाज एवं परिवेश से पूरी आत्मीयता से जुड़ पाए। भाषा तो हम रोबोट को भी सिखा सकते हैं परंतु भावनाओं से केवल इंसान ही जुड़ पाते हैं। तात्पर्य यह कि रोबोट न पैदा किए जाएँ। जैसी स्थिति अमेरिका-जैसे देशों में है वैसी यहाँ न हो। मेरी कहानी 'पेंटिंग अकेली है' में इसी तरह भावनाओं की कमी दिखाई गई है। उसमें भी बड़ी 'कैलकुलेटिव' माँ दिखाई गई है। ऐसी दुर्दशा हमारे देश की नहीं होनी चाहिए और इसे भावविहीन होने से साहित्य बचा सकता है। इसलिए समाज में साहित्य का होना और उसका बचा रहना बहुत आवश्यक है।

अफ़सोस की बात है कि यह भाषा की विपन्नता का दौर है। रवीन्द्रनाथ की कविता पढ़कर हम संवेदनाओं से ओत-प्रोत हो जाते हैं। केदारजी की वह कविता पंक्ति मुझे आज भी याद है -- 'धान उगेंगे, प्राण उगेंगे, उगेंगे हमारे खेत में'।

दिव्या : अगर आप अपने *गिलिगडु* उपन्यास को अगर दोबारा लिखें तो क्या ऐसा कोई महत्त्वपूर्ण अंश या प्रसंग रह गया है, जिसका आप उल्लेख करना चाहेंगी या उसे बदलना चाहेंगी ?

चित्रा मुद्गल : इस उपन्यास में मैं एक पंक्ति तक नहीं बदल सकती। पहले इस उपन्यास की 450 पृष्ठों की पांडुलिपि थी। इसका तीसरा ड्राफ़्ट तैयार कर मैंने प्रकाशन के लिए भेजा था। मैं इस उपन्यास में एक अंश में कोई भी फेर-बदल नहीं करना चाहूँगी। 'आवाँ' की बात और थी। हालाँकि उसके भी छः ड्राफ़्ट बने थे। मेरा अगला उपन्यास *नालासोपारापो.बॉक्सनं.203* चर्चा में है, पर उस पर कभी बाद में बात होगी। *गिलिगडु* भी ऐसा ही उपन्यास है, जिसका कोई पात्र-प्रसंग या कोई अंश मैं बदलना नहीं चाहूँगी। क़तई नहीं।

पाँचवाँ-अध्याय

उपसंहार

साहित्य जीवन का अभिन्न अंग है। किसी भी राष्ट्र या समाज की संस्कृति और सभ्यता की जानकारी, उसके साहित्य से प्राप्त होती है। संस्कृत के आचार्यों के अनुसार, साहित्य का अर्थ है - ''हितेन सह सहित तस्य भव:'' - अर्थात् कल्याणकारी भाव के साथ रचा हुआ। साहित्य केवल मनुष्य के मनोरंजन मात्र के लिए ही नहीं रचा जाता इसका मुख्य उद्देश्य समाज का समुचित मार्गदर्शन करना भी है। मानव के विचार उसकी समकालीन परिस्थितियों से प्रभावित होते हैं। वह उन्हीं विचारों को साहित्य के रूप में रचता है और फिर वही साहित्य उसकी विचारधारा को गतिशीलता प्रदान करता है। यह बात स्पष्ट है कि मानव की विचारधारा में परिवर्तन लाने का कार्य, साहित्य से अच्छा और कोई नहीं कर सकता है।

हिंदी साहित्य का इतिहास अत्यंत विस्तृत एवं प्राचीन है। लेकिन प्राचीन साहित्य के विषय भी, फिर चाहे वह कविता हो या कोई पद्यबद्ध रचना, वह प्रमुख रूप से धर्म, नीति, उपदेश आदि पर ही केन्द्रित रही हैं।

स्वतंत्रता के पश्चात् जब हिंदी देश की राष्ट्रभाषा बनी, उस समय साहित्य की सभी विधाओं में रचनात्मक कृतियाँ सृजित हो रही थीं। साथ ही, भारतीय एवं कई विदेशी भाषाओं से हिंदी में अनुवाद कार्य हो रहे थे। हिंदी की भी कई कृतियाँ उन भाषाओं में अनूदित हो रही थीं। अनुवाद का इतिहास भी साहित्य जितना ही पुराना है। दो विभिन्न संस्कृतियों या सभ्यताओं को परस्पर जुड़ने के लिए अनुवाद की आवश्यकता पड़ती है। आज विश्व-ग्राम 'ग्लोबल विलेज़'-जैसी अवधारणा अनुवाद के बिना संभव नहीं। कुछ विचारकों का तो यह निश्चित मत है कि साहित्य की किसी कलात्मक कृति का अनुवाद संभव नहीं है। कविता विधा का अनुवाद तो अपराध, यहाँ तक कि 'पाप' बताया गया। लेकिन अनुवादक यह 'अपराध' या 'पाप' करता रहा है।

सामान्य व्यवहार में जिसे अनुवाद माना जाता है, वह वास्तव में दूसरी कृति है। भाषा, समाज, संस्कृति और अनुवाद आपस में जुड़े हुए है। भारत-जैसे प्राचीन एवं परंपरागत देश और इससे संबद्ध बृहत्तर समाज में जहाँ भाषाओं का वैविध्य है, वहाँ संस्कृतियों का आदान-प्रदान, परस्पर समुदायों का मेलजोल एवं प्रभावात्मकता का होना स्वाभाविक है। ऐसे में अनुवाद कर्म एक संस्कृति को दूसरी संस्कृति और जीवन शैली से परिचित करवाता है।

आज का समय भूमंडलीकरण एवं वैश्वीकरण का समय है। सूचना क्रांति के युग में यह और भी अनिवार्य हो जाता है कि प्रस्तावित समाज

का उचित परिदृश्य लोगों के सामने आए। साहित्य को इतिहास और दर्शनशास्त्र से अधिक महत्त्वपूर्ण इसलिए माना जाता है क्योंकि साहित्य केवल प्राचीन गड़े हुए तथ्यों को ढूँढ़ने या दोहराने का नाम नहीं है। सार्थक साहित्य केवल आदर्शवादी एवं काल्पनिक स्वप्न नहीं गढ़ता, वह सही राह भी दिखाता है। सच्चे साहित्य में इन दोनों का समावेश होता है। जब ऐसी किसी साहित्यिक कृति अनूदित होती है तो वह एक संस्कृति को दूसरी संस्कृति से जोड़ने एवं जागृति लाने का कार्य करती है। इसलिए अनुवाद को सामाजिक एवं संस्कृति का सेतु मानना कोई अतिशयोक्ति नहीं है। सामाजिक संस्कृतियों यह अंतर जहाँ एक ओर अनुवाद यात्रा को मनोरंजक बनाता है, वहीं दूसरी ओर यह अंतर अनुवाद को चुनौतीपूर्ण भी बनाता है। विशेषकर तब, जब अनुवाद हिंदी भाषा से किसी विदेशी भाषा में हो रहा हो। आज विश्व में लगभग डेढ़ सौ से अधिक देशों में क़रीब दो-ढाई करोड़ भारतीय बसे हुए हैं। विदेशों में चालीस से अधिक देशों से अधिक विश्वविद्यालयों और सैंकड़ों स्कूलों में हिंदी पढ़ाई जा रही है। इस तरह भारतीय सभ्यता तथा यहाँ का सामाजिक एवं सांस्कृतिक पक्ष भी विदेशों तक पहुँच रहा है। इस सांस्कृतिक आदान-प्रदान में अनुवाद की बहुत बड़ी भूमिका है और ज़िम्मेदारी भी।

अनुवाद एक भाषा के स्वर, स्वरूप और स्वभाव को दूसरी भाषा में ढालता है। एक भाषा के साहित्य का किसी दूसरी भाषा में अनुवाद

शब्दशः होना अनिवार्य नहीं है लेकिन उसमें पर्याय या प्रचलन के अभाव में कुछ शब्दों को मूल रूप में भी स्वीकार किया जाता है ताकि उसकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में कोई अंतर न आए। उदाहरण के लिए, रिपोर्ट का रपट होना, अलेक्ज़ेंडर का सिकंदर बनना, एरिस्टोटल का अरस्तु तथा रिक्रूट का रंगरूट में बदल जाना स्वाभाविक ही है और अब प्रचलित भी।

भारत में ऐसे कई प्रसिद्ध अनुवादक हुए हैं, जिन्होंने भारतीय सभ्यता और संस्कृति को विदेशों तक पहुँचाया है। भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, महावीर प्रसाद द्विवेदी, श्रीधर पाठक, रामचन्द्र शुक्ल, प्रेमचंद, जैनेन्द्र कुमार, राजेन्द्र यादव, भीष्म साहनी, राजकमल चौधरी, विष्णु खरे आदि के महत्त्वपूर्ण अवदान को इस दिशा में प्रमुखता से रेखांकित किया जाता है। इन्होंने कई भारतीय भाषाओं से हिंदी में अनुवाद किया है। इनके द्वारा रचित एवं विभिन्न भाषाओं से अनूदित रचनाओं ने सामाजिक चेतना लाने का कार्य किया। लेकिन यह अनुवाद प्रक्रिया तब और भी चुनौतीपूर्ण बन जाती है जब यह अनुवाद विदेशी भाषा में किया जाना हो। उसमें व्याकरणिक इकाइयों -- लोकोक्ति, मुहावरे आदि शब्द, वाक्य, पदबंध के साथ दो अलग-अलग संस्कृतियों के परस्पर अनुवाद की भी चुनौती सामने आती है। एक संस्कृति की मूल अवधारणाओं को दूसरी भाषा में प्रामाणिक तौर पर ढालना एक सृजनात्मक प्रक्रिया और महत्त्वपूर्ण उपक्रम है।

प्रस्तुत शोध में प्रस्तावनानुसार चित्रा मुद्गल द्वारा हिंदी में लिखित *गिलिगडु* उपन्यास का अंग्रेज़ी अनुवाद और भाषिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक विश्लेषण किया गया है।

शोध प्रबंध के प्रथम अध्याय में चित्रा मुद्गल द्वारा उनके संपूर्ण हिंदी उपन्यास *गिलिगडु* का अंग्रेज़ी अनुवाद किया गया है। मूल उपन्यास की भाषा प्रवाहमयी है तथा इस भाषा में उत्तर प्रदेश की बोलियों – अवधी और बैसवाड़ी – तथा दक्षिण भारतीय संस्कृति का मिश्रण मिलता है। हालाँकि इस उपन्यास का मराठी, उर्दू आदि भाषाओं में अनुवाद हो चुका है लेकिन अंग्रेज़ी अनुवाद अभी तक नहीं हुआ है। प्रयास यह किया गया है कि अंग्रेज़ी (लक्ष्य भाषा) में उक्त उपन्यास का पंक्तिशः अनुवाद प्रामाणिक एवं रोचक ढंग से किया जाए।

शोध का दूसरा अध्याय, उपन्यास *गिलिगडु* के अंग्रेज़ी अनुवाद में आनेवाली समस्याओं की चर्चा है। हिंदी के साथ इसमें अवधी और स्थानीय (बैसवाड़ी) बोली के मुहावरे और लोकोक्तियाँ सम्मिलित हैं। अंग्रेज़ी में अनुवाद करते समय सबसे बड़ी समस्या मूल भाषा (स्रोत भाषा – हिंदी) के सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य को दूसरी (लक्ष्य) भाषा में पूरी सटीकता के साथ प्रस्तुत करना था। उक्त उपन्यास में तेरह दिनों की कहानी कही गई है। इसमें यह दो बुज़ुर्गों और उनके अपने ही बच्चों द्वारा की गई

प्रताड़ना का मार्मिक विवरण है। इन संवेदनशील पात्रों के स्वभाव और संबद्ध प्रसंगों के साथ भारतीय परिवेश से जुड़ी मानसिकता का पर्याप्त ध्यान रखा गया है।

प्रस्तुत शोध प्रबंध के तीसरे अध्याय में उपन्यास का भाषिक विश्लेषण किया गया है। दो भाषाएँ (मूल एवं स्रोत भाषा), जिनका सांस्कृतिक परिवेश अलग-अलग है, उन्हें लक्ष्य भाषा में अनूदित करते हुए एक सीमा तक भाषिक सरलता बनाए रखी गई है लेकिन दो भिन्न या विषम समाजों एवं संस्कृतियों के पाठकों की भाषा को - यानी लक्ष्य भाषा अंग्रेज़ी में अनूदित करना अनुवादक के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती हो जाती है। उक्त हिंदी उपन्यास का अंग्रेज़ी में अनुवाद करते हुए इस बात का पर्याप्त ध्यान रखा गया है कि अनावश्यक शब्दजाल में फँसकर कृति संवेदना-शून्य न हो जाए। अनूदित रचना को अल्पानुवाद या अत्यानुवाद से सर्वथा सुरक्षित रखने का प्रयास किया गया है।

शोध प्रबंध का चौथा अध्याय उपन्यास का सामाजिक एवं सांस्कृतिक विश्लेषण है। वर्तमान समय और समाज में लगातार बदलते मूल्यों और जीवन शैली के चलते किस प्रकार बच्चे बड़े होकर माँ-बाप को भूलते चले जाते हैं और अपना दिनचर्या में व्यस्त हो जाते हैं। यह उपन्यास उन सभी मानवीय त्रासदी का बयान है।

अंत में, सम्मानित लेखिका चित्रा मुद्गल जी से लिया गया साक्षात्कार भी संलग्न किया गया है, ताकि पाठक वर्ग उपन्यास में निहित मूल्यों एवं संवेदनाओं से परिचित हो सके। लेखिका ने स्पष्ट किया कि नई पीढ़ी संवेदन-शून्य होती जा रही है और इसी चिंता ने उन्हें यह उपन्यास लिखने के लिए विवश किया। चित्रा मुद्गल ने उक्त उपन्यास द्वारा समकालीन यथार्थ के संकट को व्यंजित किया है। इनके उपन्यासों में भूमंडलीकरण की काफ़ी चर्चा होती है। आज़ादी के बाद हमारी संस्कृति और हमारे मूल्यों में काफ़ी परिवर्तन आया है। *गिलिगडु* उपन्यास में जिन दो वृद्धों की कथा वर्णित है उनकी पत्नियाँ गुज़र चुकी है। उनसे उपजी जटिल सामाजिक परिस्थितियाँ एवं वृद्ध पीढ़ी से संबद्ध विषम समस्याएँ पाठकों के मन में गहरी वेदना एवं मानवीय संवेदना उत्पन्न करती है। धान और सुविधाएँ जुटाने के अतिमोह में आजकल की व्यस्त संतान माता-पिता को अनुपयोगी मान उनकी अवहेलना तो करते ही हैं, साथ ही उनकी हत्या तक करने से भी गुरेज़ नहीं करते।

गिलिगडु एक प्रतीकात्मक उपन्यास है। यह वस्तुतः एक मलयाळम् शब्द 'किलकिल' से लिया गया है, जिसका वास्तविक अर्थ 'चिड़िया' है। यह उपन्यास एक फ़ैंटसी - कल्पना का जाल बुनता है, जिसमें एक सुख-सुविधा संपन्न संयुक्त परिवार दिखाया है। अंत में, वह फ़ैंटसी

चिड़िया के घोंसले की तरह तिनका-तिनका बिखर जाता है। आज की भूमंडली दौड़ और होड़ तथा मशीनी युग में, संयुक्त परिवार में स्वीकृत पुरानी मूल्य-मर्यादाएँ, मान्यताएँ, संवेदनाएँ एवं संस्कार आदि अवधारणाएँ अपनी महत्ता खो चुकी हैं। बढ़ती बाज़ार (बाज़ारू) संस्कृति ने मनुष्य को एक उत्पाद (प्रोडक्ट) में तब्दील कर दिया है। मनुष्य का महत्त्व इस बात पर निर्भर करता है कि उसका कितना उपभोग हो सकता है।

किसी भी परिवार में, माता-पिता को अपनी संतान की सबसे ज़्यादा आवश्यकता तब होती है जब वह वृद्ध और अशक्त हो जाते हैं। लेकिन आज की संतान अपनी व्यस्त जीविका के चलते माता-पिता को बोझ समझने लगे हैं। भारतीय संस्कृति में बुढ़ापा पहले सम्मान का सूचक था। वह अभिशाप नहीं था। लेकिन बदलते समय ने उन मूल्यों को ढहा दिया है। उक्त उपन्यास की विषयवस्तु मूल्यों को हनन एवं क्षरण से जुड़ी है। चूँकि इसकी विषयवस्तु अत्यंत गंभीर है तो उसका अंग्रेज़ी अनुवाद करते हुए यह विशेष ध्यान रखा गया है कि विषय की गंभीरता शब्दजाल में फँस कर कम न हो। साथ ही, यह उपन्यास समाज का वह दोहरा चरित्र भी सामने रखता है, जिसकी व्यक्ति अपनी सुविधानुसार अनदेखी करता है। मानवीय मूल्यों की कमी को समय की कमी के स्वांग से ढकना चाहता है। अपनी आत्मकेन्द्रीयता को अपनी ज़िम्मेदारियों का नाम देता है।

चित्रा मुद्गल के पात्रें की निर्मिति भी पाठक वर्ग को आत्म विश्लेषण के लिए बाध्य कर देती है। उपन्यास के मुख्य रूप से दो पात्र हैं - बाबू जसवंत सिंह और कर्नल स्वामी। बाबू जवसंत सिंह अपनी पत्नी की मृत्यु के बाद कानपुर छोड़ दिल्ली आ जाते हैं। यहाँ वे अपने पुत्र और पुत्रवधू की अनदेखी ही नहीं झेलते, अवेहलना भी सहते हैं। उन्हें खाना तक वक़्त पर नहीं मिलता तथा बात-बात पर उनका अपमान किया जाता है। जब कि दूसरी ओर कर्नल स्वामी का परिवार आदर्श परिवार प्रतीत होता है। उनके तीनों बेटे-बहुएँ तथा पोतियाँ कात्यायनी और कुमुदनी (गिलिगडु) उनसे बहुत प्रेम आदर करते हैं। लेकिन बाद में पता चलता है कि यह आदर्श परिवार का स्वप्न कर्नल स्वामी ने अपने जीवनकाल में ही एक सुंदर भ्रम के रूप में रचा था। उनका पुत्र उन्हें मारता था। पुत्रवधू अपने संगीत गुरु के साथ भाग गई थी। उनकी पौत्रियाँ हॉस्टल में रहती थीं। इसलिए कर्नल स्वामी जीवन में पूरी तरह से अकेले रह गए थे। यहाँ तक कि उनके अंतिम दिनों में भी उनके साथ कोई नहीं होता। उनकी मृत्यु पर भी उनके बेटे नहीं आए थे। बस्ती के बच्चे, जिन्हें कर्नल स्वामी पढ़ाया करते थे, वही सब उनकी मृत्यु पर उनकी अपनी संतानों से ज़्यादा रोते-बिलखते रहे। यह दु:स्थिति हमारे आधुनिक समाज पर बहुत बड़ा प्रश्न खड़ा करती है। भारतीय सभ्यता पाश्चात्य संस्कृति की नंगी नक़ल करने में

इतनी व्यस्त हो गई है कि उसे अपनी कमज़ोर होती जड़ें भी दिखाई नहीं दे रहीं। यह जानते हुए कि मशीनी दौड़ में हम अपनी सारी मानवीय संवेदनाएँ खोते जा रहे हैं और अगर व्यक्ति ने इस ख़ालीपन से अंततः समझौता कर लिया तो कोई संबंध शेष नहीं रहेगा और न बचेगा। आज का व्यक्ति न अपने माता-पिता का है, न अपने बच्चों को अपनापन दे पा रहा है। वास्तव में स्वयं के लिए ही उसके पास समय नहीं बचा है।

बाबू जसवंत की भी ऐसी ही दयनीय स्थिति के शिकार होते हैं। न तो वह किसी से बात कर सकते हैं और न ही अपने अकेलेपन का दुःख किसी से साँझा कर सकते हैं। उक्त उपन्यास के काल्पनिक पात्रों को वास्तविक जीवन से जोड़ना कोई अतिशयोक्ति नहीं है। लेखिका ने अपने साक्षात्कार में बताया है कि ये पात्र पूरी तरह काल्पनिक नहीं बल्कि वह वास्तविक जीवन में कर्नल स्वामी से मिल चुकी हैं। लेखिका स्वयं भी कई एन.जी.ओ. का हिस्सा रह चुकी हैं। उपन्यास में नोएडा, दिल्ली के सेक्टर 55 स्थित उस वृद्धाश्रम की चर्चा है, जिसमें बाबू जसवंत सिंह को उनका पुत्र नरेन्द्र भेजना चाहता है। उसी वृद्धाश्रम का ब्यौरा देते हुए लेखिका कहती है कि अगर आज आश्रम में पाँच स्थान ख़ाली होते हैं, तो पाँच हज़ार निवेदन-पत्र जमा होते हैं।

स्पष्ट है, इस उपन्यास में एक साथ कई समस्याएँ उठाई गई हैं। चाहे वह विघटित होते मूल्य हों, दलित एवं ग़रीबों से जुड़ी समस्याएँ हो, राजनीतिज्ञों द्वारा समाज को प्रलोभित कर लूटने की समस्या हो या मानवीय संबंधों का मशीनीकरण। इस उपन्यास में लेखिका ने समाज पर जो व्यंग्य और तंज कसे हैं, वे हमें विचलित कर देते हैं। व्यक्ति अब अपने सगे-संबंधियों से ज़्यादा घर के जानवरों को अहमियत देता है। टॉमी बाबू जसवंत सिंह के पुत्र नरेन्द्र के घर का पालतू जानवर है। उपन्यास में उसका भी एक महत्त्वपूर्ण किरदार है। घर में टॉमी की पसंद-नापसंद का पूरा ख़याल रखा जाता है। टी.वी. के कार्यक्रम तक उसकी मर्ज़ी के लगाए जाते हैं। बाबू जसवंत सिंह आरंभ में ही बताते हैं कि पुत्र ने दिल्ली आते ही उन्हें टॉमी को सुबह टहलाने की ज़िम्मेदारी दे दी। वे सोचते हैं कि उनके पुत्र ने उन्हें किसी काबिल तो समझा। बाबू जसवंत सिंह शुरू में टॉमी को ले जाने से परेशान होते हैं। लेकिन जब वह बीमार होते हैं और अस्पताल में दाख़िल हो जाते हैं तो उनके घर आने पर सबसे ज़्यादा ख़ुशी टॉमी को ही होती है।

मलय-निलय (बाबू जसवंत सिंह के पोते) मशीनी बच्चे से प्रतीत होते हैं। उन्हें न तो अपने घर से सरोकार है न घरवालों से। वे अपने मशीनी उपकरणों और अपने मित्रों में ख़ुश हैं। माता-पिता भी ख़ुश है कि

बच्चे अपना जन्मदिन घर मे न मना कर मित्रों के साथ मनाना चाहते हैं। वह अपने ऊपर किसी प्रकार की ज़िम्मेदारी नहीं लेना चाहते। बड़ों को उनकी पार्टी में आने की मनाही है।

उपन्यास के पात्रों को बड़ी ही गहनता से गढ़ा गया है। यह कहानी हमारी सामाजिक व्यवस्था पर सीधा कटाक्ष करती है। इसमें दर्शाया है कि किस प्रकार एक जानवर अपने मालिक के प्रति ईमानदार हो सकता है लेकिन वे बच्चे, जो जीवनभर अपने माता-पिता से केवल सुविधा प्राप्त करते रहे, उनके अशक्त होने पर उन्हें छोड़ देते हैं। वह केवल उसी से संबंध रखना चाहते हैं, जिनसे उनका कोई फ़ायदा हो।

उपन्यास में पारिवारिक संबंधों पर कटाक्ष तब भी दिखता है जब बाबू जसवंत सिंह कहते हैं कि नरेन्द्र ने विदेश में रह रहे मित्रें के साथ बेहतर पत्र-व्यवहार बनाया हुआ है। इससे नरेन्द्र की रिश्तों की खोखली समझ दिखाई देती है। वह नहीं जानता कि उसके अपने ही घर में रह रहे उसके पिता क्या महसूस कर रहे हैं। लेकिन कोसों दूर बैठे उसके मित्रें के साथ उसने अच्छा संबंध स्थापित किया हुआ है।

यहाँ विचारणीय विषय यह है कि यह स्वार्थी प्रवृत्ति, समाज को किस दिशा में लेकर जा रही है। आदर्शों का पालन आज की पीढ़ी को पिछड़ापन लगता है। वह भूल चुकी है कि आदर्श समाज की संरचना

मूल्यों के बिना संभव नहीं। व्यावहारिकता समाज में अनिवार्य है लेकिन मूल्यविहीन समाज कभी भी बहुत देर तक नहीं टिक सकता। यहाँ स्वामी विवेकानंद के कथन को उद्धृत किया जा सकता है : --

"That Society is greatest, where the highest truth become practical, That is my opinion and if society is that fit for the highest truth, make it so and the sooner the better".

-- Swami Vivekananda and social Change

उक्त हिंदी उपन्यास के अंग्रेज़ी अनुवाद के पीछे सबसे बड़ा उद्देश्य यही है कि इसमें अंतर्भुक्त समस्याएँ उस पाठक वर्ग या समाज के उस हिस्से तक भी पहुँचे, जो इन समस्याओं से पूरी तरह अनभिज्ञ है। ये कटु तथ्य समाज के बहुत ही संवेदनशील समस्याओं से संबंध रखते हैं। यही कारण है कि आज समाज का हर वर्ग इन समस्याओं से जूझ रहा है। लेखिका ने इस उपन्यास में केवल समस्याओं से जूझ रहे और उनसे हताश हुए कमज़ोर चरित्रों का वर्णन नहीं किया बल्कि उनके संघर्ष और प्रतिरोध की चर्चा भी की है। यह समस्याओं के समाधान भी प्रदान करता है।

यंत्रवत् बननेवाले मनुष्य में आदर एवं स्नेह की उष्मा नष्ट होने के कारण वर्तमान समय में सामूहिक चेतना का भी हनन हुआ है। उपन्यास में संकेतित समाधान समाज के पारंपरिक तरीक़ों से भिन्न है। उपन्यास के अंत में बाबू जसवंत सिंह अपनी सारी संपत्ति, अपने घर में काम कर रही

सुनगुनिया और उसके बच्चों के नाम कर देते हैं। वे अपनी मृत्यु के क्रिया-कर्म का अधिकार तक अपने पुत्र तक को नहीं देते। वे क़ानूनी तौर पर अपनी संपत्ति से नरेन्द्र को बेदख़ल कर देते हैं। समकालीन समय में आधुनिक समाज को ऐसे ही झटके की आवश्यकता है। आज का युवा वर्ग पिता की संपत्ति से को अपना जन्मसिद्ध अधिकार मानता है लेकिन उनके प्रति ज़िम्मेवारियों से मुख मोड़ लेता है। जो भारतीय समाज बड़ों के प्रति आदर-सम्मान का परिचायक था, उसी समाज में आज वृद्धाश्रम और अनाथाश्रम की संख्या लगभग बराबर होने को है। सवाल है कि बुज़ुर्गों का दायित्व किन पर है। बच्चों का, समाज का या सरकार का। हमारे समाज की परंपरागत संरचना जिस तरह की रही है उसमें माता-पिता स्वभावत: अपनी वृद्ध आयु में संतान पर निर्भर हो जाते हैं। सरकार या निजी प्रतिष्ठानों द्वारा वृद्धाश्रम तो खोल दिए गए हैं लेकिन उनमें मिलनेवाली सुविधाएँ नाम मात्र की ही होती हैं। वृद्धों के अपने अधिकारों के लिए उन्हें कचहरी के चक्कर भी काटने पड़ते हैं, जिसकी क्षमता उनके दुर्बल शरीर में नहीं होती।

निष्कर्षत: प्रस्तुत शोध-कार्य द्वारा चित्रा मुद्गल लिखित *गिलिगडु* उपन्यास के अनुवाद से अंग्रेज़ी पाठक वर्ग को उनके कथा-संसार से परिचित होने का अवसर मिलेगा। साथ ही, आज की विषम परिस्थितियों की जानकारी भी उन तक पहुँचेगी। इस उपन्यास का अंत समाज की

कड़वी सच्चाई सामने ले आता है। शोध के दूसरे भाग में उपन्यास के विश्लेषण में सामाजिक समस्याओं का मानवीय संवेदनाओं के साथ समन्वय बिठाया गया है। यह उपन्यास हमारे समाज में वृद्धों की दयनीय स्थिति को बड़ी गहराई से उजागर करता है। इस उपन्यास को अंग्रेज़ी पाठकों तक पहुँचाना इसलिए भी आवश्यक था क्योंकि गाँव के मुक़ाबले इस समस्या से आज का शहरी मनुष्य ज़्यादा ग्रस्त है। आधुनिकता की दौड़ में शहरी लोग अपनों से ही दूर हो रहे हैं। यह समस्या केवल हमारे देश तक ही सीमित नहीं है। लेखिका ने अपने साक्षात्कार में एक घटना भी सुनाई -- जब वह लंदन में एक वृद्धाश्रम में गई थी, तब वह वहाँ मिसिज़ थेम्स से मिली थी, जो वह काफ़ी वृद्ध थीं। वे अपने जन्मदिन पर सज-धज कर अपने पुत्र का इंतज़ार कर रही थीं। उस वृद्धाश्रम में सुख-सुविधाओं का कोई अभाव नहीं है। लेकिन उस वृद्धा के चेहरे पर भी वही उदासी थी जो यहाँ किसी अस्सी वर्ष की महिला, जिसको उसके बच्चों ने त्याग दिया हो, के चेहरे पर दिखती है। आज के अधिकतर माता-पिता आर्थिक रूप से तो सक्षम होते हुए भी अपनी संतान से केवल आदर सम्मान पाने की अपेक्षा रखते हैं। आज की संतान के पास पारिवारिक संवेदनाओं के लिए न तो स्थान है और न समय। इस सबका सबसे बड़ा कारण हमारी शिक्षा प्रणाली और जीवन शैली का है। हम स्वयं

अपने बच्चों को इस तरह खेल खिला रहे हैं। इस प्रकार की शिक्षा दे रहे हैं, जिसमें मानवीय संवेदनाओं और आत्मीय संबंधों तक के लिए तनिक भी जगह नहीं।

इसी तरह समकालीन समय में अन्य विषयों के मुक़ाबले मातृभाषा को ज़्यादा महत्ता नहीं दी जाती। विज्ञान के छात्रों को साहित्य की भाषा छोड़ने की छूट है। जब आधुनिक पीढ़ी से उनकी अभिव्यक्ति की भाषा ही छीन ली जाए तो उनसे संवेदनाओं की अपेक्षा करना मूर्खता होगी।

आजकल की शिक्षा पद्धति मनुष्य को विचारशील नहीं बना रही है। यह केवल मानव को परस्पर प्रतिस्पर्धी बनाकर अधिकाधिक अंक लाने की होड़ पैदा कर रही है। लेखिका ने अपने साक्षात्कार में भी पीढ़ियों के इस टकराव तथा संवेदनाओं के हनन का मुख्य कारण वर्तमान शिक्षा प्रणाली को ही माना है। उनके अनुसार सबसे पहले हमें वर्तमान शिक्षा प्रणाली का प्रतिरूप बदलने की आवश्यकता है क्योंकि केवल शिक्षा प्रणाली ही किसी भी राष्ट्र अथवा समाज में सामाजिक नियंत्रण, व्यक्तित्व निर्माण तथा सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति का मापदंड होती है। जिस तीव्र गति से भारत के सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक परिदृश्य में बदलाव आ रहा है, उसे देखते हुए यह आवश्यक है कि हम देश की शिक्षा

प्रणाली को भारतीय पृष्ठभूमि, इसके नैतिक मूल्यबोध के साथ वर्तमान की चुनौतियों तथा संकट पर गहन अवलोकन करें।

वास्तव में, समाज को जिस प्रकार की शिक्षा मिलेगी, वैसी ही उसके मूल्यों की संरचना होगी और वह मूल्य समाज के आधारभूत ढाँचे पर प्रभाव डालेंगी फिर चाहे वह पुलिस हो, प्रशासन के साधन हों या फिर राजनीति हो।

उक्त उपन्यास सब इन सभी मानवीय एवं सामाजिक पहलुओं को छूता है तथा नई पीढ़ी पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को दर्शाता है। इसमें दो नहीं, बल्कि तीन-तीन पीढ़ियों के परस्पर टकराव को दिखाया है। मलय और निलय अपने दादा के पास कहानियाँ सुनने या उनके अनुभवों से कुछ भी सीखने में कोई दिलचस्पी नहीं लेते। उन्हें इंटरनेट से ज़्यादा जल्दी और आसानी से जवाब मिल जाते हैं। वह अपने माता-पिता से भी ज़्यादा बात नहीं करते। वहाँ नरेन्द्र को अपने पिता के लिए समय नहीं है। वस्तुतः इस होड़ा-होड़ी में हर कोई दौड़ में अकेला है। उसके पास ठहर कर इन संवेदनाओं को महसूस करने का भी समय नहीं है। उपन्यास के पात्र कर्नल स्वामी का एक विधवा महिला अणिमा दास से पत्र-व्यवहार चल रहा होता है तथा वह उससे दोबारा विवाह करने की भी सोचते हैं। भारतीय समाज का मनुष्य अपनी जड़ों से तो अलग हो ही गया है लेकिन सामाजिक

रूढ़ियों के बोझ तले अब भी दबा हुआ है। इस अकेलेपन के घेरे से निकलने के लिए परंपराओं का तोड़ना अनैतिक नहीं है। उपन्यास द्वारा इसी संदेश को लेखिका ने भी अंत में दिया है। बाबू जसवंत सिंह अपनी सारी संपत्ति उनके घर में काम कर रही महिला सुनगुनिया तथा उसके बच्चों के नाम कर देते हैं। हालाँकि यह सब सामाजिक परंपराओं के विरुद्ध है लेकिन लेखिका यह सवाल उठाती है कि क्या ख़ुशहाली के साथ रहने के बजाए अकेली मौत मरना सही है।

गिलिगडु उपन्यास हमारी सामाजिक व्यवस्था पर कई सारे प्रश्न खड़ा करता है, जो पाठकों को विचलित करने के लिए पर्याप्त है। उक्त उपन्यास की भाषा शैली प्रश्नात्मक होने के साथ-साथ व्यंग्यात्मक भी है। लेखिका समाज की व्यावहारिकता पर गहरे कटाक्ष करती है। उन्होंने प्रसंगानुसार पात्रों के संवाद से यह जताया है कि जो कुछ आज की पीढ़ी कर रही है, वह चाहे आदर्शों के अनुरूप न हो लेकिन व्यावहारिकता की दृष्टि से कहीं भी कमज़ोर नहीं है। आज समाज भावात्मकता के स्तर पर नहीं, उपयोगिता के आधार पर अपनी ज़रूरतें तय कर रहा है। जिसकी जितनी उपयोगिता है समाज में उसकी उतनी ही महत्ता है। इसलिए इस तेज़ी से बदलते और विकृत होते समय की यह आवश्यकता है कि हम अपनी पीढ़ी को पुस्तकों के ज्ञान से पहले मानवीय सरोकार और नैतिक

मूल्यों का ज्ञान दें ताकि हम देश में सफल वैज्ञानिकों के साथ-साथ अच्छे नागरिक भी पैदा करें। नहीं तो वह दिन दूर नहीं कि इस मशीनी युग में मनुष्य भी मशीन मात्र बनकर रह जाएगा।

उपन्यास का अंग्रेज़ी अनुवाद प्रस्तुत करते हुए और अनुवादपरक समस्याओं को समझते और उनसे जूझते हुए, जो समाधान मिले, उन पर संबंधित अध्यायों में विचार किया गया है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

संदर्भ ग्रन्थ सूची (Bibliography)

(क) प्राथमिक स्रोत (Primary Source)

आधार ग्रंथ

चित्रा मुद्गल, *'गिलिगडु'*

(ख) सहायक ग्रंथ

1. अय्यर, एन. ई. विश्वनाथ, *व्यावहारिक अनुवाद*, प्रतिष्ठा प्रकाशन, दिल्ली
2. अय्यर, एन. ई. विश्वनाथ, *अनुवाद कला*, प्रतिभा प्रकाशन, दिल्ली
3. कुमार, सुरेश, *अनुवाद सिद्धान्त की रूपरेखा*, 1986, वाणी प्रकाशन, दिल्ली
4. खरे विष्णु (सं.), *स्वप्न और यथार्थ का सृजन शिखर*, 2006 उद्भावना, दिल्ली
5. गुप्त, गार्गी, कुसुम अग्रवाल (सं.), *अनुवाद सूक्तियाँ*, भारतीय अनुवाद परिषद्, नई दिल्ली
6. गुप्त, आर. एस., *1400 से अधिक लोकोक्तियाँ एवं मुहावरे*, 2014
7. गोस्वामी, कृष्ण कुमार, *अनुवाद विज्ञान की भूमिका*, 2008, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली
8. जैन, वृषभ प्रसाद, *अनुवाद और मशीनी अनुवाद*, 1995, सारांश प्रकाशन, नई दिल्ली

9. टंडन, पूरनचंद, *हिन्दी, प्रयोजनमूलक हिन्दी और अनुवाद*, 2012, किताब घर, नई दिल्ली

10. टंडन, पूरनचंद, *अनुवाद साधना*, 2007, अभिव्यक्ति प्रकाशन, दिल्ली

11. तिवारी, भोलानाथ, *अनुवाद विज्ञान*, 1972, शब्दकार, दिल्ली

12. तिवारी, भोलानाथ, *अनुवाद विज्ञान : सिद्धान्त एवं प्रविधि*, 2011, आर्य प्रकाशन मण्डल, दिल्ली

13. तिवारी, भोलानाथ, महेन्द्र चतुर्वेदी (सं.), *काव्यानुवाद की समस्याएँ : साहित्य का अनुवाद*, 1983, शब्दकार, दिल्ली

14. तिवारी, भोलानाथ, जितेन्द्र गुप्त, *पत्रकारिता में अनुवाद की समस्याएँ*, 2010, आर्य प्रकाशन मण्डल, दिल्ली

15. दूबे, महेन्द्रनाथ, *अनुवाद कार्यदक्षता, भारतीय भाषाओं की समस्याएँ*, 2006, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली

16. द्विवेदी, देवीशंकर, *भाषा और भाषिकी*, 1993, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली

17. द्विवेदी, राजेन्द्र, *भाषाशास्त्र का पारिभाषिक शब्दकोश*, 1963, आत्मा राम एंड संस, दिल्ली

18. नगेन्द्र, *अनुवाद विज्ञान, सिद्धान्त एवं अनुप्रयोग*, 1993, हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय, दिल्ली

19. नगेन्द्र एवं जय नारायण कौशिक (सं.), *भारत के प्रसिद्ध अनुवादक*, 2004, कला मन्दिर, दिल्ली

20. पाण्डेय, हेमचन्द्र, *भाषा स्वरूप और संरचना*, 2015, ग्रंथलोक, नई दिल्ली

21. पालीवाल, रीता रानी, *अनुवाद प्रक्रिया*, 1982, साहित्य निधि, दिल्ली

22. भारद्वाज, मैथिली प्रसाद, *शोध प्रविधि*, 2005, आधार प्रकाशन, हरियाणा

23. रावत, चन्द्रभान (सं.), *अनुवाद : अवधारणा और अनुप्रयोग*, 1988, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली

24. लियोन्स, जोन, *सैद्धान्तिक भाषा विज्ञान*, 1972, मुंशीराम मनोहरलाल, नई दिल्ली
25. वनजा, के., *चित्रा मुद्गल : एक मूल्यांकन*, 2011, सामयिक बुक्स, दिल्ली
26. वाशिष्ठ, सरिता, *भाषा विज्ञान*, 2014, कल्पना प्रकाशन, दिल्ली
27. शर्मा, राजमणि, *आधुनिक भाषा विज्ञान*, 1996, वाणी प्रकाशन, दिल्ली
28. शर्मा, रामविलास, *भाषा और समाज*, 2002, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली
29. शास्त्री, चक्रधर नौटियाल 'हंस', *अनुवाद चन्द्रिका*, 1992, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली
30. शास्त्री, चक्रधर नौटियाल 'हंस', *बृहद् अनुवाद चन्द्रिका*, 1961, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली
31. शास्त्री, सूर्यदेव, *मनोभाषिकी*, 1973, बिहार हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, पटना
32. श्रीवास्तव, रविन्द्रनाथ, *भाषा शिक्षण*, 1992, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली
33. सिंह, सूरजभान, *अंग्रेजी-हिन्दी अनुवाद व्याकरण*, 2006, प्रभात प्रकाशन, दिल्ली
34. सिंहल, सुरेश, पूरनचन्द टण्डन, अशोक भाटिया (सं.), *अनुवाद अनुभूति और अनुभव*, 2006, संजय प्रकाशन, नई दिल्ली

अंग्रेजी पुस्तकें

1. Angelelli, Claudia V, Brian James Baer, *Researching Translation And Interpreting*, 2015, Routledge, Newyork, USA.
2. Aneta Pavlenko (Ed.), *Multilingualism, second Language Learning And Gender*, 2001, De Gruyter. Newyork.
3. Baker, Mona, *In Other Words, A Coursebook On Translation*, 2002, Routledge Taylor And Francis Group, London And Newyork.
4. Bassnet, Susan, Andre' Lefevere, *Constructing Cultures, Essays On Literary Translation*,1998, Cromwell press,UK
5. Bassnet, Sussan, *Reflections On Translation*, 2011, Multilingual Matters, Toronto.

6. Bassnett, Sussan, Andre Lafevere (Ed.), *Translation, History And Culture*, 1996, Cassell Willington House, London
7. Bassnet, Susan, *Translation Studies*, Fourth Edition, 2004, Routledge, Taylor And Francis Group, London, And Newyork.
8. Bellos, David, *Is That A Fish In Your Ear, Translation And Meaning Of Everything*, 2011, Farrar, Straus and Giroux, US.
9. Barnstone, Willis, *The Poetics Of Translation-History, Theory, Practice,* 1993, Yale University Press, New Haven, USA.
10. Bermann, Sandra And Michael Wood, *Nation, Language And Ethics Of Translation*, 2005, Princeton University Press, UK.
11. Boase, Jean, Beier, *Stylistic Approaches To Translation,* 2006, Routledge Taylor And Francis Group, London And Newyork.
12. Boase, Jeane, Beier, *A Critical Introduction Of Translation Studies*, 2011, Continuum International Publishing Group, London.
13. Catford, J C, *A Linguistic Theory of Translation,* London, OUP, 1965
14. Catford, J.C, *A Linguistic Theory Of Translation*, Oxford University Press, UK
15. Chesterman, Andrew, Emma Wagner, *Can Theory Help Translators? - A Dialogue between Ivory Tower And Wordface*, 2002, St Jerome Publ, UK.
16. Chomsky, Naom, *Aspects Of The Theory Of Syntax*, 2014, MIT Press, Cambridge, London.
17. Chomsky, Naom, *Language And The Mind*, 2006, Cambridge University Press, London.
18. Cook, Vivian, David Singleton, *Key Topics In Second Language Acquisition*, 2014, MM Textbooks, Toronto.
19. Das, Bijay Kumar, *A Handbook Of Translation Studies*, 2013, Atlantic Publishers(p), Delhi
20. Delabastita, Dirk (Ed.), *A Topical Bibliography of Translation And Interpreation*, Benjamin Publishing House, Amsterdam.

21. Deutscher, Guy, *The Unfolding Of Language*, 2005, Arrow Books, UK.
22. Edwards, John, *Multilingualism, Understanding Lingual Diversity*, 2012, Bloomsbury Publishing, London.
23. Erikson, H Erik, *Identity : Youth And Crisis*, 1994, WW Norton, USA.
24. Esch, Edith Harding, Philip Riley, *The Bilingual Family*, 2003, Cambridge University, London.
25. Frosh, S, *Identity Crisis*,1991, Macmillan, USA
26. Gargesh, Ravinder & K. K. Goswami (eds), *Translation & Interpreting* (Reader & workbook) New Delhi, orint Lonhman, 2007
27. Gambier Yuves, Luc Van Doorslaer (Ed.), *Handbook Of Translation Studies*, John Benjamins publishing Company, Amsterdam
28. Gentzler, Edwin, *Contemporary Translation Theories*, 2003, Cromwell Press, UK.
29. Gillies, Andrew, *Note Taking For Consecutive Interpreting-A Short Course*, 2014, Rotledge, Newyork, USA.
30. Grossman, Edith, *Why Translation Matters*, 2010, Yale University press, New Haven, USA.
31. Guest Editor : Delabastita, Dirk, *The Translator, Studies in Intercultural Communication*, 1996, Routledge, Newyork.
32. Hatim, Basil, Ian Mason, *The Translator Or Communicator*, 2005, Routledge Taylor And Francis Group, London And Newyork.
33. Hornberger, Nancy H, Sandra Lee Mckay (Ed.), *Sociolinguistics And Language Education*, 2010, Multilingual Matters, Toronto.
34. House, Juliane, *Translation Quality Assessment, Past and Present*, 2015, Rotledge, New york
35. Jones, Rodrick, *Conference Interpreting Explained*, 2014, Routlodge, USA

36. Kenney, Françoise Massardier, Brian James Baer, Maria Tymoczko (Ed.), *Translators Writing, Writing Translators*, 2016, Kent State University Press.
37. Lakoff, George, Mark Johnson, *Metaphors We Live By*, 2008, University Of Chicago Press, Chicago.
38. Lawrence, Venuti, *The Translator's Invisibility, A History Of Translation*, Second Edition, 2008, Routledge Taylor And Francis Group, London And Newyork.
39. Lefevere, Andre, *Translation, Rewriting And The Manipulation Of Literary Fame*, Routledge Taylor And Francis Group, London And Newyork.
40. Maher, John C, *Multilingualism : A Very Short Introduction,* Oxford University Press, London.
41. Malmkjer, Kristen, Kevin Windle, *The Oxford Handbook Of Translation Studies, Oxford Handbook In Linguistics*, 2011, OUP, Oxford.
42. Marais, Kobus, *Translation theory And Development Studies : A Complexity Theory Approach*, 2014, Routledge, Newyork.
43. Munday, Jeremy, *Introducing Translation Studies, Theories And Applications*, 2013, Routledge, Newyork, USA
44. Munday, Jeremy, *Introducing Translation Studies, Theories And Application,* Third Edition, 2012, Routledge Taylor And Francis Group, London And Newyork.
45. Myers, Caro-Scotten, *Multiple Voices, An Introduction To Bilingualism*, 2005, Blackwell Publishing, USA
46. M Lakshmi, *Problems of Translations,* Bookhind Corporation, Hyderabad, 1993
47. Naida, E. A. & C. Taper, *The theory & practice of translation Leiden*, EJ Brell, 1979
48. Newmark, Peter, *Approaches To Translation, Language Teaching Methodology Series*,1st Edition,1980, Pergamon, UK.
49. Newmark, Peter, *A Textbook Of Translation*, 1998, Prentice Hall International, UK.

50. Palumbo, Giuseppe, *Key Terms In Translation Studies*, 2009, Continuum International publishing group, London.
51. Pradhan, Raam Prakash, *Glimpses Of Comparative Literature,* 2011, Atlantic Publishers And Distributors Ltd.
52. Pym, Anthony, *Exploring Translation Theories*, 2014, Routledge, Newyork
53. Quah, C.K, *Translation And Technology*, 2006, Palgrave Macmillan, USA.
54. Quest for Identity, *Grappling for the Literary self in the diaspara, 'Hindi, discourse & writing,* Vol. Issue 2
55. Rosman, Abraham, Paula G. Rubel, *Translating Cultures*, 2003, Bloomsbury publishing, London.
56. R Raghunath Rao, *The Art of translation,* Bookhind Corporation, Hyderabad, 1990
57. Salama, Myriam-Carr (Ed.), *Translation And Interpreting Conflict*, 2007, Rodopi, USA
58. Saldanha, Sharon O' Brien, *Research Methodology In Translation Studies,* 2014, Routledge Taylor And Francis Group, London And Newyork.
59. Shastri, Prastima Dave, *Fundamental Aspects Of Translation*, 2012, PHI Learning Private Limited. Delhi
60. Snell, Mary, Hornby, *Translation Studies, An Integrated Approach,*1995, John Benjamin Publishing, Amsterdam.
61. Swvory, Theodre, *The Art of Translation,* London, Cape, 1957
62. Tokuhama, Tracy, Espinosa, *Living Languages, Multilingualism Across The Lifespan*, Greenwood Publishing Group, Westport, USA.
63. Toury, Gideon, *Descriptive Translation Studies And Beyond*, 2012, John Benjamin's Publishing, AmsterDam.
64. Toury, Gideon, *Descriptive Translation And Beyond*, 2012, John Benjamin Publishing, Amsterdam.
65. Trevidi, H. C., *Problems in Linguistic & Cultural Translation,* Ahmedabad, New Order Book Depot, 1971

66. Tyelenev, Sergey, *Translation And Society*, 2014, Routledge, Newyork, USA.
67. Taylor, Valerie, Bouladon, *Conference Interpreting, Principles And Practice*, 2007, Book Surge, South Carolina, US.
68. Venuti, Lawrence, *The Scandals Of Translation, Towards An Ethics Of Difference*, 2002, Routledge, London And Newyork.
69. Venuti, Lawrence, *Translation Changes Everything, Theory And Practice,* 2013, Routledge Taylor And Francis Group, London And Newyork.
70. Williams, Jenny, *Theories Of Translation*, 2013, The Palgrave Macmillan, UK.

सहायक शब्दकोश

1. *अंग्रेजी हिन्दी कोश,* फादर कामिल बुल्के, एस. जे. एस., चान्द एण्ड कंपनी लिमिटेड, 2011
2. *Oxford Hindi English Dictionary*, Edited by R.S.M.C. Ciegor, Oxford University Press, March, 1983
3. *हिन्दी शब्दकोश,* डॉ. हरदेव बाहरी, राजपाल एण्ड सन्स, 2009
4. *Oxford Hindi English Dictionary,* Edited by S. K. Verma & R. N. Sahai, Oxford University Press, March, 2003, Nov. 2009
5. *Concise Oxford English Dictionary,* Edited by Cathesini Soanes & Angus Stevenson, Eleventh editions (Revised in 2006)
6. *Oxford Hindi English Dictionary,* Edited by Dr. Suresh Kumar & Dr. Ramnath Sahai, 20th empression, July 2011

Websites

1. https://scotbuzz.blogspot.in/2017/05/blog-post_21.html
2. https://www.youtube.com/watch?v=oAURl0UYdvY
3. https://www.youtube.com/watch?v=ndztW0RYBgA
4. https://www.youtube.com/watch?v=RfDzFkwNYXE
5. https://www.youtube.com/watch?v=JzIuL3tX0xY
6. https://www.youtube.com/watch?v=oAURl0UYdvY

7. https://www.youtube.com/watch?v=F--2PFnvkig
8. https://www.youtube.com/watch?v=_SDYqdx5s4M
9. https://www.youtube.com/watch?v=_ah65Y7FbZA
10. https://www.youtube.com/watch?v=hCUMVN2r4OE
11. https://www.youtube.com/watch?v=WisPFiWgBLE
12. https://www.youtube.com/watch?v=WisPFiWgBLE
13. https://www.youtube.com/watch?v=WisPFiWgBLE
14. https://www.youtube.com/watch?v=WisPFiWgBLE
15. https://www.youtube.com/watch?v=WisPFiWgBLE
16. https://www.youtube.com/watch?v=WisPFiWgBLE
17. https://www.youtube.com/watch?v=WisPFiWgBLE
18. https://www.youtube.com/watch?v=WisPFiWgBLE
19. https://www.youtube.com/watch?v=erRbzFuOiQs
20. https://www.youtube.com/watch?v=tNAo7Ocbzu0
21. https://www.youtube.com/watch?v=stlpQeYxguM
22. https://www.youtube.com/watch?v=cBZ1m1cAd6I
23. https://www.youtube.com/watch?v=qFJeWlkkF64
24. http://www.guide2india.org/basic-rules-of-translation-in-hindi-tips/
25. https://www.youtube.com/watch?v=hMhcgmr136Q
26. https://www.youtube.com/watch?v=1VNwPM8whSc
27. http://nirvachan.blogspot.in/2017/03/blog-post_6.html
28. http://prayaslt.blogspot.in/2009/11/blog-post_8550.html
29. http://www.swargvibha.in/aalekh/all_aalekh/anuwaad_vidya.html
30. https://translate.google.com
31. http://en.bab.la/dictionary/hindi-english/
32. https://en.wikipedia.org/wiki/Chitra_Mudgal
33. http://dict.hinkhoj.com/
34. http://shodhganga.inflibnet.ac.in/handle/10603/29852
35. http://pustak.org/books/bookdetails/5656